रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 13 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 95 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

* *

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	34.4	27.8
जमशेदपुर	34.5	25.0
डालटनगंज	34.3	25.1

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

सीएम हेमंत ने 1500 पीजीटी शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र, दी विपक्ष को चुनौती

आइए कर लेते हैं डिबेट

विशेष संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन प्रभात तारा मैदान में 1500 पोस्ट ग्रेजुएट प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा. शुक्रवार को इस कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा और केंद्र पर खू हमला बोला. उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा, इसी प्रभात तारा मैदान में आप 18 साल बनाम साढ़े चार साल पर डिबेट करवा लें, पता चल जाएगा कि क्या काम हुआ है.

उन्होंने एचईसी का जिक्र करते हुए कहा,कभी यहां पर 30 हजार से अधिक कर्मी काम करते थे. उनकी जीविका चलती थी. आज इसकी हालत क्या कर दी. हम चाह कर भी अधिक कुछ करने की स्थिति में नहीं हैं. हां, अगर केंद्र सरकार एचईसी को हमें सौंप दे, तो हम इसे चलाकर दिखा देंगे. साथ ही हजारों लोगों को नौकरी भी दे देंगे.

इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बैद्यनाथ राम, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह , राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे.

इतनी गहरी साजिश रची कि मुझे 5 महीने जेल में रहना पड़ा : हेमंत ने कहा कि 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ हमारी सरकार बनी. सरकार ने काम-काज संभाला भी नहीं था कि कोरोना आ गया. हालात इतने खराब थे कि सड़क पर ही मां अपने बच्चों को जन्म देने को विवश हो गयी. राज्य में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था की हालत बहुत ही खराब थी. इसके बाद भी हमारी सरकार ने अफरा-तफरी मचने नहीं दिया. न केवल लोगों को लाया गया बल्कि उनके लिए जीवन और जीविका दोनों का ख्याल रखा. झारखंड पूरे देश में इकलौता राज्य बना जिसने उस दौर में ऑक्सीजन सप्लाई दूसरे प्रदेशों में की. कोरोना खत्म होते ही विपक्ष के लोगों ने सरकार के खिलाफ साजिशें शुरू कर दी. इनती गहरी साजिश रची कि मुझे पांच महीने जेल में रहना पड़ा. न्यायालय ने मुझे पाक-साफ करके बाहर निकाला. मगर फिर से मेरे खिलाफ इनकी उछल-कूद शुरू हो गयी है मगर हम भी तैयार हैं.

शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव : मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में बदलाव लाना है तो हर व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है. शिक्षा से सोच बदलती है. यह आगे बढ़ने का राह दिखाती है. इसी वजह से हमारी सरकार शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बना रही है.हमारी सरकार ने 80 स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस खोले हैं.यहां निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था है. इन स्कूलों की संख्या और बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है. हमारी कोशिश है कि सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार का अंतर नहीं रहे.

आने वाली पीढ़ी के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी देंगे : मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकारी विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं. उसी तरह यहां की आने वाली पीढ़ी को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी दे रहे हैं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी एक्सीलेंट रिजल्ट दे सके. मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों से कहा कि आप अपने को इस रूप में तैयार करें कि आपकी पहचान एक्सीलेंट टीचर के रूप में हो.

पीजीटी शिक्षकों के नियुक्ति पत्र बांटते सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रास सांसद महुआ माजी व अन्य.

बोले सीएम

- इसी प्रभात तारा मैदान में करा लें डिबेट 18 साल बनाम साढ़े चार साल पर
- केंद्र हमें एचईसी सौंप दे, हम चलाकर, लोगों को रोजगार देकर दिखा देंगे
- कोर्ट द्वारा पाक-साफ निकलने पर ये लोग कर रहे उछल-कूद, मगर हम भी तैयार

साढ़े चार वर्षों में लिए कई ऐतिहासिक निर्णय

सीएम ने कहा, हमारी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐसे निर्णय लिए हैं. जो राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं. झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जो आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा का पूरा खर्च दे रहा है. सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की. 10वीं-12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को यह कार्ड दिया जाएगा. इसके जरिए वे 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन आसानी से ले सकेंगे. बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है. इंजीनियरिंग मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने तथा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग सरकार दे रही है. हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना का तोहफा सरकारी कर्मियों को दिया. वहीं, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर समाज के कमजोर और वंचित लोगों को मजबूत बनाने का कार्य क्या है.

स्वरोजगार के लिए भी आर्थिक मदद

मुख्यमंत्री कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यहां के युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे हैं. अब तक हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं. यह सिलसिला जारी है. निजी संस्थानों और कंपनियों में 60 हज़ार से ज्यादा युवाओं को जॉब दिलाने का काम किया है. जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है.

झारखंड के युवा देश-विदेश में भी कार्यों से मनवा रहे लोहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं के कौशल विकास पर सरकार का विशेष जोर है. यहां विभिन्न माध्यम से युवाओं के हुनर को निखारने के साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है. आज यहां के हुनरमंद युवा देश के साथ विदेशों में भी अपने कार्यों से हर किसी का दिल जीत रहे हैं.

स्थानीय और जनजातीय भाषा की जानकारी रखें, करें संवाद

मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जनजातीय और स्थानीय भाषाओं की काफी अहमियत है ऐसे में एक बेहतर शिक्षक के रूप में स्थापित होने के लिए आपको स्थानीय भाषाओं की जानकारी बेहद जरूरी है. इतना ही नहीं, बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ स्थानीय भाषाओं में भी संवाद करें, जिससे आत्मीय लगाव की भावना पनपेगी, जो इस राज्य की भाषा, संस्कृति परंपरा को अक्षुण्ण और आगे बढ़ाने में कारगर होगा.

केंद्र सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन



देश में अब 25 जून को मनेगा

संविधान हत्या दिवस

एजेंसी। दिल्ली

केंद्र सरकार ने इमरजेंसी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है. सरकार ने देश में 25 जून इमरजेंसी लागू करने के दिन को अब संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है. केंद्र सरकार ने देश में 25 जून 1975 को लगी इमरजेंसी को लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंटने वाला दिन बताया है. सरकार का कहना है कि यह दिन उनके योगदान की याद दिलाएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल का दर्द झेला है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी.

- **शाह ने ट्वीट में कहा- देश में आपातकाल लगा लोकतंत्र की आत्मा का घोंटा था गला**
- **नोटिफिकेशन में कहा- इमरजेंसी में संघर्ष करने वालों लोगों को श्रद्धांजलि**

उन्होंने ट्वीट में लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगा कर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था. लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज दबा दी गई. भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है. यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था.

उन्होंने आगे लिखा, पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की यातनाओं का सामना करके लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया. संविधान हत्या दिवस हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा.

4 जून मोदी मुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा: कांग्रेस

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है, जबकि पीएम मोदी ने 2014 से 2024 के बीच अघोषित आपातकाल लगाया हुआ था. पार्टी नेता जयराम रमेश ने यह भी कहा कि 4 जून, 2024 का दिन इतिहास में मोदी मुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा. रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नॉन-बायोलॉजिकल पीएम द्वारा पाखंड में सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने लोगों द्वारा 4 जून को निजी, राजनीतिक और नैतिक हार होने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था. मोदी, जिनके वैचारिक परिवार ने नवंबर,1949 में संविधान को खारिज किया था कि यह मनुस्मृति से प्रेरणा नहीं लेता है. मोदी एक ऐसे पीएम हैं, जिनके लिए डेमोक्रेसी का मतलब केवल डेमो-कुर्सी है.

सरकार ने जारी किया गजट : शाह ने सरकार की तरफ से जारी गजट नोटिफिकेशन की प्रति भी पोस्ट की है. गजट में गृह मंत्रालय की तरफ से 11 जुलाई को जारी अधिसूचना का जिक्र है. '25 जून, 1975 को आपातकाल की घोषणा हुई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरूपयोग किया और लोगों पर अत्याचार किए. और जबकि, लोगों को भारत के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास है इसलिए, सरकार ने आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरूपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है और लोगों को, भविष्य में, सत्ता के घोर दुरूपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया है.'

एंडरसन ने 704 विकेट के साथ लिया संन्यास

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई.

-खेल पेज भी देखें

सर्राफा

सोना (बिक्री)	69,100
चांदी (किलो)	97,000

ब्रीफ खबरें

झारखंड के अगले चीफ जस्टिस रामचंद्र राव होंगे

रांची। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचंद्र राव झारखंड हाईकोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया है, जिस पर राष्ट्रपति की मुहर लगना बाकी है. झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी इसी वर्ष 20 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं.

2060 तक 1.7 अरब हो जाएंगे हम लोग

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी.

स्मृति ईरानी के खिलाफ न करें भद्दे कमेंट : राहुल गांधी

एजेंसी। नयी दिल्ली

अमेठी से चुनाव हारने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर भद्दे कमेंट करने वालों को नेता विपक्ष राहुल गांधी ने नसीहत दी है. राहुल गांधी ने एक्स पर लोगों से ऐसा न करने के लिए कहा है.

राहुल ने लिखा कि हार-जीत जीवन में लगी रहती है. मैं सभी से आग्रह करता हूं कि स्मृति जी या किसी अन्य के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई अपमानजनक या भद्दी टिप्पणी न की जाए. किसी का अपमान करना या किसी को नीचा दिखाना यह शक्तिशाली होने का नहीं कमजोर होने का प्रदर्शन करना है. किसी को भी ऐसा नहीं करना चाहिए. राहुल गांधी की इस नसीहत की लोग तारीफ कर रहे हैं.

> **X नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा- हार-जीत लगी रहती है लेकिन संयम रखना जरूरी है**

स्मृति पर हो रहे थे भद्दे कमेंट : बता दें कि भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने 2019 के लोस चुनाव में राहुल को अमेठी से हरा दिया, जिसके बाद से वह कांग्रेस के निशाने पर हैं. अब जब अमेठी में ईरानी को हार का सामना करना पड़ा, तो कांग्रेस नेताओं के यह शब्दों के तीर और भी ज्यादा पैने हो गए. कांग्रेस नेताओं ने उनको घमंडी और न जाने क्या- क्या कहा.

हालांकि स्मृति ईरानी भी लगातार संसद के अंदर और बाहर गांधी के परिवार पर कई बार बार अभद्र टिप्पणियां करने के साथ उन्हें धमकियां भी देती रही हैं. राहुल के इस बयान पर कई दलों के नेताओं ने सराहा है. हालांकि भाजपा ने इसे कपटपूर्ण बताया है.

कास्ट पॉलिटिक्स पर भड़के नितिन गडकरी, बोले- जो करेगा जाति की बात

उसको मारूंगा कसकर लात...

एजेंसी। नागपुर

देश में जाति को लेकर समय-समय पर बयानबाजियां होती रही हैं. जातिवाद पर सियासत भी होती रही है. इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कास्ट पॉलिटिक्स को लेकर एक कार्यक्रम में भड़क गए.

गडकरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की पॉलिटिक्स हो रही है. मैं जात-पात को नहीं मानता. जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कसकर लात. उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 40 फीसदी मुसलमान हैं. मैंने उनको पहले ही कहा है, मैं आरएसएस वाला हूं. मैं हाफ चड्डी वाला हूं. किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना ना पड़े. जो वोट देगा, मैं उसका काम करूंगा और जो नहीं देगा, मैं उसका भी काम करूंगा.

महाराष्ट्र में इस साल होने हैं चुनाव : महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं. विधानसभा का कार्यकाल इस साल 26 नवंबर को खत्म हो जाएगा. अक्टूबर-नवंबर में यहां की 288 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे. पिछले चुनाव में भाजपा को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं. हालांकि, चुनाव के बाद शिवसेना एनडीए से अलग हो गई और उसने एनसीपी-कांग्रेस के साथ मिल कर सरकार बना ली.

शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने. जून 2022 में शिवसेना में आंतरिक कलह हो गई. इसके बाद एकनाथ शिंदे ने पार्टी के 40 विधायकों को तोड़ दिया. एकनाथ शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए. अब शिवसेना दो गुटों में बंट चुकी है. शरद पवार की एनसीपी भी दो गुट- शरद पवार और अजित पवार में बंट गई है. शरद पवार ने हाल में दावा किया है कि महाराष्ट्र में इस साल चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एनसीपी (एसपी) कांग्रेस शिवसेना (ठाकरे गुट)) 225 सीटें जीतेगी.

ईडी मामले में केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत

- **सीएम को हाईकोर्ट की शर्तों के आधार पर ही किया जाएगा रिहा**
- सीबीआई मामले में दिल्ली कोर्ट ने 25 तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए शुक्रवार का दिन मिला जुला रहा. एक तरफ सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम बेल दे दी, वहीं दिल्ली की एक अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी. नतीजा शीर्ष कोर्ट से राहत के बावजूद केजरीवाल जेल से रिहा नहीं होंगे. सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को अंतरिम बेल दे दी.

ईडी के मामले में बेल मिलने के बाद भी केजरीवाल बाहर नहीं आएंगे. इसकी वजह है कि सीबीआई ने कथित घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया है. जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को बड़ी बेंच के पास भेज दिया. कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को 10 मई के आदेश की शर्तों के अनुसार अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाएगा.

सीएम पद छोड़ने पर खुद करें फैसला : कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि अंतरिम बेल को बढ़ाया जा सकता है या बड़ी बेंच की तरफ से वापस लिया जा सकता है. बेंच के पास मामले में उठने वाले कुछ कानूनी सवालों को भेजा गया है. उल्लेखनीय रूप से, बेंच इस बात को लेकर अनिश्चित थी कि क्या वह विधिवत निर्वाचित केजरीवाल को सीएम पद से इस्तीफा देने का निर्देश दे सकती है. उसने यह निर्णय आप प्रमुख पर छोड़ दिया कि वे इस पर निर्णय लें.

बढ़ी न्यायिक हिरासत : सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ घंटे बाद ही दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की तरफ से दर्ज मामले में सीएम की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी है. 55 वर्षीय केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था, जबकि वह अपने खिलाफ ईडी के मामले में न्यायिक हिरासत में थे. सीबीआई ने केजरीवाल पर रद हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ी गड़बड़ियों में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक होने का आरोप लगाया है.

नहीं आएंगे जेल से बाहर गिरफ्तारी को चुनौती वाली अर्जी को अब बड़ी बेंच सुनेगी

रिहाई की क्या-क्या शर्तें

- अंतरिम रिहाई की अवधि के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे.
- **वह जेल सुपरिटेंडेंट की संतुष्टि के लिए 50,000 की राशि के जमानत बांड और उतनी ही राशि का जमानतदार देंगे.**
- वह अपनी ओर से दिए गए इस कथन से बाध्य होंगे कि वह सरकारी फाइलों पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेंगे जब तक कि यह दिल्ली के एलजी की मंजूरी/अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवश्यक न हो.
- **वह दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में अपनी भूमिका के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे.**
- वह किसी भी गवाह से बातचीत नहीं करेंगे या मामले से जुड़ी किसी भी आधिकारिक फाइल तक पहुंच नहीं रखेंगे.

सचेत हुई सरकार | अग्निवीर मामले पर काम कर गया नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का तगड़ा प्रेशर

उतारने पड़े तीन आईपीएस, अब बेरोजगारी पर होगा वार

एजेंसी। नयी दिल्ली

संसद में राहुल गांधी ने, जिस तरह से अग्निवीर भर्ती का मुद्दा उठाया, उसके बाद से ही केंद्र सरकार बड़ी सक्रियता दिखा रही है. लोस चुनाव के दौरान व उससे पहले भी राहुल ने सेना भर्ती की अग्निपथ योजना का विरोध किया था. हालांकि तब सरकार की तरफ से उनके बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आती थी.

कांग्रेस नेता इस बात को मानते हैं कि राहुल द्वारा अग्निपथ में कमियां गिनाए जाने के बाद सरकार बैकफुट पर है.पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी मानते हैं कि यह राहुल का ही प्रेशर रहा है कि अग्निवीर के पक्ष में सरकार को रक्षा मंत्री, सैन्य अधिकारी और तीन केंद्रीय बलों के आईपीएस डीजी उतारने पड़ गए. राहुल कह चुके हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार में इस योजना को खत्म कर देंगे. अब राहुल ने युवाओं से जुड़ा दूसरा मुद्दा भी उठा लिया है. वे आगामी संसद सत्र में बेरोजगारी का एपिसेंटर तोड़ते हुए नजर आएंगे. इस पर वे न केवल केंद्र, बल्कि भाजपा शासित राज्यों की सरकारों को भी घेरेंगे.

अब चेती है केंद्र सरकार : कर्नल रोहित चौधरी का कहना है, लोकसभा में राहुल के प्रेशर ने काम किया. उसके बाद सरकार चेती है. खुद रक्षा मंत्री को सामने आना पड़ा. अग्निवीर भर्ती हुए 13 शहीदों में से केवल 5 को क्षतिपूर्ति राशि का कुछ हिस्सा मिला था. जब राहुल ने अग्निवीर से जुड़ा मुद्दा उठाया, तो उसके बाद से शहीदों के परिजनों के पास सरकार की तरफ से फोन आ रहे हैं. केंद्र सरकार हरकत में आई है. सभी शहीदों के आश्रितों को एक करोड़ की मुआवजा राशि दी जा रही है. चौधरी ने कहा, रक्षा मंत्री ने अधूरी जानकारी दी. वह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का मामला नहीं था, बल्कि अब तक शहीद हुए 13 अग्निवीरों का मामला है.

राहुल का अगला मुद्दा बेरोजगारी : अग्निपथ योजना पर विवाद के बीच केंद्र ने एक साथ तीन आईपीएस डीजी उतार दिए. सीआरपीएफ, बीएसएफ और सीआईएसएफ के डीजी ने बयान जारी किया. कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ में सिपाही के 10%पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित किये हैं. अग्निवीरों को केंद्रीय पुलिस बलों में नौकरी भी मिलेगी. उन्हें फिजिकल टेस्ट में छूट दी जाएगी. कांग्रेस का मानना है कि इसी तरह अब राहुल, बेरोजगारी का मुद्दा उठाएंगे. इसकी बानगी आगामी संसद सत्र में देखने को मिल सकती है. खुद राहुल गांधी ने ट्वीट में लिखा, बेरोजगारी की बीमारी भारत में महामारी का रूप ले चुकी है. भाजपा शासित राज्य, इसका एपिसेंटर बन गए हैं.

राहुल ने लोकसभा में उठाया था मुद्दा

राहुल गांधी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अग्निवीर सहित कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था. उन्होंने कहा, अग्निवीर, लैंडमाइन ब्लास्ट में शहीद होता है, तो मैं उसे शहीद कह रहा हूं, मगर भारत सरकार उसे शहीद नहीं कह रही है. एक शहीद को पेंशन और शहीद का दर्जा भी मिलेगा, दूसरे को यह सब नहीं मिलेगा. हालांकि रक्षा मंत्री र ने राहुल की इस बात पर कहा था कि वे गलत बयानबाजी कर रहे हैं. राहुल गांधी ने अग्निवीरों को सेवा के दौरान ग्रेच्युटी के अलावा अन्य लाभ न मिलने और उनके परिवार को पेंशन से वंचित करने की आलोचना की थी.

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने दिया कैंप लगाकर आधार की जानकारी जुटाने का निर्देश

स्कूलों ने नहीं दी 'आधार' की जानकारी : 11.46 लाख बच्चों को कैसी मिलेगी छात्रवृत्ति व ड्रेस

ब्यूरो। रांची

झारखंड सरकार राज्य स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को छात्रवृत्ति व ड्रेस समेत अन्य योजनाओं की राशि बैंक खाते में उपलब्ध कराती है. लेकिन स्थिति यह है कि सरकार के लिए 11.46 लाख बच्चों को बैंक में राशि उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती बन गयी है. इसकी वजह यह है कि इन बच्चों के आधार कार्ड की जानकारी स्कूलों ने उपलब्ध नहीं करायी है.

इतना ही नहीं, 9.25 लाख बच्चों का आधार कार्ड वैलिडेट ही नहीं किया गया है. इन दोनों कामों की जिम्मेदारी स्कूलों की है. लेकिन स्कूलों ने गड़बड़ी कर दी, जिससे यह परिस्थिति पैदा हुई है. बच्चों के एकाउंट में सही वक्त पर पैसे पहुंच जाए, इसके लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि स्कूलों में कैंप लगा कर बच्चों के आधार कार्ड की जानकारी जुटायी जाये. जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, कैंप लगाकर उनका आधार कार्ड बनवाया जाये. सरकार ने साढ़े तीन लाख बच्चों का आधार कार्ड बनवाने का लक्ष्य जिलों के शिक्षा पदाधिकारियों को दिया है. जानकारी के मुताबिक बच्चों के नाम, माता-पिता का नाम, क्लास, आधार कार्ड, बैंक एकाउंट आदि की जानकारी के लिए भारत सरकार ने यू-डायस तैयार किया है. स्कूल प्रबंधन को यू-डायस पर सभी बच्चों की जानकारी अपडेट करनी होती है. इसके साथ ही सभी तरह की जानकारियों को वैलिडेट करने के लिए आधार कार्ड से जोड़ा जाता है. लेकिन स्कूलों ने इस काम को सही तरीके से नहीं किया. यही वजह है कि 9.25 लाख बच्चों का आधार कार्ड वैलिडेट ही नहीं हो पाया है और 11.46 लाख बच्चों के आधार कार्ड की जानकारी ही सरकार को नहीं मिल पायी है.

ड्रॉप आउट बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का होगा प्रयास

- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान से मदद ली जाएगी
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का लिंक जारी किया जाएगा

रांची। झारखंड में बड़े पैमाने पर स्कूली छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी है. 15 से 18 साल के ऐसे ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से पढ़ाई से जोड़ने के लिए स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने योजना तैयार की है. ऐसे बच्चों को दोबारा पढ़ाई शुरू करने के लिए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एनआइओएस) से मदद ली जाएगी. ऐसे बच्चों को 27 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा. कक्षा-तीन, पांच, आठ, 10 व 12वीं के छात्रों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का लिंक जारी किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने ड्रॉप आउट बच्चों को लेकर केंद्र सरकार को जो जानकारी भेजी है, उसमें 7,25,365 बच्चों के बारे में जानकारी नहीं है. झारखंड सरकार ने यह नहीं बताया है कि ये बच्चे अभी क्या कर रहे हैं. इसे लेकर सरकार ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ड्रॉप आउट बच्चों का स्टेटस अपडेट किया जाये. जानकारी के मुताबिक न्यू डाइस 2023-24 के आंकड़े के अनुसार राज्य में ड्रॉप आउट बच्चों की कुल संख्या 8,24,039 है. इनमें से 20,339 बच्चों ने बिना ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) लिए ही स्कूल आना बंद कर दिया. जबकि 1,23,196 बच्चों ने टीसी लेकर स्कूल छोड़ा है.

राज्य के 104 स्कूलों में एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है : बच्चे स्कूलों से दूर हो रहे हैं, यह समझने के लिए यह आंकड़ा ही काफी है. राज्य के 104 स्कूलों में एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है. इसमें रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर, गुमला, पलामू, कोडरमा, सिमडेगा, हजारीबाग खूंटी समेत 18 जिला शामिल हैं. अब शिक्षा विभाग यह समीक्षा कर रही है कि इन स्कूलों को चलाया जाये या बंद कर दिया जाये या फिर किसी दूसरे स्कूल के साथ मर्ज कर दिया जाये. स्कूलों में पढ़ाई की स्थिति कैसी है, यह जानने के लिए शिक्षा विभाग का एक आंकड़ा सामने आया है. करीब 25 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी ही नहीं बनाते हैं.

ब्रीफ खबरें

धनबाद के पंडुकी में बनेगा बस टर्मिनल

रांची। धनबाद के लोगों को जल्द ही पुराने और जर्जर बस स्टैंड के बदले अंतरराज्यीय बस टर्मिनल मिल सकता है. नगर निगम ने गोविंदपुर के पंडुकी में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने के लिए जमीन चिन्हित किया है. जमीन अधिग्रहण समेत अन्य जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद धनबाद में नए बस टर्मिनल का निर्माण कराया जा सकेगा. हालांकि इसमें अभी काफी वक्त लगेंगे.

जवाहर लाल नेहरू कॉलेज का गेट बनेगा

रांची। चाईबासा के चक्रधरपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू (जेएनएल) कॉलेज का गेट टूट गया है. इस कारण गेट को बंद कर दिया गया है. कॉलेज भवन के पिछले हिस्से के गेट से छात्र आते-जाते हैं. सरकार ने इस कॉलेज की गेट समेत अन्य हिस्सों के निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए योजना तैयार कर ली है. डीपीआर तैयार कर लिया गया है. इस पर तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जा सकेगा. उल्लेखनीय है कि जेएनएल कॉलेज राजा अर्जुन सिंह के महल में संचालित होता है.

जलमीनार निर्माण पैसे के अभाव में रुका

रांची। गोड्डा जिला के जमनीपहाड़पुर पंचायत के मरीक टोला व जोगनाडीह में जलमीनार निर्माण का काम रुक गया है. जलमीनार का निर्माण 14वें वित्त आयोग से मिली राशि से कराया जा रहा है. केंद्र सरकार से पैसे मिलने में देर होने के कारण विभाग और ठेकेदार को पैसे का आवंटन नहीं किया जा सका है. इस कारण जलमीनार निर्माण का काम रुक गया है.

मेदिनीनगर से चतरा तक 100 किमी सड़क बनेगी

रांची। मेदिनीनगर से पांकी-हरदीपुर होते हुए चतरा के बगरा मोड़ तक सड़क का निर्माण होगा. इस सड़क का निर्माण एडीबी के तहत किया जायेगा. सड़क की कुल लंबाई करीब 100 किमी है. इस सड़क के बनने से मेदिनीनगर से चतरा की दूरी काफी कम हो जायेगी. साथ ही पांकी इलाके के लोगों को काफी लाभ होगा. सड़क के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने अपना प्रस्ताव केंद्रीय वित्त मंत्रालय को भेज दिया है.

विधानसभा चुनाव : 8 सीटों पर हुआ था 3700 से कम वोटों से फैसला

खेल बिगड़ा देख विधायक अब बदल सकते हैं पाला

प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव की संभावित तारीखों की संकेत चुनाव आयोग ने दे दिया है. विभिन्न राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए हैं. राज्य में लगभग आठ सीटें ऐसी हैं, जहां हल्का से भी वोटों में स्विंग चुनाव के नतीजों को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता है. करीबी मुकाबलों वाली आठ सीटों में चार सीट भाजपा के हिस्से में आई थीं.

वहीं दो सीट झामुमो और दो कांग्रेस को मिला था. 2019 के विधानसभा चुनाव में काम वोटों से जीतने वाले विधायक जेपी पाटेल भाजपा से कांग्रेस में और सीता सोरेन झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हो चुकी हैं. इसी तरह कुछ और विधायकों भी खेल बिगड़ता देख पार्टी बदलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है.

विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन की बात करें तो 2019 में भाजपा को 25, आजसू पार्टी 2, झामुमो को 30, कांग्रेस को 16, झाविमो 3,राजद को 1, माले 1,एनसीपी 1 सीटों अन्य -2 पर जीत हासिल की थी.वहीं 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 81 सीटों में भाजपा ने सबसे अधिक 35 सीटें जीती थीं.

इससे पहले 2009 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के खाते में महज 18 सीटें आई थीं. उस समय झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 17 सीटें जीती थी. वहीं ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन को 5 सीटें मिली थीं. 18 सीटें अन्य के खाते में आई थीं.

कम मतों से जीतने वाले दो विधायक पहले ही बदल चुके हैं पार्टी

इन सीटों पर कम मतों से हुआ था हार-जीत का फैसला

विधानसभा	पार्टी	उम्मीदवार	मिले वोट	जीत का अंतर
नाला	झामुमो	रविन्द्र नाथ महतो	61356	3620
जामा	झामुमो	सीता सोरेन	60925	2426
जारमुंडी	कांग्रेस	बादल	52507	3099
देवघर	भाजपा	नारायण दास	95491	2624
कोडरमा	भाजपा	नीरा यादव	63636	776
मांडू	भाजपा	जेपी पटेल	49855	2132
बाघमारा	भाजपा	ढुल्लू महतो	49855	2132
सिमडेगा	कांग्रेस	भूषण बाड़ा	60651	285

2019 के चुनाव में सबसे बड़ी हार और जीत

2019 के विधानसभा चुनाव में सबसे काम मतों के अंतर से सिमडेगा विधानसभा सीट कांग्रेस के भूषण बाड़ा ने कड़े मुकाबले में भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा को 285 वोटों के अंतर से हराया था. यह सूबे की सबसे छोटी जीत थी. इसी तरह बाघमारा सीट पर भी जीत-हार का अंतर काफी कम रहा. यहां बीजेपी के ढुल्लू महतो ने कांग्रेस के जलेश्वर महतो को सिर्फ 824 वोटों शिकस्त दी थी. अगर राज्य में सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से मिली जीत की बात करें तो कांग्रेस के आलमगीर आलम ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी. उन्होंने पाकुड़ विधानसभा सीट पर बीजेपी के वेणी प्रसाद गुप्ता को 65,108 वोटों के अंतर से हराया था. पिछली बार बोकारो सीट से बीजेपी के बिरंची नारायण को सबसे बड़ी जीत मिली थी, जिन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को 72,643 वोटों के अंतर से हराया था.

2014 में 19 सीटों पर 5000 से काम वोटों से हुआ था फैसला

साल 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 19 सीटों पर हार-जीत का अंतर 5000 से कम मतों का था. इन 19 में से अधिकतर सीटें भाजपा-आजसू गठबंधन के खाते में आई थीं. 5000 से कम वोटों से जहां हार जीत का फौसला हुआ था उसमें बड़कागांव, तोरपा, सरायकेला, जामा, नीरसा, भवनाथपुर, बागोदर, लोहरदगा, डाल्टनगंज, पांकी, सिमडेगा, टुंडी, राजमहल, बोरियो, सिसई, गुमला, दुमका, जारमुंडी और मनिका विधानसभा सीटें शामिल थीं. इनमें से 5 सीटें ऐसी थी जिन पर हार जीत का अंतर 1000 से कम मतों से हुआ था .इसी तरह 5 अन्य सीटों पर हार और जीत का अंतर महज 1000-2000 वोटों के बीच था. साल 2014 में करीबी मुकाबलों वाली 19 सीटों में अधिकतर भाजपा-आजसू गठबंधन के हिस्से में आयी थीं.

कोर्ट की खबरें

चेक बाउंस केस: अमीषा पटेल ने दी चौथी किश्त, अजय सिंह को मिला 60 लाख का चेक

संवाददाता। रांची

फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की चौथी किश्त वादी अजय कुमार को दे दी है. शुक्रवार को अमीषा पटेल की ओर से 60 लाख का सेल्फ चेक अजय कुमार को दिया गया. पूर्व में हुई सुनवाई में अमीषा पटेल बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गई थी और उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए प्रार्थी अजय सिंह को देने की पेशकश की थी. जिसके बाद पहली किश्त के रूप में 20 लाख का चेक दिया था. अमीषा पटेल ने अजय सिंह को दो करोड़ 75 लाख रुपये की राशि के भुगतान के लिए अलग-अलग तारीख के पांच चेक दिए गए हैं. रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फ़र्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रहा था. अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक ने पैरवी की.

साल 2017 से चल रहा है चेक बाउंस का केस : बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है. यह मामला वर्ष 2017 का है. आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये. अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं. फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है. इस मामले में अमीषा पटेल ने 17 जून 2023 को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था.

राष्ट्रीय लोक अदालत आज

सिविल कोर्ट की बेंचों का निरीक्षण करेंगे चीफ जस्टिस व जस्टिस सुजीत एन. प्रसाद

रांची। नालसा (नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी) के कैलेंडर और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्यभर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी. लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाईकोर्ट में दो बेंचों का गठन किया गया है. शनिवार को झालसा के अध्यक्ष और झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी व जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत की जाएगी. लोक अदालत में राज्य के दस लाख मामले निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्री लिटिगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं. लोक अदालत में निष्पादन के लिए जिन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, उसमें करीब एक लाख ऐसे मामले हैं, जो अलग-अलग अदालतों में पेंडिंग हैं. राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में लोक अदालत के लिए बनायी गयी बेंचों का निरीक्षण करने रांची सिविल कोर्ट भी जाएंगे.

टेंडर घोटाला

आलमगीर आलम, जहांगीर व संजीव के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

रांची। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी द्वारा दाखिल की गयी पीसी (प्रोसिक्यूशन कंप्लेन) पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है. पिछले गुरुवार को ईडी ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके तात्कालिक ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर आलम के खिलाफ सैकड़ों पन्नों की पीसी दाखिल की है. इसमें यह जानकारी दी गयी है कि हजारों करोड़ रुपये के टेंडर घोटाला को कैसे अंजाम दिया गया है और इस पूरे प्रकरण में किसकी क्या भूमिका है. इस केस में एजेंसी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से 14 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है. इसके बाद से आलमगीर आलम न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में हैं. आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है.

अंतु तिर्की व अफसर अली की बेल पर 24 और 26 को फैसला

रांची। लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद झामुमो नेता अंतु तिर्की की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई पूरी हो गयी. इसके बाद कोर्ट ने जमानत पर फैसला सुनाने के लिए 26 जुलाई की तिथि निर्धारित की है. इसके साथ ही इसी केस के दूसरे आरोपी अफसर अली की बेल पर कोर्ट 24 जुलाई को फैसला सुनाएगा. ईडी ने इसी वर्ष 16 अप्रैल को अंतु तिर्की को गिरफ्तार किया था. इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं.

नौकरी के आंकड़े कम करती जा रही है हेमंत सरकार, यह धोखा है : बाबूलाल

ब्यूरो। रांची

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक तरफ 1500 नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे, दूसरी तरफ विपक्षी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बाबूलाल मरांडी ने नौकरी के मुद्दे पर सरकार पर सवाल उठाया. उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार नौकरियां कम करती जा रही है और राज्य के युवकों को धोखा दे रही है. युवा रोजगार न मिलने से, नौकरियों में धांधली से और वैकेंसी न आने से बहुत परेशान है. सोशल मीडिया एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि झारखंड के लोग बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहे हैं. यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि राज्य की मौजूदा सरकार लोगों की हितों में निर्णय नहीं ले रही है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आगे लिखा है कि एक नेता कुर्सी पर बैठ कर कहता है कि 40 हजार नौकरियां दूंगा. उसी कुर्सी पर बैठने वाले दूसरा नेता कहता है कि 30 हजार नौकरियां दूंगा. आखिर यह मजाक कब तक बर्दाश्त किया जायेगा.

बाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा है कि अब अगले महीने यह बयान आयेगा कि 20 हजार युवकों को नौकरी देंगे. फिर सितंबर आ जायेगा और तब कहेंगे कि 10 हजार को नौकरी देंगे. जबकि इस सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था. सरकार अपने वायदे को पूरा करने में विफल रही है. जनता विधानसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखायेगी.

खास बातें

- बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर राज्य सरकार को कोसा
- सीएम हेमंत व पूर्व सीएम के बयान पर उठाए सवाल

महुआडांड-चंपा रोड का होगा चौड़ीकरण

रांची। लातेहार के महुआडांड़-चंपा रोड में चंपा घाटी में सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा. इसके लिए विभाग ने घाटी में सड़क के चौड़ीकरण की जरूरत और संभावनाओं की जानकारी जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से मांगी है. चंपा घाटी में सड़क की चौड़ाई कम होने से घाटी में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं.

कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष व समन्वय समिति सदस्य बंधु तिकी ने कहा-

सभी सीओ-जमीन ब्रोकर की संपत्ति की जांच हो

विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष व समन्वय समिति सदस्य बंधु तिकी ने सभी सीओ और जमीन ब्रोकर की चल-अचल संपत्ति की जांच कराने की मांग की है. उन्होंने कहा कि रांची जिले में पिछले दस वर्षों से पदस्थापित सभी अंचलाधिकारियों और उनके नजदीकी संबंधियों-रिश्तेदारों व मित्रों की चल-अचल संपत्ति की जांच-पड़ताल गहराई से की जानी चाहिए. रांची में जमीन दलालों ने कोहराम मचा रखा है और वे लगातार सरकारी जमीन के साथ ही आदिवासियों की जमीन को भी लूटने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस बात की जरूरत है कि अब सभी जमीन दलाल और जमीन के व्यवसाय में कार्यरत सभी लोगों की गहराई से जांच करने के साथ ही उनकी संपूर्ण गतिविधियों पर सरकार कड़ी नजर रखे.

सीओ राजस्व वसूली नहीं जमीन लूट में जुटे हैं : तिर्की ने कहा कि सरकार की ओर से राजस्व वसूली का जिम्मा सभी अंचलों में अंचलाधिकारियों की जिम्मेदारी है. लेकिन अपने इस दायित्व के निर्वहन के दौरान वे न केवल सरकार बल्कि आम ग्रामीणों के साथ भी विश्वासघात कर रहे हैं और आदिवासियों व मूलवासियों की जमीन व्यापक स्तर पर लूटी जा रही है. तिर्की ने कहा कि सरकारी दस्तावेजों में की जा रही हेर-फेर और छेड़छाड़ ही से यह पूरी तरीके से प्रमाणित हो गया है कि अंचलाधिकारियों के ऊपर सरकार के संबंधित अधिकारियों का अंकुश नहीं है. तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई में कांके में 700 एकड़ से ज्यादा जमीन लूट की बात पता चली है और जिस प्रकार से वहां के ग्रामीणों एवं आदिवासियों ने जमीन दलाल कमलेश व अन्यान्य के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज करवायी है. उससे यह पूरी तरीके से स्पष्ट है कि झारखंड में आदिवासियों की जमीन लूटने की प्रवृत्ति व्यापक स्तर पर जारी है. इसके कारण भी आदिवासियों को विस्थापन और पलायन का सामना करना पड़ रहा है.

बिहार-यूपी से आकर यहां जमीन लूट रहे हैं

तिर्की ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश से आकर लोग उन जमीनों को लूट रहे हैं जिससे आदिवासियों का रहन-सहन, खेती और उनका जीवन गहराई से जुड़ा है. लेकिन अनेक सरकारी पदाधिकारियों द्वारा भी उन आदिवासियों को कोई संरक्षण नहीं दिया जा रहा है. तिर्की ने कहा कि यदि केवल कांके अंचल की 700 एकड़ से अधिक जमीन लूट और उसके दस्तावेजों में छेड़छाड़ की बात सामने आ रही है तो कोई भी व्यक्ति इस बात का अंदाजा आसानी से लगा सकता है कि वास्तविक जमीन लूट कितनी ज्यादा होगी.

क्लासिफाइड



परिजनों ने जताई आशंका: संदीप के दोस्तों ने ही की हत्या, डीएसपी ने भी की पुष्टि

लोहरदगा में 72 घंटे से लापता था युवा व्यवसाई, खेत में दफन मिला शव

संवाददाता। लोहरदगा

72 घंटे से अधिक समय से लापता युवा जेवर व्यवसायी का शव मिट्टी में दबा गन्ने के खेत से बरामद किया गया है. पुलिस ने गुरुवार की देर शाम यहां से युवा जेवर व्यवसायी की स्कूटी भी बरामद की थी. तभी से यह आशंका जताई जा रही थी कि जेवर व्यवसायी की हत्या की गई है.

पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है. उनसे पूछताछ की जा रही है. जेवर व्यवसायी की हत्या जेवरात के लिए की गई है. पुलिस ने हत्यारों के पास से लूटे गए जेवरात बरामद कर लिए हैं. डीएसपी समीर तिर्की ने कहा है कि अभी पूछताछ जारी है. जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा. लोहरदगा के सदर थाना क्षेत्र के ईंटा गांव स्थित गन्ने के खेत से पुलिस ने मिट्टी में दबा युवा जेवर व्यवसायी संदीप सोनी का शव बरामद किया है. डीएसपी समीर तिर्की, लोहरदगा और सेन्हा थाना पुलिस की मौजूदगी में शव बरामद किया गया. मूल रूप से सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी नंदलाल सोनी का पुत्र संदीप सोनी वर्तमान में लोहरदगा शहरी क्षेत्र में रेलवे साइडिंग के पास रहता था.

गांव-गांव घूमकर जेवरात बेचता था संदीप: परिजनों ने बताया कि युवा जेवर व्यवसायी संदीप स्कूटी से गांव-गांव घूमकर सोने-चांदी के जेवरात बेचता था. बुधवार की सुबह से ही संदीप लापता था. परिजन उसकी काफी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी. इसी बीच गुरुवार की देर शाम पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के ईंटा गांव स्थित एक गन्ने के खेत से मिट्टी में दबा संदीप का स्कूटी बरामद किया. इसके बाद यह शक पुख्ता हो गया कि संदीप की हत्या की गई है. रात होने के कारण पुलिस ने ज्यादा तलाश नहीं की. अगले दिन शुक्रवार की सुबह से ही पुलिस की टीम शव की तलाश में जुट गई. सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और संदीप के परिजन ईंटा गांव स्थित गन्ने के खेत में पहुंच गए. जहां पुलिस ने मिट्टी में दबा संदीप का शव बरामद कर लिया. डीएसपी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने गुरुवार की रात रांची से संदीप के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने ही संदीप की हत्या की है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है.

मामले में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है

संदीप का शव तलाशते खेत में पहुंची पुलिस. डीएसपी ने हत्या के बारे में किया खुलासा, कहा- दोस्तों ने ही की है संदीप की हत्या.

ब्रीफ खबरें

चाईबासा में युवक की गला रेतकर हत्या, गोली भी मारी

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र में युवक की गला रेत और गोली मारकर हत्या कर दी गई है. हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. युवक की पहचान भी नहीं हुई है. बताया जाता है कि नचलदा गांव में बीती रात एक अज्ञात युवक का धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई. सूचना है कि उसकी बाइक को भी जला दिया गया. अतिनक्सल ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण घटना की जानकारी शुक्रवार को ग्रामीणों को मिली तो इसकी सूचना सोनुआ थाना पुलिस को दी गई. इस संबंध में पोड़ाहाट डीएसपी पारस राणा ने बताया कि पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है.

आईआईटी-ऑईएसएम के सुरक्षाकर्मी ने की खुदकुशी

धनबाद। आईआईटी-आईएसएम में सुरक्षा गार्ड ने गले में फंदा डाल कर खुदकुशी कर ली. फिलहाल, आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला है. उसकी पहचान राजू रंजन गिरी के रूप में हुई है. वह गया का था और 2023 से यहां कार्यरत था. घटना के संबंध में सुरक्षा इंचार्ज ने बताया कि कुछ दिनों से राजू रंजन ड्यूटी से गायब था. सुबह क्वार्टर पर गया. इसी बीच उसके साथियों ने उसे कमरे में फंदे से झूलता हुआ देखा. इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया और मामले की तफ्तीश शुरू की.

पारा मेडिकल कंबाइंड परीक्षा का रास्ता साफ

रांची। हाईकोर्ट ने पारा मेडिकल कम्बाइंड परीक्षा के अभ्यर्थी विजेंद्र उरावं की उस याचिका को ख़ारिज कर दिया जिसमें स्वास्थ्य विभाग की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दी थी. इससे पारा मेडिकल कम्बाइंड परीक्षा का रास्ता साफ़ हो गया है. विजेंद्र उरांव ने नियुक्ति प्रक्रिया को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि जो अभ्यर्थी पहले से कॉन्ट्रेक्ट कर रहे हैं उन्हें एक्स्ट्रा मार्क्स मिलेगा लेकिन जो कार्यरत नहीं हैं उन्हें नहीं मिलेगा. जेएसएससी द्वारा ली जाने वाली पारा मेडिकल कम्बाइंड परीक्षा में करीब 1000 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति होनी है.

डी फार्मा के आंदोलित छात्र स्वास्थ्य मंत्री से मिले, मिला आश्वासन, बोले छात्र

मंत्री देते हैं सिर्फ आश्वासन

मुख्य संवाददाता। रांची

पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों से परीक्षा कराने कि मांग को लेकर आंदोलनरत डी फार्मा कोर्स छात्रों को झारखंड छात्र संघ का साथ मिला है. झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि छात्रों की समस्या को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को पहले भी कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई. स्वास्थ्य मंत्री से केवल आश्वासन ही मिल रहा है. जिसके कारण छात्र मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं.

शुक्रवार को छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल मंत्री बन्ना गुप्ता से फिर मिला. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को को पूरे मामले से पुनः अवगत करया गया. जिसपर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर झारखंड स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल में रजिस्ट्रार बहाल कर छात्रों की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया है. एस अली ने कहा कि अगर डी फार्मा के छात्रों की समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में नही होता है, तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा. एस अली ने कहा कि कॉलेज व शैक्षणिक संस्थान कि लापरवाही खुल कर सामने आ रही है. वो कोर्स के नाम पर दो लाख रुपए से अधिक राशि लेते हैं, लेकिन शैक्षणिक सुविधाएं के साथ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही कराते. उन्हें सत्र के अनुसार कोर्स पूरी हो एवं समय पर परीक्षा व रिज्लट से कोई लेना देना नही रहता है.

- डी फार्मा के छात्रो की समस्याओं का नही हुआ समाधान तो होगा आंदोलन: एस अली
- मंत्री बन्ना गुप्ता से कई दिनों से मिलने का डी फार्मा के छात्र कर रहे थे प्रयास

क्या है पूरा मामला

छात्रों ने बताया कि के झारखंड स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल में रजिस्ट्रार का पद खाली रहने के कारण शैक्षणिक समस्याओं का समाधान नही हो पा रही है, पिछले 5 वर्षों से डी फार्मा कोर्स की पढ़ाई बिना शैक्षणिक कैलेंडर के हो रही है. जिसके कारण समय पर ना तो कोर्स पूरी होती है ना ही इंटर्नशिप दी जा रही और ना ही एग्जाम हो पा रहा है. डी फार्मा शैक्षणिक सत्र 2020-22, 2021-23 कि अबतक परीक्षा नही हुई, यही स्थिति अगले सत्र 2022-24 परीक्षा का है. मंत्री से मिलने वाले में छात्रों में वसीम जौहर, सचिन पंडित, तोहिद आलम, हर्ष कुमार, खुशबु किरण, इशरत परवीन, अंजलि कुमारी, संतोष कुमार, योगेश उरांव, निर्मल मुंडा सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे.

दो ग्राम न्यायालयों का कल उद्घाटन, हुई तैयारी

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद रविवार को राज्य में दो अलग-अलग जगहों पर ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे. रांची के मांडर और जमशेदपुर के बहरागोड़ा में वे ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक, गुमला जिला के चक्रधरपुर में अनुमंडल न्यायालय का भी उद्घाटन किया जाना है.

क्या है ग्राम न्यायालय : झारखंड में पहला ग्राम न्यायालय कोडरमा जिला के झुमरीतिलैया में हुआ था. ग्राम न्यायालय में 25 हजार रुपये तक के दीवानी मामले और समन ट्रायल (छोटे-मोटे) आपराधिक मामलों की सुनवाई होगी. ग्राम न्यायालय की शुरुआत होने के बाद मांडर प्रखंड के 19 पंचायतों के उक्त मामलों की सुनवाई होगी. ग्राम न्यायालय में जिन पंचायत से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी, उसमें मंद्रो, सरबा, बिसहा खटंगा, महुआजाड़ी, कैम्बो,बझीला, कंजिया, मांडर, मलती,टीगोइ अंबाटोली, करगे, बरगडी, ब्राम्बे, मुडमा, सुरसा,नगडा,टांगरबसली,लोयो और झिंझरी पंचायत को शामिल किया गया है. फिलहाल दो प्रखंडों में शुरू हो रहे ग्राम न्यायालय के कॉनसेप्ट को भविष्य में अन्य जिलों के प्रखंडों में भी लागू किया का सकता है. इसके लिए छह जगहों का चयन किया गया है. ग्राम न्यायालय के पीछे यह सोच है कि दूर दराज के ग्रामीणों को छोटे मामलों की सुनवाई के लिए सिविल कोर्ट न आना पड़े. ग्राम न्यायालय में IPC की धारा 304A, 310, 318, 323, 334, 337, 338, 341, 342, 343, 345, 346, 353, 354, 355, 356, 357, 358, 403, 417, 421, 422, 423, 424, 427, 434, 447, 448, 451, 453, 461, 465, 482, 483, 486, 489, 489E, 491, 498, 500, 501, 502, 504, 506, 509 और 510 से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी.

25 हजार तक दीवानी मामलों की होगी सुनवाई

रांची के मांडर और पश्चिमी सिंहभूम के बहरागोड़ा में बने हैं ग्राम न्यायालय

देवघर श्रावणी मेले में आठ हजार जवानों की होगी तैनाती

संवाददाता। देवघर

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू होगा. तैयारियां अंतिम चरण में हैं. देवघर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शहर की विधि-व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए आठ हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की जाएगी.

देवघर के एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि जवानों के ठहराव के लिए जगह चिह्नित हो गई है. इसके अलावा सभी पुलिसकर्मियों की किस जगह तैनाती होगी इस पर दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं. श्रावणी मेला में पूरे एक महीने अत्यधिक भीड़ होती है. रोज लाखों श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं. ऐसे में जिले की यातायात व्यवस्था में भी कई बदलाव किए जाते हैं, ताकि श्रद्धालुओं को

समस्याओं का सामना न करना पड़े. एसडीपीओ ने कहा, देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे. एसडीपीओ ने कहा कि बाहर से आए जवानों को जल्द ही इस संबंध में ब्रीफ किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि सावन के महीने में देवघर जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखना पुलिस प्रशासन के लिए एक चुनौती होती है. इस कारण देवघर पुलिस श्रावणी मेला से पहले सारी व्यवस्था सुदृढ़ करने में जुटी है.

गुमला: नम्रता अस्पताल का लाइसेंस हुआ बहाल

रांची। गुमला के नम्रता आई हॉस्पिटल के लाइसेंस को रद्द करने के आदेश को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया. हाईकोर्ट के इस आदेश से अस्पताल प्रबंधन को बड़ी राहत मिली है. एक ही मरीज के इलाज का दो अलग-अलग योजनाओं से क्लेम लेने पर गुमला सिविल सर्जन ने 18 सितंबर 2023 को अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किया था. अस्पताल संचालक पर थाने में 14 सितंबर 2023 को मामला दर्ज किया गया था. सिविल सर्जन के आदेश को उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी. सूर्यमणि की याचिका पर जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने अस्पताल के द्वारा संचालित यूको बैंक के गुमला ब्रांच स्थित फ्रिज किए गए बैंक अकाउंट को भी चालू करने का आदेश दिया है. प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

मेराल में निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पिलर नंबर ए वन के पास फायरिंग

पुलिस रेस, तीन अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। मेराल (गढ़वा)

भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत एन एच 75 सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य में मेराल फ्लाईओवर के पिलर नंबर ए वन के पास शुक्रवार की शाम अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग मामले में निर्माण कार्य कर रहे एमजीसीपीएल के एडमिन ऑफिसर जफर हसन द्वारा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

जफर हसन द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में गुरुवार की शाम करीब 7:00 बजे तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा फ्लाई ओवर के पिलर नंबर ए वन के पास रुक कर निर्माण कार्य में लगे लोगों को निशाना बनाते हुए तीन चार फायर किया गया. अपराधियों द्वारा किए गए फायर की एक गोली कंटेनर ऑफिस को छेदते हुए अंदर चली गई जिससे एक इंजीनियर बाल बाल बच गए. उक्त घटना से कंपनी में कार्यरत कर्मियों में दहशत व्याप्त है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की गुहार लगाई है.

घटनास्थल के पास लाल घेरे में गोली का निशान.

पकड़ा गया युवक गोलीबारी घटना में नहीं था शामिल, डीएसपी

बता दें कि गुरुवार की शाम में मेराल थाना गेट से महज 50 गज की दूरी पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद साइड पर काम कर रहे कर्मियों तथा पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा था, जो गोलीबारी की घटना में शामिल नहीं थे. इस संबंध में डीएसपी नीरज कुमार ने बताया कि छानबीन के बाद पकड़े गए युवक की संलिप्त गोलीबारी की घटना में नहीं पाई गई. घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए एसपी द्वारा एसआईटी का गठन किया गया है, अपराधियों कि धर पकड़ के लिए करवाई की जा रही है.

प्रेस कांफ्रेंस पद्मश्री बुलू इमाम से मिलकर प्रेरित हुए राजन कुमार,कई हिंदी फिल्मों व टीवी शोज में कर चुके हैं काम

चार्ली चैपलिन 2 के हीरो का झारखंड से रहा है गहरा नाता

संवाददाता। रांची

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और अंतर्राष्ट्रीय कलाकार चार्ली चैपलिन 2 हीरो राजन कुमार रांची में हैं. एक्टर राजन कुमार ने शुक्रवार को हरमू के जेटी बैंक्वेट में प्रेस वार्ता कर अपना अनुभव साझा किया. चार्ली चैपलिन 2 हीरो राजन कुमार ने झारखंड फिल्म उद्योग को लेकर भी अपना विचार व्यक्त किया.

200 किलोमीटर का सफर तय करके पद्मश्री बुलु इमाम से मिलने पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया.

झारखंड से राजन का रिश्ता वर्षों पुराना है, जब वह मुंगेर से आगे की पढ़ाई के लिए बाहर निकले, तो सबसे पहले हजारीबाग आए थे. झारखंड में रह कर उन्होंने नृत्य की शिक्षा ली, छऊ नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया. उन्होंने कहा कि आज जब वर्षो बाद वह यहां आए हैं, तो पुरानी यादें एक बार पुनः ताजा हो गई हैं. इस बार झारखंड की यात्रा इसलिए बेहद अहम रही क्योंकि चार्ली जैसे महान किरदार को जीवंत करना था. अजय कुमार के कार्यक्रम में राजन कुमार ने चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में परफॉर्म किया. अजय कुमार राजन के साथ कर्तव्य पथ पर एक साथ एक ही प्लेटफार्म पर काम करते हैं. 2023 में भी उनके साथ टीम में थे, शादी के फंक्शन में चार्ली चैपलिन का शो होना खुशी की वजह रही. यहां काफी आदिवासी लोग रहते हैं. हाल ही में प्रभात प्रकाशन की ओर से सेलिब्रिटी राइटर गाजी मोईन द्वारा लिखित राजन कुमार पर पुस्तक कारनामे भी प्रकाशित हुई है. अभिनेता, एंकर, कवि, राइटर, डायरेक्टर राजन कुमार भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें कई पद्मश्री हस्तियों के करीब रहने का मौका मिला और उनका आशीर्वाद मिलता रहा है. पद्मश्री विमल जैन हों या फिर झारखंड के पद्मश्री बुलू इमाम, इन लोगों से मिलना उनके लिए अद्भुत होता है. पद्मश्री बुलू इमाम ने अपने घर को ही म्यूजियम बना दिया है. कई देशों में प्रदर्शनी लगाकर उन्होंने सोहराई कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलवाई है. उन्होंने 50 साल से अधिक समय तक झारखंड के वन, पहाड़ और दूरदराज क्षेत्रों से कई ऐतिहासिक चीजों को जमा किया और अपने मकान के ही एक हिस्से को म्यूजियम बना दिया.

कई वर्षों से बिहार सरकार, जिला प्रशासन और सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा हीरो राजन कुमार का नाम भी कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पद्मश्री हेतु नॉमिनेट होता रहा है. संगीत और कला में इनकी परख सराहनीय है, बाफ्टा जैसी संस्था के फाउंडर अध्यक्ष के रूप में राजन कुमार के योगदान काबिल ए तारीफ हैं. उनके द्वारा स्थापित कलाग्राम में ग्रामीण कलाकार भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मूर्तियां और कलाकृति बेच पाते हैं. झारखंड में राजन कुमार के साथ सुनील सहित कई अहम शख्सियत उपस्थित रहे. मणिकांत पासवान ने कहा कि राजन कुमार को वे 2015 से जानते हैं, कला के इस उत्कृष्ट नमूने ने प्रेसीडेंट हाउस दिल्ली में अपने मंच संचालन, नृत्य और परफॉर्मेंस से महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को प्रभावित किया और वह तालियां बजाने पर मजबूर हो गए.सोनू प्रताप ने कहा कि आज वे जो कुछ भी हैं,वह बाफ्टा की वजह से हैं. इस दौरान लेखक के. रहमान ने अपनी लिखी हुई पुस्तक अर्धनारी उपहार स्वरूप राजन कुमार को दी. जिस पर बहुत जल्द फिल्म बनने की संभावना हैं. इस दौरान सोनू पोद्दार, अंकुश मिश्रा, कल्पना कुमारी, रेखा पांडेय, अजय कुमार, मुकेश गोस्वामी, स्नेहा, मनाली, देवेंद्र पाठक, रुचि कुमारी, जितेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद थे.

राजन कुमार को किया गया सम्मानित.

कर्ज से परेशान पिता ने बेटे से झड़प के बाद खाया जहर, मौत

संवाददाता। पलामू

कर्ज से परेशान छतरपुर के केरकीकला निवासी और अभी छतरपुर-सरइडीह रोड में रहने वाले रमेश गुप्ता (52) ने शुक्रवार को जहर खाकर खुदकुशी कर ली. पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया.

रमेश गुप्ता पहले क्रशर चलाते थे. फिलवक्त वो टिपर गाड़ी से छर्री ढोते थे. गाड़ी लोन पर होने से बकाया काफी बढ़ गया था. फाइनेंस वाले जल्द पैसा देने के लिए दबाव बना रहे थे. इसी बीच उनके बेटे से किसी मामले में झड़प हुई, जिससे उसने जहर का सेवन कर लिया. हालत खराब हुई तो पहले अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया. वहां से उसे एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया. वहीं पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. बताया जाता है कि उसपर 15-20 लाख कर्ज था.

पुलिस को देख अपराधी ने लगाई छलांग, मौत

जमशेदपुर। कई मामलों में आरोपित कार्तिक मुंडा की शुक्रवार को इलाज के दौरान टीएमएच में मौत हो गई. सरायकेला-खरसावां पुलिस उसे सोनारी घर से पकड़ने गई थी. पुलिस को देख उसने छलांग लगा दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे टीएमएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. कार्तिक मुंडा पिछले दस वर्षों से पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा था. एसपी ने चांडिल, चौका, ईचागढ़ आदि थानों के थानेदारों को अपराधियों पर नकेल कसने की हर संभव कार्रवाई करने का आदेश दिया था. यह उसी का नतीजा है.

ब्रीफ खबरें

वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत

छतरपुर(पलामू)। छतरपुर थाना क्षेत्र के चेराई पंचायत के बरडीहा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक गांव निवासी सुखनाथ विश्वकर्मा का पुत्र राजेंद्र विश्वकर्मा है. जानकारी के अनुसार बीती रात के करीब 8 बजे वह अपने घर के पास बैठा था, तभी अचानक बारिश होने लगी और अचानक वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, वज्रपात के कारण पास में लगे ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई और बिजली तार टूट गया. घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भारी भीड़ जुट गई.

पचमों गांव में वज्रपात से महिला की हुई मौत

पांकी (पलामू)। नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड पचमों गांव में शुक्रवार को वज्रपात से इंद्रदेव यादव के 55 वर्षीय पत्नी शांति देवी की मौत हो गई. घटना दिन के करीब 3:00 की है. घटना की सूचना मिलने के बाद लेस्लीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची. जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर में गरज के साथ वर्षा हो रही थी. महिला के घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर गांव के ही अरविंद यादव के घर के पास उनका मवेशी चर रहा था मवेशी को लाने के लिए वे खेत गई थी.

बाइक चोरी कर भाग रहे दो चोर, ग्रामीणों ने दबोचा

छतरपुर (पलामू)। छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सुनार मुहल्ला से बीते गुरूवार की रात लगभग दो बजे, दो चोर मोटरसाइकिल चुराकर भाग रहे थे. इसी बीच मुहल्ले के एक व्यक्ति की आंख खुली, उसने बाहर निकलकर शोर मचाया और चोरों को खदेड़ कर एक चोर को पकड़ लिया जबकि दूसरा चोर भागने में कामयाब रहा . पकड़े गये चोर का नाम पंकज यादव है और वह देव (औरंगाबाद, बिहार) के उधम बिगहा का निवासी है. उसने पुलिस को दूसरे चोर का नाम बताया है जो नगर पंचायत क्षेत्र के बारा गांव का है.

पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करे सरकार

हुसैनाबाद(पलामू)। समाजसेवी सह गायक अशोक कुमार चौधरी ने कहा है कि पलामू प्रमंडल सहित पूरे झारखंड में मानसून की उदासीनता से पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसानों को धड़कन काफी बढ़ गयी है.अभी तक किसानों ने धान का बीज बोया ही नहीं तो धान का रोपाई कैसे हो सकती है. जो किसान फसलों पर निर्भर हैं. उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है. अशोक ने कहा कि झारखंड सरकार से कहना चाहता हूं कि पलामू प्रमंडल सहित पूरे झारखंड को तत्काल अकाल क्षेत्र घोषित करें .

मुखिया संघ के नये अध्यक्ष बने जतरू मुंडा

चंदवा। चंदवा प्रखंड मुखिया संघ का बैठक शुक्रवार को डुमारो पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मुखिया संघ का अध्यक्ष माल्हन पंचायत मुखिया जतरू मुंडा, उपाध्यक्ष हुटाप पंचायत मुखिया सुखनारायण सिंह को बनाया गया. संघ के पदधारियों का विस्तार अगले बैठक में किए जाने की बात कही गई. नव चयनित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को मुखिया सुनिता खलखो व फुलजेंसिया टोप्पो ने बधाई दिया.अध्यक्ष श्री मुंडा ने सभी मुखिया को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया . संघ के साथ मिलकर अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आश्वासन दिया .

कैल्क्युलेटर का पाइप जाम, जलापूर्ति बाधित, लोगों की बढ़ी परेशानी

व्यवस्था है नहीं, पलामू में प्रभावित हो रही पेयजलापूर्ति

संवाददाता । मेदिनीनगर

पंप से पानी निकालते कर्मी.

खास बातें

- पाइप को साफ करने के लिए कंप्रेसर लगाने की जरूरत है
- जिला स्कूल पानी टंकी में दो माह से पानी नहीं चढ़ा पा रहा

मेदिनीनगर शहर की आधी से अधिक आबादी को बेलवाटिका स्थित पंपूकल से पेयजलापूर्ति की जाती है, लेकिन यहां पर व्यवस्था सही नहीं रहने के कारण बराबर पेयजलापूर्ति प्रभावित हो रही है. पंपूकल में शुक्रवार को कैल्क्युलेटर के पाइप जाम होने के कारण दिन में लगभग 9 बजे से पंप में पानी जाना बंद हो गया. यह देख नदी से पानी लिफ्ट करना बंद कर दिया गया और मामले की जानकारी नगर निगम के आयुक्त व पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को दी गई. विभागीय कर्मियों ने बताया कि इस पाइप को साफ करने के लिए कंप्रेसर लगाने की जरूरत है . तभी वह साफ हो सकता है लेकिन आज कंप्रेसर की व्यवस्था नहीं हो पाई, लेकिन विकल्प के तौर पर पाइप लगाकर लगभग 2:30 बजे के बाद नदी से पंप में पानी भरना शुरू किया गया और शहर में पेयजलापूर्ति शुरू हो पाई. समाजसेवी सह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने बताया कि अभी नदी में बरसाती पानी साफ रहने के कारण व्यवस्था चल जाएगी लेकिन जब नदी में बाढ़ के पानी उतरेगा तब गंदा पानी आना शुरू हो जाएगा और यह व्यवस्था भी फेल हो जाएगी. उन्होंने बताया कि जिला स्कूल पानी टंकी में लगभग दो महीना से पानी नहीं चढ़ा पा रहा है. उस क्षेत्र के लोगों को सीधी पेयजलापूर्ति की जाती है. स्थिति यह है कि उन लोगों को पानी मिलने का समय निर्धारित नहीं है. कभी 10 बजे, कभी 12 बजे तो कभी दो बजे पेयजलापूर्ति की जाती है. इस क्षेत्र का अधिकतर लोग व्यवसायी हैं और समय पर पानी नहीं मिल पाने के कारण काफी परेशानी होती है. उन्होंने नगर निगम आयुक्त से जिला स्कूल टंकी का गेट लगवाने की मांग की है.

क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन ने प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की

टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूरा करें: डॉ कुलदीप

संवाददाता । मेदिनीनगर

बैठक में शामिल पदाधिकारी.

क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर में प्रमण्डल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई. बैठक का मूल विषय पदोन्नती सोपान पशु चिकित्सकों के कार्य जैसे चिकित्सा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना जैसी महत्वपूर्ण कार्यों पर क्षेत्रीय निदेशक पलामू के द्वारा पशु चिकित्सकों को दिशा निर्देश दिया गया. साथ ही साथ क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन पलामू के द्वारा पशु चिकित्सकों की सुविधा को देखते हुए क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय में ही दो कमरों यथा गेस्ट रूम एवं सीक रूम का उदघाटन क्षेत्रीय निदेशक पलामू डॉ कुलदीप तिर्की एवं झारखण्ड पशु चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सैमसन टोप्पो के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.

ज्ञात हो कि क्षेत्रीय निदेशक, पलामू डॉ कुलदीप तिर्की का सेवानिवृत्ति इसी माह के दिनांक 31.07.2024 को होने वाला है. फिर भी पशु चिकित्सको की सुविधा को देखते हुए उन्होने इन दो कमरो को उपलब्ध कराया है जो उनके दूरदर्शिता का परिचायक है. आज के इस विभागीय समीक्षात्मक बैठक में पलामू प्रमण्डल अन्तर्गत तीनों जिलें के जिला पशुपालन पदाधिकारी, पशु शल्य चिकित्सक एवं सभी पशु चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में विशेष रूप से झारखण्ड पशु चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सैमसन टोप्पो, महासचिव डॉच शिवानंद काशी खजांची, डॉ विनय कुमार, एवं प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम लकड़ा ने कहा कि 1 सितंबर 2024 को कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन झारखण्ड की राजधानी राँची में होना है जिसमें पलामू प्रमण्डल से सभी संवर्ग के कर्मचारी उपस्थित होंगे जिसमें पशुपालन विभाग से ज्यादा से ज्यादा भागीदारी होगी.

डीडीसी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए आ रहे हैं आवेदनों की समीक्षा की : मेदिनीनगर । डीडीसी शब्बीर अहमद जिला कल्याण कार्यलय पहुंचे. उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि वित्तवर्ष 2024-25 अंतर्गत अबतक मात्र 537 ही आवेदन प्राप्त हुए है यह चिंता का विषय है. उन्होंने कल्याण पदाधिकारी से ऑनलाइन रूप से आवेदन कम क्यों आ रहें हैं इससे संबंधित प्रत्येक बिंदु पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से ज़्यादा से ज़्यादा युवा आवेदन कर पायें इसे लेकर जिले के सभी 21 प्रखंडों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा. शिविर में संबंधित बीडीओ, ब्लॉक कल्याण पदाधिकारी, समेत अन्य लोग पूरे उपकरण के साथ उपस्थित रहेंगे. शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ऑन स्पॉट एंट्री किया जायेगा. सभी शिविरों का प्रतिदिन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी निरीक्षण करेंगे. वहीं प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का समेकित रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याण पदाधिकारी को सौंपेंग. प्रखंड में आयोजित हो रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं वे अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति, आवासीय, व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचे ताकि ऑन स्पॉट एंट्री कराया जा सके.उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक है तो वे वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ आएं.

डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर तीन घंटे तक नहीं बना आरक्षित टिकट

मेदिनीनगर । कोलकाता से रेलवे के रिजर्वेशन टिकट को लेकर सॉफ्टवेयर का नया वर्जन अपलोड होने के कारण डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर तीन घंटे तक आरक्षित टिकट नहीं बन सका, जिससे यात्री परेशान रहे. कई यात्री टिकट रिजर्वेशन के लिए स्टेशन पहुंचे और उन्हें निराशा हाथ लगी. शुक्रवार सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक ऐसी स्थिति बनी रही. 11.30 बजे के बाद सिस्टम अपडेट होने के बाद रिजर्वेशन टिकट बनने लगा, जिससे यात्रियों को राहत महसूस हुई. इस बाबत पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वतीचंद्र ने बताया कि पीआरएस सिस्टम में तकनीकी व्यवधान आया था लेकिन 11.15 बजे पीआरएस बुकिंग की सुविधा बहाल हो गई.

रिकवरी एजेंट से 45 हजार रुपये की लूट

सतबरवा (पलामू)। इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं. पुलिस की लागातार पेट्रोलिंग व अपराधियों की धर पकड़ के बावजूद अपराधी बे खौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं. मुरमा मलय डैम मोड़ तुंबागडा के पास भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट दीपक कुमार से गुरुवार की रात करीब 8 : 30 बजे अपराधियों ने 45 हजार रुपए लूट लिए. इस संबंध में दीपक कुमार ने सतबरवा थाना में लिखित आवेदन दिया है. इसकी पुष्टि सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने की है.

15 तक वार्ता नहीं,तो 16 से भूख हड़ताल पर जाएंगे ट्रक मालिक

संवाददाता । बालूमाथ (लातेहार)

बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित-प्रभावित ट्रक ऑनर एशोसिएशन का धरना पांचवे दिन भी जारी रहा. ट्रक मालिको एव ट्रांसपोर्टरों के बीच हुई वार्ता विफल रही.

कामेश्वर राम.

मगध परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायण के द्वारा पत्र जारी कर सभी ट्रांसपोर्टर को कहा गया था कि ट्रक मालिको के साथ वार्ता करे. लेकिन विभिन्न कंपनियों के ट्रांसपोर्टर की जगह लिफ्टर वार्ता के लिए पहुंचे. जिस कारण वार्ता विफल रही. मौके पर बोलते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ में उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि अगर कंपनियों के डीओ होल्डर और ट्रांसपोर्टर आगामी 15 जुलाई तक वार्ता के लिए नही आते है तो सभी ट्रक मालिक 16 जुलाई से भूख हड़ताल पर बैठेंगे. 10 नम्बर बैरियर के पास टेंट लगाकर धरना में बैठ जाएंगे. इसके अलावा एसोसिएशन वर्ष 2018 का भाड़ा के अलावा पेपर खर्च नही लेने, अनलोडिंग के नाम पर अधिकतम 700, 500 रुपया ऑफिस खर्च, टीडीएस का पैसा ऑनलाइन काटने ,भाड़ा चिट्ठी में भाड़ा दर्ज करने करने का निर्णय लिया गया. संगठन द्वारा जिन गाड़ी को सीरियल किया गया है, वैसे ही गाड़ी को फॉर्मेट एलाउ करने सम्बंधित मांग सहित ट्रांसपोर्टर द्वारा 700 से अधिक अनलोडिंग पर भाड़ा लिस्ट से 50 रुपया अधिक कर दिये जाने, सभी ट्रांसपोर्टर को मगध में काम करने से पूर्व ट्रांसपोर्टर चेक देने की मांग की गई ताकि वे किसी ट्रक मालिक का भाड़ा नही हज़म कर सके. बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि अगर ट्रांसपोर्टर पेपर खर्च के नाम पर अवैध उगाही बंद नही करते है तो इसकी शिकायत ईडी से किया जाएगा और हाइकोर्ट में पीआईएल दाखिल किया जाएगा. इसके अलावा शंभू साव, मिथुन कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, त्रिवेणी साव, राजेश राम और पाली महतो समेत कई लोगो ने अपना-अपना विचार रखा और ट्रक मालिको अपने हक की लड़ाई में एकजुट रहने की बात कही.

युगल किशोर ने कमेटी को किया सम्मानित

संवाददाता । मेदिनीनगर

युगल किशोर को सम्मानित करते कमेटी के लोग.

मुहर्रम इंतेजामियां कमेटी कार्यालय में जेनरल खलीफा जीशान खान व कमेटी सदस्यों को महावीर नवयुवक दल के पूर्व अध्यक्ष युगल किशोर व उनकी टीम ने सम्मानित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता युगल किशोर व संचालन विजय ओझा ने किया. युगल किशोर ने कहा कि मेदिनीनगर हिन्दू-मुस्लिम एकता का मिसाल है और यह त्योहार आपसी भाईचारगी को दर्शाता है. एकता कायम रहे यही हमारी कोशिश है.

भाजपा नेता विजय ओझा ने सम्मान समारोह में सैयदना इमाम रजीअल्लाहो अन्हों और शदीद-ए-कर्बला पर कई शायरी भी पढ़ी. अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल ने कहा कि यहां के हिन्दू मुस्लिम का मिसाल की बात हर तरफ होती है. जीशान खान ने कहा कि यह सम्मान समारोह आपसी भाईचारगी की प्रतीक है. डालटनगंज वह शहर है जहां मुहर्रम और रामनवमी हिन्दू-मुस्लिम मिलजुल कर मनाते है. सम्मानित होने वालों में इंतेजामियां कमेटी के सरपरस्त मो. इमामुद्दीन, राजा साहेब बस के मालिक असगर हुसैन, मो. नेयाज, मो. कलाम, शाहीद खान और अमजद अली, जेएमएम के जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन के पूर्व सदर हाजी शमीम अहमद उर्फ ललन, मुहर्रम इंतेजामियां कमेटी के पूर्व जेनरल खलीफा युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुन्ना खान आदि उपस्थित थे.

मुहर्रम का पहलाम 17 जुलाई को, की जा रही है तैयारी

चंदवा (लातेहार)। मुहर्रम की पहलाम 17 जुलाई को इसको लेकर मुस्लिम समुदाय की ओर से जोर शोर से तैयारी की जा रही है . 14 जुलाई सप्तमी को कामता स्थित कर्बला में चादरपोशी की जाएगी . इस आशय की जानकारी शुक्रबाजार के सदर असगर खान तथा समाजसेवी ग्यास खान ने दी है . उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को रविवार को शुक्रबाजार, परसाही , कामता, कुजरी, बेलवाही व चंदवा के अकीदतमंद जुलूस निकालकर कामता स्थित कर्बला में चादरपोशी की जाएगी .15 जुलाई सोमवार को इमामबाड़ों से निशान और झंडों के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा जो टोरी रेलवे क्रॉसिंग से वापस हो जाएगी . 16 जुलाई, मंगलवार को छोटकी चौकी का जुलूस मुख्य शहर होते इंदिरा गांधी चौक से वापस होगी . 17 जुलाई को पहलाम का ताजिया जुलूस निकाला जाएगा . जो शहर के मुख्यमार्ग से होते हुए इंदिरा चौक पहुंचेगा . यहां से जुलूस थाना जाएगी . खेल करतब और ताजिया की प्रदर्शनी होने के साथ वापस कामता मेलाटांड़ के बाद कर्बला पहुंचेगा . कर्बला रस्म अदायगी के साथ ही मुहर्रम का समापन हो जाएगा .

न्यूज अपडेट

नावाबाजार प्रखंड कार्यालय का घेराव 19 को

घेराव प्रदर्शन की जानकारी देते लोग.

मेदिनीनगर। नावाबाजार प्रखंड के तुकबेरा स्थित अनुसूचित जाति टोला में पूर्व डीएसपी श्री स्क्रू राम की अध्यक्षता मे ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में राजहरा निवासी अजीत पाण्डेय उर्फ बबलू पाण्डेय पिता विंध्याचल पाण्डेय द्वारा खाता सं०1 प्लॉट 285 में जेसीबी से रास्ते को काटकर लोहे का एंगल व जाली लगाकर घेर देने के बाद की स्थिति पर चर्चा की गई. कहा गया कि 27 जून को लगभग 50 वर्षों से जीवन बसर करने वाले अनुसूचित जाति के लोगों का रास्ता रोक दिया गया है. इसे लेकर एससी एसटी थाना पलामू व प्रखंड प्रशासन के खिलाफ 19 जुलाई को नावाबाजार प्रखंड कार्यालय के समक्ष झारखंड क्रांति मंच के बैनर तले घेराव सह प्रदर्शन का निर्णय लिया गया.

आरोग्य मंदिर से लोगों को मिलेगा लाभ:अनीता देवी

भवन का उद्घाटन करतीं जिप उपाध्यक्ष.

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ प्रखंड के भगेया में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने फीता काटकर किया. जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि भगेया में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का अपना भवन होना एक बड़ी उपलब्धि है. आरोग्य मंदिर के निर्माण से जहां एक ओर संस्थागत प्रसव में काफी सहूलियत होगी. वहीं दूसरी ओर टीकाकरण एवं प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी. उपाध्यक्ष ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया एवं उपस्थित एएनएम एवं सहिया दीदी से बातचीत भी की.

हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

सड़क जाम करते ग्रामीण.

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के डीही पंचायत के भालूगाड़ी गांव के समीप एक हाईवा ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिससे मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने लातेहार-बालूमाथ पथ को करीब दो घंटे तक जाम कर दिया. बाइक भालूगाड़ी गांव के सुखदेव पासी के पुत्र सोनू चौधरी की थी. सोनू ने बताया कि सड़क के किनारे बाइक खड़ा कर हमलोग बैठे थे.इसी दौरान तेज गति से आ रही हाईवा ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया. जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.

82 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

साइकिल के साथ बच्चे व अधिकारी.

उंटारी रोड।(पलामू) ।जिले के उंटारी रोड प्रखंड के स्तरोन्नत उवि करकट्टा के 82 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरित शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ आशा साहु, बीईओ महेन्द्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर बीडीओ आशा साहु ने कहा की साइकिल मिल जाने से ग्रामीण छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में अब काफी सहुलियत होगी. इसके अलावा ग्रामीण इलाके के छात्र छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी. उन्होंने कहा की सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता है .

बसपा नेता की हत्या के विरोध में निकला कैंडल मार्च

हुसैनाबाद(पलामू)। तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या के विरोध में पलामू जिलाध्यक्ष अजय भारती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद में कैंडल मार्च सह श्रद्धांजलि सभा की. कार्यक्रम से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी के मध्यम से राष्ट्रपति के नाम पांच सूत्रीय मांग पत्र दिया गया. कार्यक्रम हुसैनाबाद के जेपी चौक से मुख्य बाजार, अम्बेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया. मौके पर जिलाध्यक्ष अजय भारती ने कहा आर्मस्ट्रांग गरीबों , दलितों की आवाज थे. वे अपने घर पर टहल रहे थे . चार से पांच हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दिया. इस कैंडल मार्च सह श्रद्धांजलि सभा में पुनीत अंबेडकर,राम नारायण राम,, प्रमोद राम, अवधेश राम, प्रेमशंकर रवि, प्रदीप मेहता ,वीरेंद्र राम,द्वारिका पासवान, सतेंद्र बैठा ,राजदेव रजवार, प्रणव कुमार,सुमन, मुकेश राम, रवि शंकर,मिथलेश समेत सैकड़ों बहुजन समाज पार्टी के लोग शामिल थे.

बाइक सवार को पिकअप वैन ने मारी टक्कर, घायल

विश्रामपुर/पलामू। बीमोड़ पांडू मुख्य पथ स्थित बरवाडीह एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारी. जिसमें बाइक सवार एक महिला, एक बच्ची व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया. जहां प्रभारी डा राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में तीनो घायलों का प्राथमिक उपचार कर 108 एंबुलेंस की मदद से बेहतर इलाज के मेदनीनगर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया. घायलों की पहचान नीरा देवी, रविंद्र पासवान व अनामिका कुमारी के रूप में हुई है. सभी घायल गढ़वा जिला स्थित डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव के रहने वाले बताए जा रहे है. वहीं बाइक पर ही सवार पांच वर्षीय मयंक कुमार को अज्ञात पिकप चालक ने टक्कर मारने के उपरांत अपने साथ ले भागा. जिसे गुरी मुख्य सड़क पर छोड़कर फरार हो गया. वहीं घटना की सूचना रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास को दे गई है. जो की आगे की कारवाई में जुट गए है.

मुहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

पाटन(पलामू)। पाटन प्रखंड के थाना परिसर में शांति समिति की बैठक मुहर्रम पर्व को लेकर किया गया, जिसकी अध्यक्षता पाटन के पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने किया. मौके पर थाना प्रभारी लाल जी मौजूद थे .जहां पर पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी निगाह, जिन लोगों को जो समस्या है मुझे बताएं . पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए.मौके पर पाटन पश्चिम के जिला परिषद सदस्य जयशंकर प्रसाद सिंह, शिव शंकर प्रसाद ,मुखिया जयशंकर प्रसाद ,राकेश दुबे, अजय पासवान ,रंजीत कुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव, मुस्ताक अहमद ,जैनुल सिद्दीकी , स्बीहा नाज,रहमतुल्लाह अंसारी ,ईद मोहम्मद अंसारी, रुस्तम अंसारी ,विपिन पासवान ,आशिक मियां ,नेसार अंसारी, मोहम्मद अंसारी मौजूद थे. जबकि पाटन थाना प्रभारी लाल जी, पुलिस इंस्पेक्टर पाटन अनिल कुमार सिंह, एस आई मनोज कुमार सिंह, एस आई दिलीप सिन्हा, ए एस आई प्राय हसा मौजूद थे.

आह्वान

नगर भ्रमण के दौरान भाजपा नेता अमर बाउरी ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

कार्यकर्ता विस चुनाव की तैयारी में जुटे : अमर बाउरी

संवाददाता । गढ़वा

कार्यकर्ताओं से भेंट करते अमर बाउरी.

झारखंड के बीजेपी नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने नगर भ्रमण के दौरान गढ़वा में भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष उमेश कश्यप के आवास पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने सभी को आशीर्वाद और मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं. अमर बाउरी ने खुद को भी बीजेपी का कार्यकर्ता बताया.

मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वरसागर चन्द्रवंशी, सूरज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रविंद्र पासवान, रविंदर जायसवाल, चंदन जायसवाल, राज कुमार गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, सुरेंद्र कश्यप, अमित कश्यप, बंधु राम, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल और सिकंदर राम समेत कई अन्य नेता भी इस मुलाकात में शामिल हुए.

अमर बाउरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और परिवर्तन की लहर चल रही है और इसका श्रेय बीजेपी के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है.

स्वागत किया: सतबरवा (पलामू)। नेता प्रतिपक्ष विधायक अमर बाउरी, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह का सतबरवा में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया.इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौकीदार बहाली में राज्य सरकार के द्वारा पलामू में अजा के एक भी सीट नहीं का मामला उठाते हुए आवेदन दिया.

विधायक अमर बाउरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले को विधानसभा में उठायेंगे. मौके पर फोर लेन में जा रहे जमीन के रैयतों ने कम मुआवजा दिये जाने संबंधी आवेदन दिया.

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डुबी हुई है, दिन दहाड़े लूट,छिनती हो रही है,चारों तरफ भय का माहौल है, यहां कोई सुरक्षित नहीं है.

विधायक मेहता ने कहा कि जिस प्रकार तेज धूप,लहर में तप कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी को जीताने के लिए काम किया वह अद्भुत था,सभी बधाई के पात्र हैं. इस मौके पर भाजपा नेता प्रभात भुईयां, आशिष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार,सोनू सिकंदर, महेश यादव,वकिल सिंह मुख्य रूप से शामिल थे.

शुद्ध पर्यावरण के लिए पौधे लगाएं : डॉ मेहता

संवाददाता । पलामू (पांकी)

टल स्मृति भवन के परिसर में पौधरोपण करते विधायक.

4नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय में बने अटल स्मृति भवन के परिसर में शुक्रवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने पौधरोपण की. पौधरोपण की शुरुआत उन्होंने पूजा अर्चना कर पीपल का पौधा लगाकर की है. मौके पर उन्होंने कहा कि पीपल, निम और बरगद जैसे पौधे जितना अधिक लगेंगे पर्यावरण उतना अधिक शुद्ध होगा. अधिक आक्सीजन देने वाले वृक्ष में पीपल जाना जाता है. साथ ही बरगद पीपल एवं निम के वृक्ष का धार्मिक महत्व भी है. कहा कि लगातार हो रहे वृक्ष की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है. मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण आम जन-जीवन प्रभावित हो रहा है. इसलिए पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर सभी लोगों को अपने नाम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उस पौधे को बड़ा होने तक देखभाल भी करना चाहिए. उन्होंने कहा कि अटल स्मृति भवन परिसर के पास ही एक पार्क बनाया जाएगा. जिसमें विभिन्न तरह के पौधे, फूल, बच्चों के खेलने का झूला, झरना आदि से सुशोभित होगा. कहा कि शुद्ध हवा और पानी के लिए पौधा ही एकमात्र विकल्प है. उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का अपील किया. कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संजय कुमार, लाला प्रसाद यादव, सरोज चटर्जी, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद सोनी, मनोज सोनी उपस्थित थे.

ब्रीफ खबरें

छात्र चांसलर पोर्टल से एडमिशन के लिए कर सकेंगे आवेदन

गुमला। छात्र छात्राओं के नामांकन के लिए एडमिशन पोर्टल खोला गया है. केओ कॉलेज गुमला में इच्छुक छात्र छात्राएं पॉलिटिकल साइंस, भूगोल, हिन्दी और इतिहास को छोड़कर अन्य किसी भी सब्जेक्ट में आवेदन कर सकते हैं. के ओ कॉलेज गुमला में आर्ट्स,साइंस और कॉमर्स की पढ़ाई होती है. कॉलेज में हिंदी, इतिहास और भूगोल के लिए प्रथम सूची जारी हो गई है. जिनका चयन हो गया है वो अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन संबंधित विभाग से करा कर एडमिशन करा सकते हैं. इसके अलावा अन्य दूसरे सब्जेक्ट के भी स्टूडेंट्स अपना आवेदन संबंधित विभागों से वेरिफाई करवा कर एडमिशन ले सकते हैं.

एसबीएमसी बीरु में कार्डियो कैंप आज से

सिमडेगा। शांति भवन मेडिकल सेंटर बीरु में 13 जुलाई से दो दिनी कार्डियो कैंप का आयोजन किया गया है. पीआरओ प्रवीण तिवारी ने बताया कि कैंप में डॉ जेम्स थोमस मरीजों का इलाज करेगें. उन्होंने ने बताया कि हृदय रोग से ग्रसित मरीज बीमारी का इलाज करा सकते है. उन्होंने ने बताया कि सुबह 9:30 बजे से शाम पांच बजे तक मरीजों का इलाज किया जाएगा. विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9304014653 पर संपर्क किया जा सकता है.

32 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

लातेहार। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लातेहार के द्वारा 32 दिवसीय सामुदायिक संसाधन व्यक्ति उद्यम संवर्धन का आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया. उद्घाटन जेएसएलपीएस के डीपीएम संतोष कुमार, संस्थान के निदेशक उमेश पासवान, बीपीएम सुजीत कुमार व जेएसएलपीएस के गंगा नाग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.डीपीएम संतोष कुमार ने कहा प्रशिक्षण के बाद महिला दीदी छोटे व्यवसाय शुरू कर सकते हैं. इससे जेएसएलपीएस के महिलाओं को भी मदद मिलेगी.

सखी वन स्टॉप सेंटर को बदनामी से बचाया जाए

मेदिनीनगर। सखी वन स्टॉप सेंटर के गार्ड अर्चना कुमारी द्वारा उपायुक्त पलामू को आवेदन दिया गया है. जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर के केन्द्रीय प्रशासक पर अवैध रूप से रुपया वसूली करना . गाइडलाइन के अनुसार कार्य नहीं करना और अपने ड्यूटी का निर्वहन सही से नहीं करने का आरोप लगाया गया है. इससे पूर्व सभी कर्मी द्वारा समाज कल्याण पदाधिकारियों को 19.6.2024 को आवेदन देकर शिकायत किया गया था. कार्रवाई नहीं हुआ तो आज उपायुक्त से गुहार लगाया गया कि सखी वन स्टॉप सेंटर को बदनामी से बचाया जाए. जिस उदेश्य से सरकार नए योजना लाई है ऐसे भ्रष्ट केन्द्रीय प्रशासक रहने के बाद महिलाओं न्याय कैसे मिलेगी.

प्रार्थना के दौरान बेहोश हुई छात्रा

भवनाथपुर। भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के सिंदुरिया पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा की दूसरी कक्षा की छात्रा शीतल कुमारी प्रार्थना के दौरान अचानक बेहोश हो गई. विद्यालय प्रबंधन ने तुरंत छात्रा के अभिभावक को सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया. अस्पताल के प्रभारी डॉ. रंजन दास ने इलाज के बाद छात्रा को घर भेज दिया. सिंदुरिया के पुनर्वास टोला निवासी छात्रा शीतल के पिता प्रदीप ने बताया कि सुबह उसने सब्जी और भात खाकर घर से स्कूल गई थी. विद्यालय से बेटी के बेहोश होने की सूचना मिलने पर वह तुरंत अस्पताल पहुंचे.

समाहरणालय में लगा जनता दरबार, डीडीसी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

अधिकारियों ने जन शिकायतें सुनीं, दिया आश्वासन

संवाददाता ।गढ़वा

जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते डीडीसी.

उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर के निर्देश पर आज उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यकाल कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया.

आज के जनता दरबार में भूमि कब्जा, पारिवारिक विवाद, भूमि सीमांकन, म्युटेशन, अनुकम्पा आधारित नौकरी, भूमि विवाद, मुआवजा आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया. सर्वप्रथम बरडीहा प्रखंड के की कलिंदा देवी ने अनुकंपा के आधार नौकरी देने के संबंध में आवेदन दिया है. उन्होंने कहा कि उनके पति सुरेश रजवार प्रखंड कार्यालय बरडीहा में अनुसेवक के पद पर कार्यरत थें, जिनकी मृत्यु उपरांत सरकारी पावनाओं का भुगतान व अनुकम्पा आधारित आश्रितों को नौकरी नहीं मिली है. उन्होंने अनुकम्पा आधारित नौकरी हेतु अनुरोध किया है. उप विकास आयुक्त द्वारा मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी बरडीहा को निर्देशित किया गया. सदर प्रखंड अवस्थित बस स्टैंड गढ़वा में दुकान आवंटित कराने हेतु ललन ठाकुर द्वारा आवेदन समर्पित किया गया. उन्होंने कहा कि पूर्व से बस स्टैंड में उनका दुकान था, परंतु नए बस स्टैंड के के निर्माण हेतु दुकान को हटाया गया था. पुनः दुकान आवंटन हेतु उन्होंने फॉर्म भी भरा है, परंतु उन्हें दुकान आवंटित नहीं हो सकी. अतः उन्होने एक दुकान आवंटित करने का अनुरोध किया है. आवश्यक कार्रवाई हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा को निदेशित किया गया. डंडई प्रखंड के पचौर निवासी धर्मराज पासवान ने ग्राम पंचायत पचौर में स्वयं को चौकीदार के पद पर बहाल करने हेतु आवेदन दिया है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में उक्त पंचायत में कोई भी चौकीदार नहीं है, आवश्यकतानुसार चौकीदार संबंधी सभी कार्य उनके द्वारा ही किया जाता है. उक्त के आलोक में प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा को आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया.

सदर प्रखंड के ग्राम झूरा निवासी निरंजन कुमार तिवारी एवं मुकेश तिवारी आवेदन समर्पित करते हुए आवास योजना के तहत आवास देने के संबंध में अनुरोध किया है.

विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस कमेटी रेस

चुनाव की तैयारी में सभी कांग्रेसी अभी से ही जुट जाएं : बंधु तिर्की

संवाददाता ।लोहरदगा

लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल लोग.

विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी रेस है. चुनाव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक न्यू रोड स्थित होटल गैलेक्सी में कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद की अध्यक्षता में हुई.

बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए. बैठक में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गयी. मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह लोहरदगा जिला संगठन प्रभारी बंधु तिर्की ने कहा कि विधानसभा चुनाव बहुत जल्द होने वाला है. लोहरदगा जिला कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता इसके लिए तैयार हो जाएं. लोहरदगा जिला में कांग्रेस संगठन काफी मजबूत है, उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने एवं पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए धन्यवाद दिया. कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी लोहरदगा विधानसभा से कांग्रेस का परचम लहराएगा. कार्यकर्ता झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने का काम करेंगे और झारखंड में फिर से इस बार भी गठबंधन की सरकार बननी तय है. कांग्रेसी आपसी द्वेष भुलाकर एकजुटता के साथ संगठन हित में कार्य करें.

बैठक में जो उपस्थित : बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव, नेसार अहमद, जगदीप भगत, साजिद अहमद, सलीम अंसारी बड़े, रीना भगत, आलोक साहू, मोहन दुबे, शाहिद अहमद बेलू, फहद खान, सनियारो उरांव,सदरूल अंसारी, नंदकिशोर शुक्ला, प्रकाश उरांव, फुलदेव उरांव, मनोज भगत, मनोज सोन तिर्की, विनोद सिंह खेरवार, लाल विकास सहदेव, गुलाम जिलानी, तारीख अनवर, रफीक अंसारी, सोनू कुरैशी, सैफ अहमद, प्रत्यूष पांडे, रिजवान अंसारी, माजीद अहमद, दयानंद उरांव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे.

जिलास्तर पर कमेटी का गठन

उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों का एक कमेटी का गठन कार्यकर्ताओं के आपसी सहमति के पश्चात किया. जिसमें विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस अभिनव सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष लोहरदगा जिला रीना भगत, प्रदेश डेलिगेट नेसार अहमद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, आदिवासी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मनोज भगत शामिल हैं. उन्होंने कहा कि यह कमेटी आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए रणनीति एवं रूप-रेखा तय करेगी.

लोहरदगा में युवा कांग्रेस बेहतर कार्य कर रही है: विशाल डुंगडुंग

लोहरदगा। जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता एवं आईवाईसी कॉर्डिनेटर सुभ्रता दास की उपस्थिति में की गई. जिसमें संगठन की मजबूती, सक्रियता,कार्यों का वितरण,और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई, जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस बेहतर कार्य कर रही है और आने वाले विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन करेगी . आईवाईसी कॉर्डिनेटर सुभ्रता दास ने कहा मुझे विश्वास है की जिस तरह लोकसभा चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करी उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लोहरदगा युवा कांग्रेस काफी मजबूत है. मौके पर प्रदेश महासचिव फहद खान, विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, काविस जयसवाल, दुर्गा भगत, रंजीत लकड़ा, जिला महासचिव इमरोज अंसारी, कैश आलम, जिला महासचिव आफताब अहमद, जिला महासचिव अरशद अयुब, जिला महासचिव निश्चय वर्मा, जिला सचिव विकास उरांव, जिला सचिव गुलशन उरांव, अतलाफ राजा,राजू अंसारी, राजा गुप्ता,आदि उपस्थित थे.

वज्रपात से चार मवेशी सहित दो बकरी की मौत

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गडरपो के पलमी गांव निवासी किसान मरवाड़ी महतो के गोहार में वज्रपात होने से चार मवेशी एवं दो बकरी की मौत हो गई. मवेशी एवं बकरी की मौत से किसान को एक लाख से ऊपर की क्षति हुई है. इस संबंध में मारवाड़ी महतो ने बताया कि बीते रात गाय बकरियों को गोहार के अंदर बांध दिया गया था. रात में पानी के साथ वज्रपात हुआ .जिसमें गोहर में चार गाय बैल सहित दो बकरी मर गए.उन्होंने सरकार से मुआबजे की मांग की है.

मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की मौत

गढ़वा । धुरकी थाना के गुरुवार की शाम पुत्तुर गांव में एक दुखद घटना घटी, जहां एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में विजय प्रसाद यादव नामक युवक की मौत हो गई. मृतक धुरकी थाना क्षेत्र के सोंडीहा गांव निवासी जगदीश प्रसाद यादव का पुत्र था. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विजय अपने घर से दुकान में कुछ सामान लेने जा रहा था. इसी बीच पुत्तुर गांव के समीप सड़क पार करने के दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद विजय दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल

भवनाथपुर । भवनाथपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सहोदर भाई परीखा पासवान और लकठु पासवान तथा मकरी के धंगरडीहा निवासी शामगिर अंसारी और शेर मोहम्मद अंसारी शामिल हैं.

कुड़ू में जेएसएलपीएस का गरिमा सम्मेलन संपन्न

कार्यक्रम में शामिल जेएसएलपीएस के सदस्य.

संवाददाता ।कुड़ू लोहरदगा

शंख धारा महिला विकास मंडल के तत्वावधान में पलाश जेएसएलपीएस की बहुउदेशीय भवन में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई हुई.

कार्यक्रम में प्रखंड प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने अतिथियों का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला. सम्मेलन में बोलते हुए सामाजिक विकास के जिला प्रबंधक बिनोद होरो ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इन सभी लाभुकों का नेटवर्क बनाया जाएगा. ताकि प्रखंड के किसी भी क्षेत्र में अगर किसी को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया तो उसकी सुरक्षा देने में सहयोग करेंगी. बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में डायन-बिसाही कुप्रथा से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ऐसी परियोजनाओं का धरातल पर उतारने के लिए जेएसएलपीएस सराहनीय कार्य कर रही है. स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी मामला में चिकित्सा की हर सुविधा कुरु में उपलब्ध है आज शिक्षा और स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है अगर महिला शिक्षित हैं तो इस तरह के मामले में कमी आयेगी,सममान हर महिला का अधिकार है.

रथ मेला में लगी खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे गये

सिमडेगा। कोलेबिरा रथ मेला में लगे खाद्य सामग्री की दुकानों से जांच के लिए नमूने एकत्र किये गये.जिससे मेला क्षेत्र के खाद्य सामग्री के दुकानदारों में हड़कंप मच गया. इस दौरान टीम ने कई दुकानों के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजने की बात कही. इस संबंध में सीएमओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि मेले में प्रदूषित मिठाइयां लोगों को बेची जा रही है. प्राप्त शिकायत के आलोक में सिविल सर्जन ने टीम बनाकर खाद सुरक्षा के निमित मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की गई . साथ ही लोगों को बेची जा रही हैं मिठाइयों में फफूंद लगे हुए मिठाई को मौके पर नष्ट करा दिया गया . खाद नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया. सिविल सर्जन ने कहा गया की जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी.

एसएसवीएम का 29वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

कार्यक्रम में प्रस्तुति देते स्कूल के बच्चे.

संवाददाता ।कुड़ू / लोहरदगा

जिले के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को हर्ष पूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का आरंभ भारत माता, ओम और मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पार्चन के साथ किया गया. कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक के रूप में आचार्य नरेश साहू ने किया और अतिथि परिचय प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा कराया गया. प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने विद्यालय का वृत कथन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है, अभिभावक भूपाल पाठक ने अपने उद्बोधन में भैया बहनों से एक वृक्ष लगाने का आग्रह किया. इस अवसर पर भैया बहनों ने बहुत ही सुंदर भजन, गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. पूर्व छात्र मिथिलेश प्रजापति द्वारा उपलब्ध कराया गया था. कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन आचार्य नरेश साहू द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा कल्याण मंत्र के साथ किया गया. इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक धनंजय प्रसाद, अध्यक्ष भूषण प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सदस्य लखन राम, पत्रकार नंदलाल तिवारी सहित अभिभावकवृंद, आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थें.

समस्या

कांडी के अधौरा गांव में चोरों ने दिया घटना को अंजाम, गांव में पसरा अंधेरा

कीमती सामान छोड़ चोर ट्रांसफॉर्मर की कर रहे चोरी

संवाददाता ।कांडी(गढ़वा)

गांव से दूर फेंका गया सामान.

पहले चोर लोगों के घरों से जेवर और कीमती सामान की चोरी करते थे. अब चोरों ने तो हद ही पार कर दी. जिले के कांडी प्रखंड के अधौरा गांव से गत रात चोरों ने ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली. बीच गांव में हुई इस वारदात को लेकर लोग चोरों के दुस्साहस को लेकर स्तब्ध हैं. कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव के बीच में स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन के पीछे लगे ट्रांसफार्मर की चोरों ने चोरी कर लिया. मौके पर डबल खंभे के ऊपर लगे 16 केवी के ट्रांसफार्मर का ढक्कन खोलकर उसमें से ट्रांसफार्मर निकालकर गांव से करीब 500 गज की दूरी पर महुआ पेड़ के नीचे ले जाकर शेष सामान को खोलकर फेंक दिया है. जबकि ट्रांसफार्मर के अंदर से तांबा का कीमती व वजनी पार्ट क्वायल खोलकर चोर ले उड़े. सबसे अचरज की बात है कि यह ट्रांसफार्मर गांव के बीच में स्थित था. हेल्थ सेंटर के ठीक बगल में एक व्यक्ति के मकान के पीछे जबकि उसी के बाजू में स्थित एक अन्य व्यक्ति के मकान के ठीक सामने ट्रांसफार्मर लगा था. जंग लगे हुए नट बोल्ट को खोलने में स्वाभाविक है कि काफी देर हुआ होगा. बावजूद इसके काफी निश्चिंत होकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया. यहां से निकाल कर ले जाए गए ट्रांसफार्मर का इतना वजन होता है कि उसे ढक्कन में से बिना चैन कूपी के निकालना कदापि संभव नहीं है. उसे टांग कर ले जाने के लिए चार-पांच व्यक्ति लगे होंगे. जो टांग कर महुआ पेड़ तक ले गए होंगे. यह सारा काम बिल्कुल इत्मिनान से किया गया. इस घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी गई. थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने स्वयं आकर मौके का मुआयना किया. उन्होंने कहा कि इस घटना में निश्चित रूप से स्थानीय व्यक्ति का हाथ हो सकता है. जो सारी स्थिति को जान रहा है. उन्होंने खोलकर फेंकी गई तमाम सामग्री जप्त कर दो बोड़ों में भरकर थाना ले गए. कहा कि विभागीय व्यक्ति इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराएंगे. पुलिस द्वारा मामले का अनुसंधान कर शीघ्र ही घटना का उद्भेदन किया जाएगा. उन्होंने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर कमल कुमार को इस घटना की सूचना दे दी है.

खास बातें

- ग्रामीणों में घटना को लेकर तरह-तरह के चर्चे
- पुलिस और चौकीदार के गश्त पर उठ रहे प्रश्न

जुलूस में असामाजिक तत्वों पर रखें नजर

चैनपुर/पलामू। चैनपुर थाना परिसर में आज मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई अध्यक्षता बीडीओ नितेश भास्कर व संचालन प्रभारी थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने किया इस दौरान हिंदू मुस्लिम समुदाय के कई लोग उपस्थित हुए .शांति समिति की बैठक में वीडियो श्री भाष्कर ने कहां असामाजिक तत्व पर नजर रखने की जरूरत है ताकि त्यौहार का वातावरण खराब ना हो उन्होंने कहा कि जो रूट निर्धारित पहले से है उसी के अनुरूप जुलूस निकालना चाहिएअफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही छोटी-छोटी समस्याओं को सामाजिक स्तर पर निपटने की बात कही.उन्होंने कहा कि अनुभवी लोग अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे तो समस्या का समाधान हो जाएगा अफवाह से बचने के लिए अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखनी होगी.

न्यूज अपडेट

पूर्व नप अध्यक्ष ने फार्मा व जांच घर का किया उद्घाटन

फार्मा का उद्घाटन करती अनुपमा भगत.

लोहरदगा। जिले के कोर्ट कंपाउंड लोहरदगा में मां सरोज फार्मा एवं जांच घर का उद्घाटन लोहरदगा नप के पूर्व अध्यक्ष अनुपमा भगत ने फीता काटकर किया. मौके पर पूर्व नप अध्यक्ष अनुपमा भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में फार्मा और जांच घर खुलने से क्षेत्र की जनता को काफी सहूलियत होगा. उन्होंने कहा कि कम खर्च में लोग इसका लाभ उठाएं. अनुपमा भगत ने कहा कि लोहरदगा जिला वासियों को फार्मा और जांच घर से निश्चित रूप से बेहतर लाभ प्राप्त होगा. इससे पूर्व अनुपमा भगत के पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका स्वागत किया गया. मौके पर डॉक्टर ओपी मिश्रा, सुनील कुमार विक्की,मनीष कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे.

भरनो पहुंचा जंगली हाथियों का झुंड, ग्रामीण दहशत में

भरनो । 17 जंगली हाथियो का झुंड भरनो प्रखंड क्षेत्र के पहाड़केशा, खरका, बरंदा गांव में दस्तक देने से ग्रामीणों में दहशत है.हाथियों का झुंड भरनो प्रखंड के विभिन्न गांव में घूम कर घरों और खेतों को निशाना बना रहा है. बीती रात हाथियों ने खरका गांव के देव चरण उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है. साथ ही उसके बड़े भाई सोमे उरांव के घर मे रखें पांच बोरा धान को चट कर गया. वहीं बरन्दा गांव में भी रात हाथियों ने दुर्गा महतो के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया. पिछले तीन महीने से ग्रामीण और किसान अमलीया जंगल में डेरा जमाये एक जंगली हाथी से परेशान थे . ये हाथी कई ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त किया है ,और कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को बर्बाद कर डाला. अब तो हाथियों का झुंड ही पहुंच गया है. जिसे ग्रामीण और भी भयभीत हैं. हालांकि वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे हैं.

सड़क दुर्घटना, दर्जन भर यात्री घायल, दो रिम्स रेफर

लोहरदगा। जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के बुध बाजार के समीप ऑटो और अज्ञात वाहन के टक्कर में दर्जन भर यात्री घायल हो गये. सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. जानकारी अनुसार पेशरार थाना क्षेत्र से शादी समारोह में भाग लेने के बाद आटो पर सवार होकर ग्रामीण बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू जा रहे थे. इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने पीछे से ऑटो को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. दुर्घटना के बाद ऑटो खेत में जा गिरा जिससे ऑटो में सवार दर्जन भर सवारी घायल को गए. घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा दूसरे ऑटो से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां आटो सवारों को प्राथमिक इलाज किया गया. वही गंभीर रूप से घायल दो यात्री को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. रिम्स रेफर घायल मरीजों में पेशरार निवासी चारवा उराव, तुलसी उरांव शामिल हैं. वहीं आटो में सवार अन्य यात्रियों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है.

वेंडर को पशु शेड की राशि नहीं देने की मांग

मझिआंव (गढ़वा)। प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत की पूर्व मुखिया मधु दुबे ने पशु शेड के दर्जनों लाभुकों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंची और बीडीओ सतीश भगत से कार्यालय कक्ष में मिली. इस दौरान पूर्व मुखिया एवं राम प्रवेश यादव, नागेंद यादव, जगदीप यादव, माया देवी, सत्येन्द्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, सुरेन्द्र कुमार पासवान, बिजय कुमार, संजय राम, सबिता देवी एवं अम्बिका रजक आदि लाभुकों ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2021-22 में मनरेगा योजना से निर्मित हुए पशु शेड उनकी राशि वेंडर आनंद यादव के खाते में नही भेजकर किसी अन्य वेंडर के खाते में भेजकर राशि दिलाई जाय. इधर पूर्व मुखिया द्वारा आरोप लगाया गया कि आनंद यादव के पास कोई सामग्री की दुकान नहीं है, अगर होती तो पशु शेड के लाभुकों को कर्ज लेकर नही बनाना पड़ता. इधर इस संबंध में वेंडर आनंद यादव ने बताया कि उन्होंने सभी लाभुकों को सामग्री उपलब्ध करा दिया है.

नवनिर्मित मुफस्सिल थाना भवन का उद्घाटन

थाना भवन का विधिवत उद्घाटन डीआइजी.

सिमडेगा । विधायक भूषण बाड़ा एवं डीआईजी अनूप बिरथरे ने सिमडेगा के कोचेडगा में नवनिर्मित मुफस्सिल थाना भवन का विधिवत उद्घाटन किया . डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच संबंध स्थापित करने के लिए यह थाना एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी. लोगों को अब किसर प्रकार की समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. पुलिस हर संभव मदद के लिए 24 घंटे तत्पर रहेगी. डीआईजी ने कहा थाना खोलने से नहीं बल्कि लोगों के सहयोग से अपराध पर काबू पाया जा सकता है.

पत्थरों को जब्त कर खनन विभाग ने थाना को सौंपा

पत्थर लदा ट्रक जब्त.

सिमडेगा । सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के टांगरटोली गांव से अवैध खनन किए हुए पत्थरों को जब्त कर माइनिंग विभाग ने कोलेबिरा थाना के सुपूर्द किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह माइनिंग विभाग की टीम टांगरटोली पहुंची. जहां गांव पर कई जगह साइज पत्थर तोड़कर स्टॉक किया गया था उसे जप्त किया और इससे पहले भी यहां से जब्त कर चुका है . साइज पत्थर यानी जब्म करने का सिलसिला लगातार जारी है.

AFFIDAVIT

I, Kavita kumari, W/o Karan Kumar Bedia, aged about 32 yrs., by faith Hindu, by profession Housewife, by Nationality Indian, R/o At- CIC Basti, Barkakana, P.O.- Barkakana, P.S.- Patratu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under :-
1. That my actual and correct name is Kavita kumari, which has been mentioned in my UID card vide No. 881968445564, but due to mistake my name is Kavita Devi, has been mentioned in daughter's namely Misty Bedia post office branch barkakana bearing A/c No. 100555 in nominee coloum.
2. That Kavita Kumari and Kavita Devi both name are same and one lady i.e. myself.
3.That this affidavit is required for authority concerned.
Affidavit No. 6376
Date – 21/06/2024

AFFIDAVIT

I, Kavita Kumari, W/o Karan Kumar Bedia, aged about 32 yrs., by faith Hindu, by proffesion Housewife, by Nationality Indian, R/o At – CIC Basti, Barkakana, P.O.- Barkakana, P.S. – Patratu, Dist - Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declear as under :-
1.That my actual and correct name is Kavita Kumari, W/o Karan Kumar Bedia which has been mentioned in my UID card No. 8819 6844 5564, but due to mistake my name is Kavita Devi, W/o Karan Kumar Bedia has been mentioned in my post office branch Barkakana bearing A/c No. 443575.
2.That Kavita Kumari, W/o Karan Kumar Bedia and Kavita Devi, W/o Karan Kumar Bedia both name are same and one lady i.e. myself.
3.That this affidavit is required for authority concerned.
Affidavit No. 6369
Date – 21/06/2024

समाहरणालय परिसर से चार मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को उपायुक्त चंदन कुमार ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

एक दिन में दो गांवों को ओपीडी सुविधा मुहैया कराएगी मोबाइल वैन

संवाददाता। रामगढ़

जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रामगढ़ के सहयोग से हंस फाउंडेशन की ओर से सीएसआर के तहत शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से चार मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया.

मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं संबंधित अधिकारियों को वैन के सुचारु रूप से संचालन हेतु रूट चार्ट एवं रात्रि पड़ाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. साथ ही किसी भी प्रकार के असुविधा होने पर जिला प्रशासन अथवा संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का निर्देश वैन संचालक को दिया.

उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में यह वैन सिर्फ रामगढ़ प्रखंड को उपलब्ध कराई गई है जो रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायतों में घूम-घूम कर एक दिन में कम से कम दो गांव को ओपीडी की सुविधा मुहैया कराएगी एवं आने वाले दिनों में यह सुविधा धीरे-धीरे पूरे रामगढ़ जिले में शुरू कर दिया जाएगा.

मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को रवाना करते उपायुक्त चंदन कुमार व अन्य अधिकारी.

क्या है मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन

मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन एक चलंत मिनी स्वास्थ्य केंद्र की तरह कार्य करता है जिसमें एक डॉक्टर के साथ दो एएनएम की टीम होती है. वैन में ब्लड प्रेशर मापने की मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड शुगर मापने की मशीन, सतेथीस्कोप आदि के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों में दी जाने वाली जेनेरिक मेडिसिन आदि मौजूद है, जिससे आम लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. मौके पर उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, डीपीएम एनएचएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव आदि के अलावा द हंस फाउंडेशन से रीजनल हेड शिशुपाल मेहता, प्रोजेक्ट मैनेजर सैमुअल सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह एवं सुभाष मुखर्जी के साथ कई उपस्थित थे.

हजारीबाग यूथ विंग अध्यक्ष ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया जन्मदिन

संवाददाता। हजारीबाग

शहर में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाली हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष सह हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल ने हुरहुरू स्थित दिव्यांग, विकलांग विद्यालय में जन्मदिन मना कर बच्चों के चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास किया.

बच्चों के संग के केक काटा. वहीं बच्चों के बीच 25 पीस स्टील प्लेट, दो पीस स्टील ड्राम, व्हाइट बोर्ड स्टैंड, टॉफी, बिस्कुट एवं एलईडी बल्ब दिया गया. इसके बाद हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बच्चों से कई मिनट तक वार्तालाप किया उनके चेहरे पर एक अलग खुशी और उत्साह देखने को मिला. सभी ने एक स्वर से अध्यक्ष करण जायसवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तालियों की गड़गड़ाहट, बच्चों के मुस्कुराहट भरें चेहरे खिल उठे. इसके उपरांत समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यालय का अनौपचारिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई अन्य चीज भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया.

मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सह सचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे, गुंजन मद्धेशिया, त्रिपुरारी कुमार, उदित तिवारी, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे.

ब्रीफ खबरें

नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

हजारीबाग। मटवारी के लेक व्यू अपार्टमेंट गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली जया कुमारी (17) ने गुरुवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वह बोकारो जिला के कसमार थाना अंतर्गत ग्राम दातु की रहने वाली थी. यहां शहर की किसी कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रही थी. कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने बताया कि सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें नीट का सिलेबस उसे समझ में नहीं आने की बात कही गई है. इसलिए आत्महत्या कर रही हूं. माता-पिता की ओर से भी कोई आवेदन नहीं दिया गया है. पुलिस को आत्महत्या की जानकारी शुक्रवार को सुबह 6:30 बजे मिली. छात्रा ने पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली है.

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर की गई चर्चा

हजारीबाग। विशेष जागरूकता अभियान 'संकल्प' अंतर्गत 21 जून से 4 अक्टूबर तक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में शुक्रवार को स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण कार्यालय सभागार में किया गया. ला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने कहा कि 100 दिनों के विशेष जागरूकता अभियान के तहत भारतीय न्याय संहिता, मातृत्व लाभ, मिशन शक्ति योजना, महिला केंद्रित विधान, सामुदायिक भागीदारी, लिंग संवेदीकरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कौशल विकास, करियर कांउसिलिंग आदि पर चर्चा होगी.

रामगढ़ में नशे में धुत छात्रों ने मचाया आतंक, उपद्रव करने से रोका तो

तीन युवकों को जमकर पीटा

खास बातें

- दो का सिर फटा, एक का पूरा पीठ लहूलुहान हो गया
- घटनास्थल से स्कूली बैग, कारतूस और चाकू बरामद

संवाददाता। रामगढ़

शहर में अब डोमेन क्रिमिनल गिरोह भी दस्तक दे चुका है. रामगढ़ शहर के जरा बस्ती शमशान घाट के पास दो दिन पूर्व इस गिरोह के सदस्यों ने तीन युवकों को बुरी तरीके से पीटा था. जब बस्ती के लोग भारी तादाद में वहां पहुंचे तो गिरोह के सदस्य अपना सामान छोड़कर भाग निकले. ग्रामीणों की सूचना पर शुक्रवार को पहुंची पुलिस ने वहां से स्कूली बैग, एटीएम कार्ड, पासबुक, एक जिंदा कारतूस, चाकू और किताबें जब्त की है.

मारपीट में घायल हुए नितिन कुमार सिंह और करण सिंह ने पुलिस को बताया कि शमशान घाट के पास वे लड़के थार और अन्य कार से पहुंचे हुए थे. वह सभी नशे में चूर थे और शराब की बोतल को वही फोड़ रहे थे. जब स्थानीय लोगों ने उन्हें उपद्रव करने से रोका तो उन लोगों ने हमला कर दिया. गाड़ी से रॉड, बेसबॉल बैट, चाकू और अन्य सामान निकाल कर तीन लड़कों को बुरी तरीके से पीटा. दो लोगों का सिर फट गया और एक का पूरा पीठ लहूलुहान हो गया.

पुलिस ने घटनास्थल से स्कूली बैग, एटीएम कार्ड, पासबुक, एक जिंदा कारतूस, चाकू और किताबें जब्त की.

नशे में धुत छात्रों की मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए युवक.

जब सभी लड़के फरार हो गए तो ग्रामीणों ने सर्च अभियान चलाया

फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी खंगाला गया तो पता चला कि वह सभी लोग डोमेन क्रिमिनल गिरोह से संबंध रखते हैं और सभी स्कूली छात्र हैं. वे सभी लड़के गोलपार, झंडा चौक, बागीचा और सौदागर मोहल्ले के थे. वे लोग नशा करने के लिए इस गिरोह से ताल्लुकात रखते हैं और पैसे लेकर मारपीट की घटना को अंजाम देते हैं. रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि इस वारदात को लेकर प्राथमिक की दर्ज की गई है. घटनास्थल से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है. साथ ही मारपीट करने वाले लड़कों की शिनाख्त की जा रही है. कुछ लोगों की पहचान हो चुकी है और आगे की कार्रवाई भी होगी. सभी की उम्र 18 से 22 वर्ष के बीच की है. वह सभी छात्र रामगढ़ के ही रहने वाले हैं.

नयी पेंशन योजना के खिलाफ कर्मचारियों में बढ़ रहा आक्रोश

रेलकर्मियों ने एनपीएस के खिलाफ ओपीएस के समर्थन में भरी हुंकार

संवाददाता। रामगढ़

ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के रेलकर्मियों द्वारा नयी पेंशन के विरोध एवं पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के आह्वान पर रैली निकाली गई. इसका नेतृत्व शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो तथा जोनल प्रतिनिधि अमर सिंह ने किया. रैली बरकाकाना स्टेशन से शुरू होकर यूनियन ऑफिस होते हुए स्टेशन चौक तथा विभिन्न डिपो होते हुए स्टेशन बिल्डिंग के पास पहुंचा जहां पूर्व शाखा अध्यक्ष स्वर्गीय एनके विद्यार्थी को श्रद्धांजलि देने के बाद रैली समाप्त की गई.

बता दें कि नई पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुरानी पेंशन लागू करने की मांग एवं एआईआरएफ के दिशा निर्देश पर वर्ष 2023 में व्यापक और राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया गया था. इस बैठक में फेडरेशन ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी की पुरानी पेंशन से कम कुछ स्वीकार नहीं है. लेकिन इस दिशा में केंद्र सरकार की तरफ से अभी तक कोई पहल नहीं किए जाने से रेल कर्मियों सहित सभी अन्य केंद्रीय कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है. फेडरेशन के आह्वान पर सभी जोनल यूनियनों ने पुराने पेंशन स्वीकार नहीं किए जाने की स्थिति में अनिश्चितकालीन अखिल भारतीय स्तर पर रेल हड़ताल पर जाने के लिए रेल कर्मचारियों का मंतव्य लिया था, जिसमें 98 प्रतिशत रेल कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने के लिए अपनी सहमति दी थी. 28 फरवरी को संयुक्त फोरम की बैठक में यह निर्णय लिया गया की 1 मई को सुबह 8:00 बजे से रेल हड़ताल की जाएगी. इसके लिए जोनल यूनियन द्वारा सभी ने के महाप्रबंधक को हड़ताल नोटिस दिया जाना था, परंतु सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हमारी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया जिसको लेकर हड़ताल स्थगित की गई थी. 15 जुलाई 2024 को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रिव्यू कमेटी का एनसी जेसीएम की बैठक निर्धारित की गई है. भारत सरकार से यूनियन ने माँग रखी है की समय रहते हमारी मांगों का अगर नहीं मानी गई तो निश्चित रूप से रेल का चक्का जाम करने का काम यूनियन करेगी. बरकाकाना शाखा के सभी रेलकर्मियों ने एक स्वर में कहा कि पुरानी पेंशन से कम कुछ भी स्वीकार नहीं. मौके पर सहायक सचिव मो हलीम अंसारी, मुकेश लाल, मृत्युंजय कुमार, डीके मोइत्रा, वीजेंद्र कुमार, गोल्डन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, देवव्रत कुमार, चन्द्रदेव, विनोद सिंह, संजय कुमार, रोहित महतो, अरविंद कुमार, प्रणव किशोर, कमल किशोर, ओम प्रकाश, दीपक कुमार तथा एनी कई रेलकर्मी शामिल हुए.

बता दें कि न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है. देश और राज्यों के चुनावों में लगातार ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) फिर से लागू करने का मुद्दा उठाया जा रहा है. कुछ कांग्रेस पार्टी शासित राज्यों में ओपीएस को लागू भी किया गया है, केंद्र सरकार इसको लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है. ऐसे में केंद्रीय कर्मचारियों में उसके खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है. हालांकि इस पर एक कमेटी का गठन किया है.

एनपीएस के विरोध में रैली निकालते ईसीआरकेयू बरकाकाना के रेलकर्मी.

खास बातें

- ईसीआरकेयू बरकाकाना के रेलकर्मियों ने निकाली रैली
- शाखा सचिव महेंद्र व जोनल प्रतिनिधि अमर ने किया नेतृत्व

पूर्व विधायक ममता देवी ने किया डोर टू डोर जनसंवाद

कई समस्याओं का अफसरों से बात कर ऑन स्पॉट कराया हल

रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में जनसंवाद के दौरान पूर्व विधायक ममता देवी.

संवाददाता। रामगढ़

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक ममता देवी द्वारा रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के जगदीश नगर, कर्माटोली, रामनगर एवं आदर्श कॉलोनी में डोर टू डोर जाकर जनसंवाद किया गया. उपस्थित सभी लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएं उन्हें बताई गईं. इनमें से कई समस्याओं का निपटारा ममता ऑन स्पॉट संबंधित अधिकारियों से बात कर किया गया. बाकी समस्याओं को जल्दी सुलझाने का आश्वासन दिया. ममता ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम छावनी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में चलेगा. मौके पर प्रदेश कांग्रेस के सचिव सीपी संतन, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदन प्रसाद, जिला कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश यादव आदि मौजूद थे.

जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

वाहन चालकों से 4 लाख रुपये जुर्माना वसूला

संवाददाता। रामगढ़

परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिले के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई. वहीं कुल 22 बड़े वाहनों की जांच की गई जिनमें 12 वाहनों के कागजात अधूरे पाए जाने पर सभी वाहनों के वाहन चालकों से 418000 रुपये जुर्माना वसूल किया गया.

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई. जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई. मौके पर उन्होंने सभी से अपील की कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने न दें और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन करें. उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा. जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा. उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा. वर्षा के दौरान सुरक्षित वाहन परिचालन के लिए जिले में परिवहन विभाग के द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है. इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने बताया कि वर्षा व कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग के द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है. परिवहन विभाग के द्वारा लोगों को यातायात के नियमों के अनुपालन के लिए लगातार अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है.

वाहन के कागजात की जांच करतीं जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स.

खास बातें

- अभियान के दौरान कुल 22 बड़े वाहनों की जांच की गई
- हेलमेट, लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग की जांच की

सीएस की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए दिशा निर्देश

फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में सैंपल एकत्रित करने पर जोर

बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद व अन्य.

संवाददाता। रामगढ़

सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में नेशनल प्रोग्राम फ़ॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ फ्लोरोसिस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान एपीपीसीएफ प्रयोगशाला की स्थापना, एपीपीसीएफ के लिए प्रशिक्षित मानव बल की वस्तुस्थिति, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समन्वय, विद्यालयों का सर्वेक्षण, सामुदायिक सर्वेक्षण, पीएसएमए के दौरान गर्भवती महिलाओं की फ्लोरोसिस की जांच, ओपीडी में फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग, विद्यालयों मे प्रचार–प्रसार, वार्षिक जिला स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन, जिले में व्यापक आईईसी गतिविधियों का प्रचार–प्रसार, विशेष जांच शिविर का आयोजन, विटामिन सी, डी और कैल्सियम की गोलियों का वितरण तथा फ्लोरोसिस से बचाव हेतु सुधारात्मक उपाय आदि पर चर्चा की गयी.

पहल डीएवी स्कूल बरकाकाना में मादक द्रव्य विरोधी अभियान का आयोजन

'मादक द्रव्य की लत युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही'

संवाददाता। रामगढ़

डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल एनटीएस बरकाकाना के विधिक साक्षरता क्लब में शुक्रवार को विधिक साक्षरता और मादक द्रव्य विरोधी अभियान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया. इस अवसर पर प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने अनिल कुमार, सचिव, डीएलएसए, सुजीत कुमार सिंह, मुख्य एलएडीसी अभिनव कुमार, एलएडीसी मंजरी अधिवक्ता, रामगढ़ सिविल कोर्ट और अंकित कुमार, विधि इंटर्न का स्वागत किया. मंजरी ने विधिक साक्षरता क्लब की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, जिसे 2018 में स्थापित किया गया था. उन्होंने बताया कि विधिक साक्षरता क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कानूनी सेल पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करना और उन्हें सही और गलत का ज्ञान कराना है. कार्यक्रम के दौरान सचिव अनिल कुमार ने मादक द्रव्य की लत के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की और बताया कि यह कैसे युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है. उन्होंने बताया कि देश और उसकी भविष्य की पीढ़ी को बचाने के लिए मादक द्रव्य विरोधी अभियान आवश्यक है ताकि लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके. इस अभियान का उद्देश्य समाज के लिए और विशेष रूप से युवाओं के लिए अवैध दवाओं की बड़ी चुनौती को उजागर करना है. इस अभियान का लक्ष्य समर्थन जुटाना और छात्रों को मादक द्रव्यों के उपयोग के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रेरित करना है. सत्र का समापन प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा में ले जाना आवश्यक है ताकि वे सुखी, स्वस्थ और पवित्र जीवन जी सकें. उन्होंने संदेश दिया की 'मादक द्रव्यों को ना कहें और जीवन को हां कहें.'

डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना में विधिक साक्षरता और मादक द्रव्य विरोधी अभियान पर कार्यशाला हुई.

जिला गंगा समिति की बैठक में दिए गए दिशा निर्देश

संवाददाता। रामगढ़

उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली.

मौके पर जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत जुलाई माह में आयोजित किये जाने वाली गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. जिसपर उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के प्रति जागरूक करने हेतु समिति के सदस्यों को इस माह में एक सप्ताह चयनित करते हुए पौधरोपण सप्ताह के रूप में मनाने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने जिला एवं प्रखंड कार्यालयों, सीसीएल, टिस्को, जिंदल आदि संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए पौधरोपण सप्ताह मनाने का निर्देश दिया. वहीं उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों में पौधरोपण सप्ताह के दौरान पौधरोपण करते हुए एक गंगा मित्र का चयन करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

गंगा समिति की बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो व अन्य.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष समय उत्तम है, पर उदर रोग से बचें. सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी बिलकुल न करें. हनुमानजी के मंदिर में जल का दान करें.

वृषभ दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय बनी रहेगी. चीनी का दान किसी गरीब स्त्री को करें.

मिथुन किसी से बहस नही हो इसका ध्यान रखें. सारी स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. निवेश शुभ रहेगा.

कर्क आपके प्रभाव से आय होगा. यात्रा का योग है. मानसिक उलझन दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें. लाभ में वृद्धि होगी.

सिंह नेत्र रोग से बचें. समय उत्तम है. सामाजिक सरोकार बढ़ेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. धनार्जन होगा. समय उत्तम है. इसका लाभ ले. सूर्य को जल अर्पण करें.

कन्या मानसिक शांति के साथ साथ आर्थिक सुख मिलेगा.आय होगी, पर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. आय में निश्चितता रहेगी. किसी नये कार्य में जोखिम न लें. लड्डू का भोग लगावें.

तुला थोड़े प्रयास से रुके कार्य बनेंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. झाड़ू का दान करें.

वृश्चिक लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. किसी अपनों पर व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

धनु समय सामान्य है. थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी.

मकर कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. किसी अपने के स्वास्थ की चिंता तथा तनाव रहेंगे. आय बनी रहेगी.

कुंभ कोई बड़ा निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे.

मीन किसी पर अतिविश्वास करने से बचें. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. गुरु गायत्री मंत्र का जाप करें.

सबसे अधिक बारिश 155.3 एमएम हरिहरगंज (पलामू) में दर्ज किया गया

झारखंड में मॉनसून सक्रिय, राजधानी में हुई जमकर बारिश

संवाददाता ।रांची

झारखंड में मॉनसून सक्रिय हो गया है. पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. जबकि राज्य में कहीं-कहीं पर भारी से भारी बारिश भी हुई. राज्य में मॉनसून की गतिविधि सक्रिय रही. सबसे अधिक बारिश 155.3 एमएम हरिहरगंज (पलामू) में दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री से. जमशेदपुर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री से. रांची में दर्ज किया गया. वहीं शुक्रवार को राजधानी रांची समेत लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, चतरा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश हुई. रांची के कई इलाकों में दो से तीन घंटे तक मूसलाधार बारिश से जलजमाव की स्थिति बन गयी. वहीं बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली. कई इलाकों की बोरिंग फेल हो चुकी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी तरह तेज बारिश हुई तो ग्राउंड वाटर बढ़ेगा और बोरिंग दोबारा काम कर सकेगा.

रांची में आज भी होगी बारिश। मौसम विभाग के अनुसार रांची में 13 जुलाई को भी बारिश होने की संभावना है. विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा की संभावना है. भारी बारिश को लेकर रांची समेत लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम में चेतावनी जारी की गई है. वहीं 14 जुलाई को भी राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है. वहीं रांची में 13 जुलाई को बादल छाये रहेंगे और मध्यम दर्जे की बारिश होगी. वहीं 14 जुलाई को सामान्यतः बादल छाये रहेंगे, दो या अधिक बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है. विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री से. की गिरावट होने कि संभावना है.

हेसला-बेको रोड पर विभागीय अनुमति के बाद बनेंगे आठ पुल

रांची। गिरिडीह के बगोदर में हेसला-बेको रोड का निर्माण चल रहा है. इस रोड में कुल आठ पुलों का निर्माण किया जाना है. सभी पुल कोनार नहर पर होंगे. इस कारण पथ निर्माण विभाग ने पुल निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है. जल संसाधन विभाग से अनुमति मिलने के तुरंत बाद पुलों का निर्माण शुरू कर दिये जाने की संभावना है. इसके अलावा इस सड़क के निर्माण के लिए भू-अर्जन विभाग ने और 44 करोड़ रुपये की मांग की है, जिसे उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है.

झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की पुनर्गठित कमेटी घोषित

संघर्ष से वैश्यों व पिछड़ों को मिलेगा अधिकार : साहू

▪ संवाददाता सम्मेलन में कमेटी के सदस्यगण.

संवाददाता ।रांची

झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 75 सदस्यीय पुनर्गठित केंद्रीय कमेटी की शुक्रवार को घोषणा की गई. केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने रांची के रेडियम रोड स्थित आलोका सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये इसकी जानकारी दी. उन्होने कहा कि सभी पदाधिकारियों का 17 जुलाई को रांची में शपथ ग्रहण कराया जाएगा.

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि नये, सक्रिय व समर्पित सदस्यों को आगे बढ़ाया जा सके. 81 सदस्यीय केंद्रीय समिति में छह विभिन्न पद रिक्त भी रखे गये हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी लड़ाई को लड़ने के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है. जिन्हें केंद्रीय समिति में शामिल किया गया है, वे समाज के लिए चिंता करने वाले लोग हैं. कई लोग झारखंड आंदोलनकारी भी हैं. अब वैश्यों के हक-अधिकार, रोजगार और सम्मान की लड़ाई को तेज किया जाएगा. क्योंकि अभिनंदन से नहीं, संघर्ष से वैश्यों को, पिछड़ों को अधिकार मिलेगा.

पुनर्गठित कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य इस प्रकार हैं

केंद्रीय अध्यक्ष- महेश्वर साहु (भुरकुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष- रेखा मंडल (धनबाद), हीरानाथ साहु (कांके) एवं अनंतलाल विश्वकर्मा (चाईबासा), वरीय उपाध्यक्ष- मोहन साव (गोमिया), अश्विनी कुमार साहु (अरगोड़ा), सुरेश साहु (ओरमांझी), रामसेवक प्रसाद अधिवक्ता (बरकट्ठा), ढलन साव (बड़कागांव), डॉ. माधवचंद्र मंडल (गोविंदपुर), हरेलाल मंडल (जमशेदपुर), दिगंबर साह (पाकुड़), केंद्रीय उपाध्यक्ष- योगेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), प्रमोद चौधरी (देवघर), लक्ष्मण साहु (ओरमांझी), परशुराम प्रसाद (अधिवक्ता, रांची), प्रेमशंकर भगत (चंदवा), अजित प्रजापति (गिद्दी), सहदेव चौधरी (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), दिनेश्वर साहु (मांडू) कोषाध्यक्ष- राजेन्द्र प्रसाद साहु (बुकरू), मीडिया प्रभारी- राहुल कुमार साहु (कांके) समेत केंद्रीय उपाध्यक्ष, उप प्रधान महासचिव, केंद्रीय महासचिव, संगठन महासचिव, केंद्रीय संगठन सचिव और कार्यकारणी सदस्य बनाए गए हैं.

कार्य के लिए टाटानगर-हटिया स्पेशल ट्रेन 14 जुलाई को रहेगी रद्द

रांची । दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अंतर्गत मूरी चांडिल रेलखंड पर विकास कार्य के लिये मेगा ब्लॉक लिया जाएगा. इसके चलते 14 जुलाई को दो ट्रेने रद्द रहेंगी. इसमें ट्रेन संख्या 08151 और 08152 टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर मेमू पैसेंजर के साथ ट्रेन संख्या 08195 और 08196 टाटानगर-हटिया-टाटानगर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी. इसके अलावा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने ट्रेनों में कोच संयोजन में बदलाव किया है. इस दौरान रेलवे ने ट्रेन संख्या 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस की 14 जुलाई के कोच संयोजन में बदलाव किया है. इसके तहत जनरेटर यान का 01 कोच, एसएलआरडी का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 07 कोच, वातानुकूलित 3 टियर के 06 कोच, वातानुकूलित 2 टियर के 02 कोच एवं वीपीएच का 01 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे.

रांची के खेलगांव में सेना भर्ती रैली 26 जुलाई से

डीसी और एसएसपी ने जारी किए निर्देश

संवाददाता ।रांची

रांची के खेलगांव स्थित फुटबॉल मैदान में सेना भर्ती रैली का आयोजन 26 जुलाई से होगा, जो कि 10 अगस्त तक चलेगा. इसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल होंगे. सुरक्षा और शांति के मद्देनजर जिला उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी किया है. इसके तहत दो पालियों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी. प्रथम पाली में रात 12 बजे से सुबह आठ बजे तक चलेगा. दूसरी पाली में सुबह आठ बजे से दोपहर चार बजे तक चलेगा.

रांची नगर निगम को भर्ती कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और प्रतिदिन शौचालयों की सफाई करने का निर्देश दे दिया गया है. साथ ही सभी सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को साफ आदेश दिया गया है कि वे अपने निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करें. इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

इसके अलावा विद्युत व्यवस्था, टेंट, बैरिकेडिंग, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सीसीटीवी, अग्निशमन, एंबुलेंस और यातायात व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों दिये गये हैं. साथ ही रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भी दलालों से दूर रहने की सलाह दी गयी है. यदि कोई दलाल अभ्यर्थियों को गुमराह करते हुए पकड़ा जाता है या प्रशासन को इसकी सूचना मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

आईजी व डीआईजी ने की कई घटनाओं की समीक्षा

संवाददाता ।चतरा

बोकारो जोनल आईजी माइकल राज एस और हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर शुक्रवार को चतरा पहुंचे. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जिला के एसपी विकास पांडेय और सभी डीएसपी और कांड के आईओ के साथ समीक्षा बैठक की. इस क्रम में जिले के आगजनी मामलों, गोलीबारी की घटनाओं की समीक्षा की साथ ही ईआरएसएस (डायल 112), सीपीएमएस, पीओसीएसओ आईटीएसएसओ आदि पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए. डीआईजी सुनील भास्कर ने जिला के सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला में सक्रिय अपराधी और उग्रवादी संगठन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें. जितने भी लंबित मामले हैं, इसका जल्द निष्पादन करें, साथ ही अफीम की खेती और गौ तस्करी पर लगाम लगाने का निर्देश दिए.

अमन साहू गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता।रांची

रांची, रामगढ़ और गुमला में एटीएस की छापेमारी

रांची, रामगढ़ और गुमला में एटीएस की टीम ने छापेमारी कर अमन साहू गिरोह का तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है. अमन साहू जेल के अंदर से ही आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवाने की साजिश रच रहा है. इससे पहले एटीएस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया.एटीएस के द्वारा की पहले गुमला में कार्रवाई की गई, जहां से कुख्यात अपराधी शिव को एटीएस ने फिल्मी अंदाज में दबोच लिया. शिव कुख्यात अमन साव का शार्प शूटर है.

बराती बन कर पहुंची एटीएस की टीम : एटीएस एसपी ऋषभ झा को जानकारी मिली थी कि शूटर शिव गुमला में शादी समारोह में कैमरा मैन का काम कर रहा है. जानकारी मिलने पर एटीएस की टीम बाराती बनकर गुमला पहुंची और बीच बारात से ही शिव को उठा लिया. थोड़ी देर के लिए बारात में अफरा तफरी मच गई लेकिन बाद में लोकल पुलिस के द्वारा बताया गया कि शिव एक कुख्यात अपराधी है. जानकारी के अनुसार शूटर शिव अपनी पहचान छुपाने के लिए वीडियोग्राफी का काम करता था, जब उसे बॉस यानी अमन का आदेश होता तब वह घटनाओं को अंजाम देता था.

रांची और रामगढ़ से दो अपराधी गिरफ्तार : एटीएस की टीम ने रांची और रामगढ़ के पतरातू में भी अमन साहू गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की. रांची से रवि और पतरातू से अनु नाम के अपराधी को एटीएस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है. अमन साहू के इशारे पर तीनों अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे. बताया जा रहा है कि राजधानी रांची के आसपास एक व्यक्ति की हत्या होनी थी और एक कंस्ट्रक्शन साइट पर हमला होना था. लेकिन उससे पहले ही एटीएस ने अमन के गुर्गों को उठा लिया.

30 हजार नियुक्ति सरकार का मात्र एक जुमला : रामहरि गोप

▪ हेमंत सोरेन का पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा कहां है

संवाददाता।चाईबासा

आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के रांची लोकसभा से प्रत्याशी रह चुके धीमान रामहरि गोप ने शुक्रवार को कहा कि 30 हजार नियुक्ति राज्य सरकार का मात्र एक जुमला है. हेमंत सरकार द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में 1500 पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राम हरि गोप ने कहा कि सितंबर तक हेमंत सरकार द्वारा 30 हजार नियुक्ति देने का वादा कर राज्य में जनता का जनादेश प्राप्त करने वाली हेमंत सरकार मात्र पांच साल में 8287 नियुक्ति दे पायी है. इसमें से 6426 नियुक्तियां पूर्व के रघुवर सरकार में घोषित की गयी थी. पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुनाव निकट आता देख सरकार द्वारा सितंबर तक 30 हजार नियुक्ति के लिए विज्ञापन छापना युवाओं को छलने के लिए एक जुमला और झुनझुना है. पिछले महीने पूर्व सीएम चम्पई ने 40 हजार नौकरियां देने की बात कही थी. लेकिन कुर्सी बदलते ही कुछ ही दिनों में 10 हजार से ज्यादा नौकरियां गायब हो गईं. महागठबंधन सरकार युवाओं के प्रति जरा भी संवेदनशील मुद्दे पर कोई कठोर निर्णय नहीं दिखा पा रहा है.

बिजनेस मैंनेजमेंट की परीक्षा न होने पर कॉलेज में विद्यार्थियों का हंगामा

पलामू । नीलाम्बर-पीताम्बर विवि अंतर्गत आने वाले गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित स्नातक सत्र 2018-21 एवं सत्र 2019-22 की बिजनेस मैंनेजमेंट की परीक्षा प्रश्न पत्र नहीं मिलने के कारण नहीं हो सकी. जैसे ही विद्यार्थियों को सूचना मिली कि बिजनेस मैंनेजमेंट की परीक्षा 8 जुलाई को ही हो गयी है, छात्र-छात्राओं ने अपना एडमिट कार्ड दिखाया, जिसमें 12 जुलाई की तिथि अंकित थी. विद्यार्थियों ने अपना प्रवेश पत्र दिखाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया. सूचना मिलते ही एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी एवं जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, झामुमो के जिला अध्यक्ष कौशल किशोर ने छात्राओं से मिलकर उनकी समस्या को सुना और तुरंत विद्यार्थियों को लेकर परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया और उनसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की की मांग की. नारेबाजी शुरू कर दी. इस दौरान विद्यार्थी परीक्षा नियंत्रक से इस्तीफा देने की मांग करते हुए कुलपति को बुलाने की मांग करते रहे. इस मौके पर विवि अध्यक्ष आशीष ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रंजन कुमार यादव, टिंकू आनंद, अभिनव कुमार तिवारी, आरती कुजूर, संध्या कुमारी, पल्लवी आदि उपस्थित थे.

शिक्षा मंत्री से मिले मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के सदस्य, सौंपा मांग पत्र

संवाददाता।रांची

शिक्षा मंत्री को गुलदस्ता देते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य.

झारखंड मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सूबे के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से उनके आवास पर शुक्रवार को मुलाकात की. इसका नेतृत्व मौलाना मुस्तफा कासमी ने किया. मंत्री को मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति द्वारा मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें लिखा है कि झारखंड राज्य में प्रस्विकृति प्राप्त 46 मदरसा व 36 संस्कृत विद्यालय को बिहार के तर्ज पर वेतन मद में अनुदान देने की मांग की गयी.

बिहार राज्य संस्कृत विद्यालय पर प्रस्वीकृति नियमावली 1976 व मदरसा प्रस्वीकृति नियमावली 1980 की नियमावली में प्रावधान है कि प्रस्वीकृति के बाद संस्थान में कार्यरत कर्मियों को राज्य सरकार वेतन मद में अनुदान देगी. मौलाना मुस्तफा कासमी ने कहा के मंत्री ने हमारी मांगों को पूरा करने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि जल्द इस पर काम करेंगे. प्रतिनिधिमंडल में मौलाना मुस्तफा कासमी, अब्दुल वहाब, मनु पांडे, भागीरथ राम, हाफिज साजीदुल्लाह, गुंजन, फहीम अख्तर, सिराजुद्दीन, शब्बीर हुसैन, समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे.

स्थायीकरण की मांग : स्वास्थ्य कर्मी फिर पकड़ेंगे आंदोलन की राह

विशेष संवाददाता।रांची

विधानसभा चुनाव के पहले फिर से राज्य में स्थायीकरण की मांग जोर पकड़ रही है. स्वास्थ्य कर्मी अपनी मांगों को लेकर फिर से आंदोलन की राह पकड़ने का एलान किया है. इसको लेकर शुक्रवार को कर्मचारी महासंघ की बैठक हुई. इसमें निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को झारखंड एमपीडब्लू कर्मी एकमात्र लंबित मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे. कहा गया कि ये कर्मी 2008 से संविदा पर काम कर रहे हैं, जिसमें झारखंड के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एमपीडब्लू स्वास्थ्य कर्मियों का स्थाई समायोजन नहीं होना दुखद है.

कहा गया कि संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा भी स्थायी समायोजन के लिए विभाग को पत्र भेजा गया. इस पर कुछ अमल नहीं हुआ. संघ के अध्यक्ष पवन कुमार, महासचिव मंगल हेंब्रम और झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में कई बार इस मुद्दे को उठाया गया. मगर कोई हल नहीं निकला. इससे विवश होकर अब संघ विवश होकर 19 जुलाई को मंत्री का आवास का घेराव करेगा. इसके बाद भी बात नहीं बनी तो सामूहिक अवकाश पर वे लोग चले जाएंगे. इस बाबत झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने कहा कि एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के आंदोलन का महासंघ समर्थन करता है. मंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेंत सोरेन से मांग है कि राज्य में कार्यरत एमपीडब्ल्यू का स्थाई समायोजन अविलंब किया जाए. बैठक में संघ अध्यक्ष के अध्यक्ष पवन कुमार, महासचिव मंगल हेंब्रम सहित कई उपस्थित थे.

मनीष सिंह हत्याकांड

जिप अध्यक्ष रामधन ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

पीड़ित परिवार से मिलते राजद जिलाध्यक्ष व अन्य.

▪ पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह से मोबाइल कॉल कर पुलिस कार्रवाई को लेकर जानकारी ली

संवाददाता ।कोडरमा

जिले के झुमरीतिलैया विशुनपुर रोड निवासी शंभु सिंह के व्यवसायी पुत्र मनीष सिंह की हत्या मामले में राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की. रामधन यादव ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर सहयोग का भरोसा दिया. जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने पीड़ित परिवार से घटना के उपरांत अबतक हुई पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने घटना को लेकर पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह से मोबाइल कॉल कर पुलिस कार्रवाई को लेकर जानकारी ली. रामधन यादव ने कहा कि पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह ने आश्वासन दिया है कि किसी भी कीमत पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. पुलिस फिलहाल मामले की गंभीरता से अनुसंधान कर रही है. यादव ने बताया कि मनीष सिंह हत्या मामले में उनके नेतृत्व में शनिवार को पीड़ित परिवार पुलिस कप्तान से मिलेंगे. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, मनोज सहाय पिंकू समेत स्थानीय लोग और पीड़ित परिवार के लोग मौजूद थे.

अच्छी पहल

नेतरहाट के मनीष कुमार पिछले मार्च से कर रहे हैं पूरे झारखंड की यात्रा

घाटशिला कॉलेज पहुंचे मनीष को किया सम्मानित

संवाददाता । घाटशिला

▪ मनीष कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते प्राचार्य

नेतरहाट निवासी मनीष कुमार पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर शुक्रवार को घाटशिला महाविद्यालय पहुंचे. उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें पौधरोपण और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया. मनीष कुमार के इस मिशन से प्रभावित होकर प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने उन्हें अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया.

प्राचार्य ने कहा कि मनीष कुमार का यह कार्य बेहद ही साहसिक और प्रेरणादायक है. प्रो. इंदल पासवान ने उनके कार्य और मिशन की सराहना करते हुए कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हम दो समान धर्मा व्यक्ति आज आपस में मिल रहे हैं. निश्चित रूप से यह मिलन हमारे मकसद को और संबल प्रदान करेगा. विदित हो कि मनीष कुमार नेतरहाट में रहते हैं और वहीं रहकर झारखंड के आदिम जनजाति बिरहोर, बिरजिया और असुर के लिए विकास कार्य करते हैं. उनकी आर्थिक उन्नति के लिए फलदार बगीचे लगाते हैं, ताकि उन आदिम जनजातियों का जीवन स्तर बेहतर हो सके. अपने कार्यों से एक साथ दो उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं. पहले पर्यावरण संरक्षण और दूसरा आदिम जनजातियों का जीवन स्तर में सुधार. इसी क्रम में मनीष कुमार पूरे झारखंड की यात्रा पिछले मार्च से कर रहे हैं. अभी तक 19 जिलों की यात्रा कर चुके हैं. शुक्रवार को 20 वें जिले की यात्रा में पूर्वी सिंहभूम की यात्रा के दौरान वे घाटशिला पहुंचे थे, जहां उन्होंने इंदल पासवान के साथ राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों, कबड्डी प्लेयर्स और कॉमर्स के विद्यार्थियों से रू-ब-रू हुए. इस मौके पर डा. एसपी सिंह, प्रो. सोमा सिंह, प्रो. राम विनय श्याम, डॉ. संजेश तिवारी, प्रो. अर्चना सुरीन, प्रो. विकास मुंडा, प्रो. मोहम्मद सज्जाद, डॉ कुमार विशाल सहित कई विद्यार्थी उपस्थित थे.

अज्ञात वैन ने बाइक में मारी टक्कर, एक महिला बच्ची सहित तीन घायल

विश्रामपुर (पलामू) । बीमोड़ पांडू मुख्य पथ स्थित बरवाडीह एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी. जिसमें बाइक सवार एक महिला, एक बच्ची व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. जहां तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर 108 एंबुलेंस की मदद से बेहतर इलाज के मेदिनीनगर मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया. घायलों की पहचान नीरा देवी, रविंद्र पासवान व अनामिका कुमारी के रूप में हुई है. सभी घायल गढ़वा जिला स्थित डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव के रहने वाले बताए जा रहे है.

समय पूर्व चुनाव के संकेत

क्या झारखंड विधान सभा का चुनाव तीन अन्य राज्यों के साथ समय से पहले ही कराया जाएगा? चुनाव आयोग की टीम ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के बाद यह संकेत दिया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव आयोग से मिल रहे संकेतों का विरोध किया है. झामुमो के प्रवक्ता ने इस तरह के प्रयास को अलोकतांत्रिक बताया है तो दूसरी ओर भाजपा के प्रवक्ता ने कहा है कि झामुमो चुनाव घोषणा के पहले ही अपने डर का प्रदर्शन कर रहा हैं. भाजपा के प्रवक्ता के अनुसार चुनाव आयोग को यह विशोषाधिकार प्राप्त है कि वह अवधि पूरी होने के छह महीने पहले चुनाव करा सकता है. झारखंड सरकार का कार्यकाल जनवरी तक है. 2019 में नवंबर और दिसंबर महीने में पांच चरणों में चुनाव हुए थे. इस साल के अंत तक झारखंड के अलावे हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू और कश्मीर में भी चुनाव होंगे. चुनाव आयोग की मंशा इन सभी राज्यों का चुनाव अक्तूबर में ही कराने का विचार चुनाव आयोग कर रहा है. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह चुनाव आयोग के माध्यम से झारखंड की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है. लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा की 53 सीटों पर बढत मिली है. वैसे तो 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को राज्य में दो छोड कर सभी सीटों पर जीत मिली थी और उसे 57 विधान सभा सीटों पर बढत मिली थी, लेकिन विधान सभा सीटों में वह 30 सीट भी नहीं जीत पायी थी. राज्य में लोकसभा की 14 सीटों में इस बार आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी पांच सीटों पर भाजपा को करारी हार मिली. लोकसभा के चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला है. इस बार दस सालों बाद वास्तविक अर्थो में उसे गठबंधन के भरोसे सरकार का नेतृत्व करना पड रहा है. महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा की हालत बेहतर नहीं बतायी जा रही है. कश्मीर घाटी में तो वह लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार भी खडा नहीं कर पायी थी. चारों राज्यों के विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए खास कर मोदी सरकार की स्थिरता और हनक के लिए बेहद अहमियत वाले हैं. महाराष्ट्र में जहां भाजपा का गठबंधन लोकसभा चुनाव में 17 सीटों पर ही सिमट गया, वहीं हरियाणा में उसकी संख्या आधी रह गयी. लोकसभा चुनाव के जनादेश की अलग-अलग समूहों ने अलग-अलग व्याख्या की है, लेकिन इस तथ्य को तो नहीं नकारा जा सकता कि सरकार बनाने के बावजूद भाजपा दस सालों बाद पहली बार बहुमत से दूर है. इसका असर इंडिया गठबंधन के मनोबल पर है. विपक्ष दस सालों बाद अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहा है. अनेक ऐसे सवाल हैं, जिन पर भाजपा खुद को घिरा हुआ महसूस कर रही है. इसमें परीक्षा के पेपर लीक, अग्निवीर और रोजगार का सवाल प्रमुख है. भारत में बढती सामाजिक और आर्थिक असमानता भी भाजपा की नीति निर्धारकों के लिए परेशानी का सबब है. इसके साथ मणिपुर जैसे सीमावर्ती राज्य में समन्वय और शांति की स्थापना का मामला भी है. झारखंड में ईडी की कार्रवाइयों को ले कर पहले से ही भाजपा पर झामुमो आरोप लगाता रहा है. हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और जमानत के मामले को ले कर झारखंड की राजनीतिक जमीन पहले से ही गर्म है.

> चारों राज्यों के विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए खास कर मोदी सरकार की स्थिरता और हनक के लिए बेहद अहमियत वाले हैं. महाराष्ट्र में जहां भाजपा का गठबंधन लोकसभा चुनाव में 17 सीटों पर ही सिमट गया, वहीं हरियाणा में उसकी संख्या आधी रह गयी.

सुभाषित

चिता चिन्तासम ह्युक्ता बिन्दुमात्र विशेषतः।
सजीवं दहते चिन्ता निर्जीवं दहते चिता॥

चिता और चिंता में मात्र एक बिन्दु (अनुस्वार) का ही फर्क है. सच पूछा जाये तो दोनों ही एक समान है. इसलिए कि चिता वह होता है, जो मरने के बाद यानी निर्जीव होने पर जलाता है, लेकिन चिंता तो जीवित रहते भर में जलाती है.

एजेंडा सेट, दिखी पूरी कैबिनेट

चार साल तक कई शंकाओं-आशंकाओं के बीच हेमंत सरकार चलती रही, लेकिन फरवरी 2024 से अबतक इस राज्य को दो सरकारें देखनी पड़ी. यानी साढ़े चार साल में तीन सरकारें सामने आईं. यह अलग बात है कि 2005 और 2009 के बाद छठे-छमासे बननेवाली अलग-अलग गुण-धर्म की सरकारों के बजाय इस बार एक ही राजनीतिक गोत्र-वर्ण की सरकारें बनीं. लेकिन इतिहास में यह दर्ज हो गया कि विधानसभा के पांचवें कार्यकाल में तीन सरकारें बनाने की नौबत आई, कारण चाहे जो रहा हो.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस बात की वाहवाही ले सकते हैं कि 11 साल पहले उन्होंने फुल कैबिनेट वाली सरकार बनायी-चलायी थी और अब एक बार फिर उन्होंने फुल कैबिनेट का गठन किया है. बीच की अवधि में पूरे पांच साल रघुवर दास के नेतृत्ववाली बहुमत की एनडीए सरकार एक मंत्री पद खाली रखकर ही चली थी. हालांकि उसके बाद चार साल तक खुद हेमंत ने भी एक मंत्री पद खाली रखकर ही सरकार चलायी. यहां तक कि 31 जनवरी को उनके जेल जाने के बाद बनी इंडिया ब्लॉक की ही चंपाई सोरेन सरकार में भी एक मंत्री पद खाली रहा. इस दौरान कांग्रेस कोटे के एक सीनियर मंत्री आलमगीर आलम ईडी द्वारा बंदी बनाये गये थे. उन्होंने पद नहीं छोड़ा था और जब छोड़ा भी तो वैकेंसी पूरी नहीं की गई थी. सरकार के पास बहुतेरे काम होते हैं. उसी के अनुरूप कैबिनेट का साइज निर्धारित किया गया है. कैबिनेट में कुछ पद खाली रखने का सीधा संदेश यही होता है कि सत्ताधारी दल/गठबंधन में कुछ पेंच है. झारखंड में सरकारें हमेशा शंका/आशंकाओं से घिरी रही हैं. इसी कारण तुष्टीकरण के इर्द-गिर्द राजनीतिक इंजीनियरिंग मचलाती-मटकाती जाती रही.

2014 के अंतिम दिनों में बनी रघुवर सरकार ही एकमात्र उदाहरण है, जिसने विरोधाभासों के बावजूद पूरी अवधि तक काम किया. बाकी सभी 12 सरकारें उलझनों के झूले में झूलती रहीं. झारखंड गठन के बाद 15 नवंबर 2000 को बनी पहली सरकार भी इन पेंगों से अलग नहीं रही. उस काल में दो बार एनडीए सरकारें बनानी पड़ी. यही वह दौर था, जब राज्य में मुख्यमंत्री सहित 12 सदस्यीय कैबिनेट का निर्धारण हुआ, अन्यथा बाबूलाल मरांडी के नेतृत्ववाली पहली एनडीए सरकार में दो राज्य मंत्रियों और स्वतंत्र प्रभार वाले आठ राज्य मंत्रियों सहित 26 मंत्री बनाये गये थे. सीएम समेत 27 हुए. आपसी तनावों में इस सरकार का पतन हुआ तो अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार-2 की कैबिनेट में स्वतंत्र प्रभार वाले दो राज्य मंत्रियों सहित 26 माननीय थे. संविधान के 91वें संशोधन के परिणामस्वरूप कैबिनेट के नये स्वरूप-निर्धारण के बाद 4 जून 2004 को 12 मंत्रियों से इस्तीफा करा लिया गया, 30 जून 2004 को तत्कालीन राजस्व मंत्री मधु सिंह को बर्खास्त कर दिया गया और नये प्रावधान के अनुरूप कैबिनेट की ताकत मुख्यमंत्री सहित 12 सदस्यों तक सीमित कर दी गई.

झारखंड विधानसभा के पहले चुनाव के बाद टर्म पूरा होने तक चार सरकारें बनीं. दूसरे चुनाव के बाद 2009-14 के बीच तीन सरकारें बनाने की नौबत आई. उसी दौर के अंतिम 17-18 महीने के लिए 12 जुलाई 2013 को हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री के रूप में उदय हुआ. तकरीबन आठ महीने बाद 19 फरवरी 2014 को चंद्रशेखर दुबे की कैबिनेट से बर्खास्तगी हुई. ऐसे ही 6 जुलाई 2014 को साइमन मरांडी कैबिनेट से रुखसत कर दिये गये. उग्रवादी संगठनों से संबंध के आरोपों से लदे योगेंद्र साव को उसी साल 12 सितंबर को इस्तीफा करना पड़ा. इन तीनों रिक्तियों की पूर्ति अलग-अलग तारीखों में क्रमशः केएन त्रिपाठी, बन्ना गुप्ता और लोबिन हेम्ब्रम से की गई. बन्ना गुप्ता ही अकेले शख्स हैं, जो हेमंत सरकार की दूसरी और तीसरी पाली सहित चंपाई कैबिनेट में भी जगह पा सके. तबतक क्या, बाद की रघुवर सरकार तक खींचतान की स्थिति यह रही कि दो, तीन, चार चरणों में कैबिनेट पूरी की जाती थी.

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

2019 के चुनाव में यूपीए को बहुमत मिलने से उम्मीद बंधी थी कि 2014 में बनी एनडीए सरकार की नाईं यह भी अपना कार्यकाल पूरा करेगी. लेकिन ऐसा हो न सका. चार साल तक कई शंकाओं-आशंकाओं के बीच हेमंत सरकार चलती रही, लेकिन फरवरी 2024 से अबतक इस राज्य को दो सरकारें देखनी पड़ी. यानी साढ़े चार साल में तीन सरकारें सामने आईं. यह अलग बात है कि 2005 और 2009 के बाद छठे-छमासे बननेवाली अलग-अलग गुण-धर्म की सरकारों के बजाय इस बार एक ही राजनीतिक गोत्र-वर्ण की सरकारें बनीं. लेकिन इतिहास में यह दर्ज हो गया कि विधानसभा के पांचवें कार्यकाल में तीन सरकारें बनाने की नौबत आई, कारण चाहे जो रहा हो. इस बार के अपने दूसरे कार्यकाल में 8 जुलाई को जब हेमंत सोरेन विश्वासमत प्राप्त कर रहे थे तो निवर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने ठीक ही कहा, यह राज्य राजनीति की प्रयोगशाला बना दिया गया है.

विधानसभा के इस कार्यकाल के पूरा होने में लगभग छह महीने शेष हैं. यदि महाराष्ट्र और हरियाणा के साथ ही चुनाव करा दिया गया तो यह अवधि और सिमट जाएगी. रांची के बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ अहस्तांतरणीय भुईंहरी जमीन कथित रूप से हथियाने के जिस मामले में हेमंत को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था, उसे ईडी सुप्रीम कोर्ट में ले गया है. हेमंत को उस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने 28 जून को नियमित जमानत दी थी. इसी कारण वे दोबारा सत्ता शीर्ष पर आसीन हुए हैं. सुप्रीम कोर्ट के रुख पर उनका वर्तमान और भविष्य निर्भर करेगा. यूं ईडी के आसामी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी के बावजूद मार्च से ही जेल से सरकार चला रहे हैं. ईडी और सीबीआई की याचिका पर कोई कार्रवाई होती है, हेमंत की गिरफ्तारी होती है तो झारखंड विधानसभा के चुनाव में इंडिया ब्लॉक को विक्टिम कार्ड चलने का मौका मिल जाएगा. हेमंत ने जमानत मिलते ही सीएम की कुर्सी हासिल कर दोहरी चाल चल दी है. सामान्य स्थिति में विक्टिम कार्ड उनके पास है, यदि ईडी आदि ने कोई असामान्य स्थिति बनाई तो यह विक्टिम कार्ड और वजनी हो जाएगा.

(ये लेखक के अपने विचार हैं.)

• बोधि-वृक्ष | सुज़्

आस्तिकता और सदाचार

भय प्रत्येक जीव की प्राकृतिक संज्ञा है. 'ईश्वर-आस्तिक' को ईश्वर के नाराज़ होने का भय होता है तो 'कर्म-फल-आस्तिक' को बुरे प्रतिफल मिलने का भय रहता है. 'नास्तिक' को बुरा व्यक्तित्व कहलाने का भय रहता है. भय के कारण ही सभी सदाचारी रहना उचित मानते हैं और कदाचारों से दूर रहने का प्रयास करते हैं. आस्तिकों को विशेष रूप से ईश्वर और कर्म-फल के प्रति श्रद्धा व सबूरी का आधार रहता है. अगर आस्तिक को सदाचार के एवज मे प्रशंसा और प्रतिफल त्वरित न भी मिले तो वह सब्र कर लेता है, और निर्णायक दिन या अगले जन्म तक का भी इन्तजार कर लेता है. और आस्था के कारण अपने विश्वास से विचलित नहीं होता. वहां भौतिकवादी नास्तिक, सदाचार के प्रतिफल में विपरीत परिणामों का अनुमान मात्र लगाकर विचलित हो जाता है. अनुकूल परिणाम न आते देखकर निराश हो जाता है, क्योंकि धैर्य का उसके पास कोई औचित्य ही नहीं होता. वह शीघ्र ही सदाचार से पल्ला झाड़ लेता है. वह जरा सी प्रतिकूलता देखते ही अपने अनास्थक मानसिकता पर और भी मजबूत हो जाता है. इस प्रकार सदाचार पर टिके रहने के लिए न तो उसके पास पर्याप्त मनोबल होता है, और न ही प्रतिफल का पूर्ण विश्वास. पर्याप्त आधार के बिना भला वह क्यों सब्र करेगा? 'अच्छे का नतीजा अच्छा', या 'भले का परिणाम भला' वाला नीतिबल तो कब का नष्ट हो चुका होता है. नैतिकता पर 'चलने' का आधार समाप्त ही हो जाता है. विश्वास स्वरूप 'पैर' ही न हो तो कदम क्या खाक उठा पाएगा? इसी आशय से मैंने कहा था, "नास्तिकी-सदाचार के तो पैर ही नहीं होते" उसके पास दृढ़ता से खडे रहने का नैतिक बल ही नहीं होता. किस भरोसे खडा रहेगा? भला वह क्यों मोल लेगा भावी के भरोसे, निश्चित कष्ट, प्रतीक्षा और अनावश्यक तनाव? तत्क्षण प्रतिशोध ही उनके लिए न्यायमार्ग होता है. और प्रतिशोध किसी भी दृष्टि से सदाचार नहीं है. सदाचरण सदैव, घोर परिश्रम, सहनशीलता और धैर्य की मांग करते हैं. अधिकांश बार उपकार का बदला अपकार से भी मिलता है. कईं बार सदाचारियों की गणना कायरों में गिनी जाती है. सामान्यतया तो उसे डरपोक ही मान लिया जाता है. सदाचारी के शत्रुओं की भी संख्या बढ जाती है. उसे पाखण्डी ही समझा जाता है. कभी कभी तो उसे शान्ति के बदले मिलती कीर्ति का भी हनन कर दिया जाता है. इतना सब होने के बाद, अनास्थावान का सदाचारों पर टिके रहना तलवार की धार पर चलने के समान होता है. सदाचारों का लाभ तो मिले या न मिले, जीवन को क्यों लोहे के चने चबाने जैसे दुष्कर कार्य में व्यर्थ करना.

औद्योगिक विकास गति और विदेशी निवेश

• आर्थिकी

नन्तू बनर्जी

यह अजीब लग सकता है कि औद्योगिक महाशक्ति और एक प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखने वाले भारत को पिछले साल केवल 28 अरब अमेरिकी डॉलर का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ, जबकि छोटे से सिंगापुर में 160 अरब डॉलर और हांगकांग में 113 अरब डॉलर के एफडीआई का प्रवाह हुआ. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के अनुसार, आर्थिक मंदी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत में एफडीआई प्रवाह में 43 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें दो प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 13खरब डॉलर रह गया है. भारत को वास्तव में मजबूत अर्थव्यवस्था बनने के लिए अगले 10 वर्षों में कम से कम 150-200 बिलियन डॉलर की वार्षिक आवश्यकता होगी. नयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को आने वाले वार्षिक बजट में देश में बड़े पैमाने पर एफडीआई प्रवाह के लिए सभी बाधाओं को दूर करने का ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए. दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर भारत का सकल घरेलू उत्पाद केवल 35.2 खरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया है. इसके विपरीत, पड़ोसी चीन का सकल घरेलू उत्पाद 2023 में 1260.6 खरब युआन था, जो 178.9 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है. भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि का रुझान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व के लक्ष्य से दूर है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के अंत में 50 खरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के निशान को छूने का लक्ष्य रखा गया था. भारत को अपनी गरीबी और बेरोजगारी से निपटने के लिए कई वर्षों तक दोहरे अंकों की वार्षिक आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता है. देश को अपनी अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता होगी. अधिशेष धन वाले मुट्ठी भर घरेलू औद्योगिक निवेशक ऐसी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते. चीन का विशाल आर्थिक उत्थान देश में साल दर साल बड़े पैमाने पर एफडीआईप्रवाह द्वारा संभव हुआ है. 2021 में, चीन में एफडीआई प्रवाह 344 अरब डालर के शिखर पर पहुंच गया. दूसरी ओर, चीनी बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) द्वारा अन्य देशों में निवेश 2023 में पूरा हुआ. चीन से आउटबाउंड ग्रीन फील्ड एफडीआई 140अरब डालर से अधिक था, जिसने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया. यह आउटबाउंड चीनी विलय और अधिग्रहण में गिरावट के बाद है, क्योंकि पश्चिमी सरकारों ने प्रस्तावित चीनी विलय और अधिग्रहण सौदों की जांच तेज कर दी है. चीन स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में नये बाजारों में विस्तार कर रहा है. नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत का तेजी से विस्तार करने वाला अडानी समूह, जो सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का एक प्रमुख प्राप्तकर्ता है, ने अपनी महत्वाकांक्षी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है. गुजरात में चीन से जुड़ी एमजी मोटर्स भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दे रही है. संयोग से, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था संयुक्त राज्य अमेरिका एफडीआई का शीर्ष प्राप्तकर्ता बना हुआ है, जो 2023 में कुल 341अरब डॉलर था. अमेरिका में एफडीआई प्रवाह 2015 और 2016 में क्रमशः 484अरब डॉलर और 480अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया. हाल ही में अमेरिका में एफडीआई प्रवाह में काफी कमी आई है. शीर्ष-20 मेजबान अर्थव्यवस्थाओं में, एफडीआई प्रवाह में सबसे बड़ी गिरावट फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका और भारत में दर्ज की गई. भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी किये गये आंकड़ों में बताया गया है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उच्च ब्याज दरों और देश में विभिन्न क्षेत्रों में सीमित अवशोषण क्षमता जैसे बाहरी कारकों के कारण 2023-24 में एफडीआई पांच साल के निचले स्तर पर आ गया. विडंबना यह है कि भारत में एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जो तेजी से बढ़ रहा है, वह है शेयर बाजार. शेयर बाजार में जुआ खेलने वाले उच्च उपभोक्ता मुद्रास्फीति के बावजूद सूचीबद्ध शेयरों की कीमतों में और उछाल देखने के लिए कम ब्याज दरों के लिए अभियान चला रहे हैं. यह बहुत चिंता की बात है कि रिजर्व बैंक और सरकार ऐसे अभियानों के झांसे में आ सकते हैं. चिंतित हैं. अभी तक, अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी को छोड़कर बहुत कम ओईसीडी देश भारत में सीधे निवेशक हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि का रुझान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व के लक्ष्य से दूर है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के अंत में 50 खरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के निशान को छूने का लक्ष्य रखा गया था. भारत को अपनी गरीबी और बेरोजगारी से निपटने के लिए कई वर्षों तक दोहरे अंकों की वार्षिक आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता है.

बदलाव की बयार, उदारवाद की संभावनाएं

• देशांतर

प्रमोद जोशी

राष्ट्रपति-चुनाव में 'सुधारवादी' और मध्यमार्गी नेता मसूद पेज़ेश्कियान की विजय के साथ ही सवाल पूछे जाने लगे हैं कि क्या अपने देश की विदेश और सामाजिक-नीतियों में वे बड़े बदलाव कर पाएंगे? अधिकतर पर्यवेक्षक मानते हैं कि फौरन किसी बड़े बदलाव की उम्मीद उनसे नहीं करनी चाहिए, पर यह भी मानते हैं कि जनादेश बदलाव के लिए है. सवाल है कि कैसा बदलाव? पेज़ेश्कियान ने अपने चुनाव-प्रचार के दौरान पश्चिमी देशों के साथ रचनात्मक-संवाद की बातें कई बार कही हैं. माना जा रहा है कि 2015 में हुए और 2018 में टूटे नाभिकीय-समझौते पर वे देर-सबेर फिर से बातचीत शुरू कर सकते हैं. संभवतः जावेद ज़रीफ उनके विदेशमंत्री बनेंगे, जो अतीत में इस समझौते के मुख्य-वार्ताकार रहे हैं. देश में सुधारवादियों का भी जनाधार है और व्यवस्था इतनी कठोर नहीं है कि उनकी अनदेखी करे. पेज़ेश्कियान भी सावधानी से कदम रखेंगे. वे मध्यमार्गी हैं. उनकी तुलना में मीर हुसैन मौसवी और पूर्व राष्ट्रपति अली अकबर हाशमी रफसंजानी की बेटी फाज़ेह हाशमी रफसंजानी ज्यादा बड़े स्तर पर सुधारों की मांग कर रहे हैं. मीर हुसेन मौसवी देश में 1981से 1989 के बीच प्रधानमंत्री रह चुके हैं. उनके हटने के बाद वह पद भी समाप्त कर दिया गया था. 2009 के राष्ट्रपति चुनाव में वे राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद के खिलाफ चुनाव लड़े थे, पर जीत नहीं पाए थे. उस चुनाव में धांधली होने का आरोप भी लगा था. ईरान इस बात पर संतोष कर सकता है कि उसने संकट के बीच राष्ट्रपति चुनाव कराया, लेकिन उसके शासकों को बढ़ते असंतोष और मतदाताओं की घटती रुचि पर भी गौर करना होगा. शायद जनता के बढ़ते दबाव की वजह से सुधारों का प्रस्थानबिंदु तैयार हो गया है. यह बात ईरान पर ही नहीं, कमोबेश सभी इस्लामिक देशों पर लागू होती है. आधुनिक लोकतंत्र के नज़रिए से पश्चिम एशिया के मुस्लिम देशों में सिर्फ ईरान में ही मुकम्मल लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं हैं. दूसरा लोकतांत्रिक देश पाकिस्तान है. इन दोनों से बेहतर स्थिति तुर्की में है, जिस पर यूरोप का असर है. ईरान की राजव्यवस्था का सिद्धांत है 'विलायत-ए-फ़कीह.' यानी फ़कीह (इस्लामी न्यायविद) का संरक्षण. विलायत अल-फ़कीह का सिद्धांत शिया वैचारिक-आधारशिला से जुड़ा है. मौजूदा वली-ए-फ़कीह (संरक्षक न्यायविद-गार्डियन ज्यूरिस्टज) आयतुल्ला अली खामनेई हैं. राष्ट्रपति पद पर व्यक्ति दो बार से ज्यादा काम नहीं कर सकता है, पर सुप्रीम लीडर के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं हैं. उनका चुनाव विशेषज्ञों की एक सभा करती है, जिसके सदस्यों का चुनाव आठ साल के लिए मतदाता करते हैं. इस चुनाव में खड़े होने के लिए भी गार्डियन कौंसिल की अनुमति लेनी होती है. देश के सामने दो चुनौतियाँ हैं. एक, प्रशासनिक और सामाजिक-प्रणाली को भीतर से सुधारना और दूसरे आर्थिक संकटों से निजात पाना. आर्थिक-संकट काफी हद तक पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण हैं. आप इन प्रतिबंधों की कितनी भी आलोचना करें, पर वे वास्तविक हैं. उन्हें खत्म कराने की कोशिशें करनी होंगी. ईरान की राजनीतिक व्यवस्था में लोकतंत्र, फौजी शासन और धार्मिक-राज्य के तत्व मिले-जुले हैं. व्यवस्था का वास्तविक संचालन धार्मिक-नेताओं और सेना के हाथ में है. पहले दौर में मोहम्मद बाकर क़ालिबाफ धार्मिक नेताओं और सेना के 'सिद्धांतवादी' प्रतिनिधि थे, पर वे चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे. देश में दो साल से सामाजिक-परिवर्तन के लिए आंदोलन चल रहा है, उसके जवाब में कट्टरपंथी आंदोलन भी खड़ा हुआ है. 'जेबा-ए-पायेदारी-ए-इंकलाबे-इस्लामी' नाम का समूह चाहता है कि देश 1979 के क्रांतिकारी दौर में वापस लौटे. इस समूह को 'सुपर रिवॉल्यूशनरी' समूह कहा जाता है. ईरान के कठोर राष्ट्रवादी अपने नाभिकीय कार्यक्रम को अमेरिका-समर्थित विश्व-व्यवस्था के हवाले करने को तैयार नहीं है. उधर करीब दो साल से हिजाब को लेकर चल रहे आंदोलन के खिलाफ सरकारी कार्रवाई जारी है. यहां सुधारवाद से तात्पर्य व्यवस्था में आमूल परिवर्तन नहीं है. इसका फिलहाल अर्थ है पश्चिम से संवाद कायम करना, ताकि आर्थिक-संकटों से मुक्ति मिले. इसके अलावा सामाजिक-जीवन में समय के साथ बदलाव के रास्तों को खोलना. आर्थिक दुश्वारियों और सांस्कृतिक पुलिस व्यवस्था की बढ़ती भूमिका को लेकर जनता के एक वर्ग में नाराज़गी है. ईरान पर इसराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से, यमन के हूती और लेबनान के हिज़्बुल्ला समूहों पर काबू पाने लिए भी बाहरी दबाव पड़ रहा है. ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का भी विस्तार कर रहा है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> राष्ट्रपति पद पर व्यक्ति दो बार से ज्यादा काम नहीं कर सकता है, पर सुप्रीम लीडर के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं हैं. उनका चुनाव विशेषज्ञों की एक सभा करती है, जिसके सदस्यों का चुनाव आठ साल के लिए मतदाता करते हैं. इस चुनाव में खड़े होने के लिए भी गार्डियन कौंसिल की अनुमति लेनी होती है. देश के सामने दो चुनौतियां हैं.

मीडिया में अन्यत्र

गरीबी की दर में गिरावट का फसाना

हाल के वर्षों के विभिन्न अनुमानों से यह संकेत मिलता है कि देश में गरीबी के स्तर में काफी कमी आई है. अगर गरीबी के दायरे में आने वाले परिवारों को बचाया जा सका तो परिणाम और बेहतर होंगे. नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च ने इस बारे में एक नया शोध पत्र प्रकाशित किया है, जिसमें नागरिकों के लिए सुरक्षा ढांचे को नए सिरे से तैयार करने की बात कही गई है. 'रीथिंकिंग सोशल सेफ्टी नेट्स इन अ चेंजिंग सोसाइटी' शीर्षक वाले इस शोध पत्र में कहा गया है कि 2011-12 में 21.2 फीसदी से 2022-24 में 8.5 फीसदी तक गरीबी के स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है. यह आकलन तेंडुलकर गरीबी रेखा के आधार पर किया गया है. भारत मानव विकास सर्वेक्षण 2004-05, 2011-12 और 2022-23 के आंकड़ों का इस्तेमाल करके शोध पत्र में कहा गया है कि 2024-25 में जिन 8.5 फीसदी लोगों को गरीबों के रूप में चिह्नित किया गया, उनमें से 3.2 फीसदी 2011-12 से ही गरीब बने हुए हैं जबकि 2.3 फीसदी लोग नए सिरे से गरीबी के शिकार हुए हैं. अध्ययन में इस बात को रेखांकित किया गया है कि पुरानी गरीबी का स्तर कम हुआ है, जबकि अस्थायी गरीबी बढ़ी है. ऐसे मामलों में परिवार समय-समय पर गरीबी के भंवर में गिरते और उससे उबरते रहते हैं. इसमें बार-बार गरीबी के शिकार होने वाले परिवारों को संवेदनशील ठहराते हुए कहा गया है कि गरीबी रेखा और उससे 200 फीसदी ऊपर तक के परिवार इस श्रेणी के हैं. कई अकादमिक अध्ययनों में भी इस बात के प्रचुर प्रमाण मिले हैं, जो ऐसीसंवेदनशीलता बढ़ाने वाले कारकों को चिह्नित करते हैं. उदाहरण के लिए परिवार में बड़ी संख्या में बच्चों का होना या एक परिवार में आश्रितों की संख्या अथवा भूमिहीनता की स्थिति लोगों के संवेदनशील होने की संभावना बढ़ा देते हैं. बाहरी झटके मसलन प्राकृतिक आपदा, परिवार का ध्यान रखने वाले मुखिया की बीमारी या उसकी मौत अथवा पेशाजनित अवसरों में कमी भी परिवारों को किसी भी समय गरीबी के दुष्चक्र में उलझा सकती है. देखा तो यह भी गया है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवार मसलन अनुसूचित जाति और जनजाति के परिवार अथवा अल्पसंख्यक समुदाय के परिवार इस तरह के जोखिम में अधिक होते हैं. शोध में गरीबी की गतिशील प्रकृति को रेखांकित किया गया है और सामाजिक सुरक्षा उपायों को लक्षित करने की मौजूदा व्यवस्था की कमियों को उजागर किया गया है. मौजूदा व्यवस्था गरीबी रेखा के नीचे के संकेतकों पर आधारित है और उसकी अपनी सीमाएं हैं, जो इसके असर को कम करती हैं. पहली बात, गरीबी रेखा को लेकर ही काफी बहस है. आलोचक कहते हैं कि गरीबी रेखा की सीमा मनमाने ढंग से तय की गई है, जो किसी तरह केवल जीवित रहने से संबंधित है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

सदका/ज़कात

तेरे सदके बालम न कर कोई गम, ये समा ये जहां फिर कहां. यह 1954 में आयी हिंदी फिल्म का मुखड़ा है, जिसे शकील बदायूंनी ने लिखा था. इस गीत में सदका शब्द का प्रयोग श्रृंगार के अभिप्राय से किया गया है. दूसरा नात कव्वाली का मुखड़ा है-तेरे सदके में आका सारे जहां को दीन मिला. इसमें सदका शब्द के प्रयोग का प्रयोजन भक्ति है. अरबी भाषा में सदकाह और सदक मतलब है चैरिटी, परोपकार. इसका बहुवचन सदकात आधुनिक संदर्भ में स्वैच्छिक दान का भाव देता है. अरबी भाषा में सदका से मिलते-जुलते अर्थ वाला शब्द जकात है. हालांकि प्रयोग की दृष्टि से दोनों के बीच अनेक भिन्नताएं भी हैं. सदका संज्ञा पुल्लिंग है तो जकात संज्ञा स्त्रीलिंग. सदका का मतलब है ईश्वर के नाम पर दरिद्रों को दी जानेवाली वस्तु, खैरात, चढ़ावा, दान, वह चीज जो वार कर किसी को दी जाये, निछावर, वारफेर, उतारा, नजर या रोग आदि के निवारण के लिए टोने या टोटके के रूप में किसी के सिर से उतार कर दी जानेवाली या कहीं चौक-चौराहे पर रख दी जानेवाली वस्तु, अनुग्रह, प्रसाद. जकात शब्द का मतलब है यातायात से संबंधित कर महसूल, खैरात, दान, वार्षिक आय का 40वां भाग जिसे दान करना मुस्लिम समाज में जरूरी माना जाता है. दोनों शब्दों का भाव है दान. दोनों के बीच अंतर भी है. मतलब ज़कात साल में एक बार अनिवार्य है, जबकि सदक़ा कभी अनिवार्य नहीं है. ज़कात विशिष्ट संपत्तियों पर दी जाती है जैसेः सोना, चांदी, नकदी, व्यापारिक संपत्ति, कृषि उपज, पशुधन, खजाना, जबकि सदक़ा में संपत्ति के संदर्भ में ऐसी कोई विशिष्टता नहीं है. ज़कात की गणना से कुछ देनदारियों को घटाया जा सकता है, जबकि सदक़ा की कोई गणना नहीं है, जिसमें देनदारियों को घटाया जाता है. ज़कात न देने वालों पर राज्य दंडात्मक कार्रवाई कर सकता है, जबकि सदक़ा कभी भी लोगों पर थोपा नहीं जाता. उसके लिए दान करनेवाला स्वतंत्र होता है.

भागो रे भागो, प्रलय आ रहा है!

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

खबरीलाल यह खबर उड़ाते हुए अपने घर से निकले कि प्रलय आ रहा है. फिर क्या था, सारे गांव के लोग इनके पीछे हो लिए. इन सबको देखकर दूसरे गांव के लोग भी निकल पड़े. खबर प्रलय की तरह बढ़ती ही जा रही थी. प्रलय की बात सुनकर कुछ लोगों के प्राण पखेरू उड़ गए. खबरीलाल बोले, देख लिया न यह प्रलय की शुरुआत है. यदि बचना हो तो भागो. किसी बुद्धिजीवी ने पूछा कि भाई आप लोग क्यों भाग रहे हो? खबरीलाल बोले सुना नहीं प्रलय आ रहा है. बुद्धिजीवी बोले तुम्हें पता है कि प्रलय आ रहा है तो क्या तुमने प्रलय आते हुए देखा है? खबरीलाल बोले आज तक प्रलय को किसी ने देखा है कि हम ही देखेंगे. प्रलय देखने के लिए बचता कौन है? बुद्धिजीवी बोले फिर भी यदि प्रलय आ ही रही है तो भागने की क्या जरूरत है? कहां जाओगे? प्रलय से कोई कहां भाग सकता है? खबरीलाल बोले, हम लोगों का समय खराब मत करो. हम सब जहां तक भाग पाएंगे भागेंगे. हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने वाले नहीं हैं. हम खुद भागेंगे तो हमें देखकर दूसरे भी भागेंगे और हो सकता है हम सबको भागता देखकर प्रलय भी भाग जाये. लोगों ने कहा अरे भाई प्रयास करने में क्या बुराई है? भागो ! और सब भागने लगे. बुद्धिजीवी ने कुछ सोचा और बोले, हां प्रयास करने में कोई बुराई नहीं है और खुद खबरीलाल के साथ भागने लगे. खबरीलाल बोले यह 2024 है. इसके लगते ही बरसात शुरू हो गई है. बादल भी गर्जा है. और हवा भी चली है. ऐसे बता रहे थे, जैसे आज पहले ऐसा कभी हुआ ही नहीं. आगे बोले कि बिल्ली रो रही थी. कुत्ते भौंक रहे थे. चूहे और चींटी अपने बिलों से निकलकर भाग रहे थे. इन्हें कौन बताए कि चूहे यदि रात में नहीं निकलेंगे तो कब निकलेंगे. पानी बरसने पर चीटियों के बिल से निकलने पर क्या आश्चर्य है ? भला कुत्ते किस रात में नहीं भौकते हैं. वो भी खबरीलाल का कुत्ता क्यों नहीं रोयेगा. क्योंकि इनके पड़ोसी दो दिन से कहीं गए हुए हैं. उनका कुत्ता रहता है इनके यहां और खाना पाता है इनके पड़ोसी के यहां. खबरीलाल बोले यह सब प्रलय की निशानी है. बहुत बड़ा भूकम्प आ रहा है. हमारा सीना धड़क रहा है. कुछ होकर रहेगा. सभी लोगों ने देखा कि उनकी भी धड़कनें बढ़ी हुई हैं. खबरी ने कहा, लगता है कि देश के कई शहर तबाह हो गए हैं. कुछ भी नहीं बचा है. अपने-अपने सगे-सम्बन्धियों और नात-रिश्तेदारों तक यह खबर पहुंचाने के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करो. कहने भर की देर थी. मोबाइल कम्पनियों की चांदी और कितनों की नींद की बर्बादी हो गई.

सोशल मीडिया पर दिल चुरा गया सरफिरा

इस साल की दूसरी फिल्म सरफिरा के साथ अक्षय कुमार एक बार फिर दर्शकों के सामने रू-ब-रू हैं. यह फिल्म एक्टर के करियर के लिए अहम फिल्म मानी जा रही है. इससे पहले टाइगर श्रॉफ के साथ आई बड़े मियां छोटे मियां कुछ खास नहीं कर पाई थी. वहीं सरफिरा की सफलता भी संदिग्ध थी. दरअसल 'सोरारई पोटरू' की रीमेक होने के कारण पहले से रिपोर्ट्स थीं कि यह फिल्म शायद ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाएगी लेकिन सोशल मीडिया पर और फिल्म देख कर बाहर आ रहे लोगों के रिएक्शन कुछ और ही कह रहे हैं. ऐसे में सवाल है कि क्या सरफिरा साबित होगी अक्षय कुमार के डूबते करियर के लिए पतवार?

सोशल मीडिया पर वाह-वाही

सोशल मीडिया पर सरफिरा सिर आंखों पर रखा जा रहा. एक यूजर ने लिखा, ‟माइंडलेस एक्शन फिल्मों की दुनिया में सरफिरा ताजी हवा का झोंका है. जस्ट वॉच इट. बहुत अच्छा. अक्षय कुमार इज बैक. ब्लॉकबस्टर सरफिरा अवश्य जाएं और देखें. एक अन्य यूजर ने लिखा, सरफिरा सरप्राइज अक्षयकुमार हिट लोडिंग. अक्षयकुमार ने खूबसूरती से अभिनय और प्रदर्शन किया. परेश रावल भी अपनी भूमिका में अच्छे लग रहे हैं. हर अभिनेता ने अच्छा काम किया लेकिन सूर्या कैमियो ने शो चुरा लिया. कुल मिलाकर, फिल्म काफी अच्छी है.
एक दूसरे यूजर ने लिखा, "सरफिरा को बहुत ही पॉजिटिव रिएक्शन मिल रहे हैं. इस फिल्म में खिलाड़ी कुमार की परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया जा रहा है. लोग इसे खिलाड़ी कुमार का कमबैक बता रहे हैं." एक अन्य यूजर लिखते हैं कि अक्षय कुमार अपनी फिल्म सरफिरा में मेन वर्जन के हीरो सूर्या को भी ओवरशैडो कर दिया है. इमोशन्स जो अक्षय कुमार लेकर आए हैं, वह सूर्या नहीं कर पाए. काफी दिनों बाद अक्षय कुमार अपनी एक्टिंग से रुलाते नजर आएंगे.

एक नजर में सरफिरा

'सरफिरा' 2020 की तमिल फिल्म 'सोरारई पोटरू' की आधिकारिक रीमेक है. सरफिरा में अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, राधिका मदान हैं. सुपरस्टार सूर्या का कैमियो भी है. इसे सुधा कोंगरा ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में अक्षय कुमार का किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है जो समाज के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ता है और अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है.

शूटिंग के दौरान पिता को याद कर रो पड़े अक्षय

'सरफिरा' में जब उनका किरदार वीर म्हात्रे अपने पिता को खो देता है, उसे रोना होता है. इस सीन में भी अक्षय ने ग्लिसरीन का उपयोग नहीं किया और अपनी परफॉर्मेंस में जान डालने के लिए अपने पिता हरिओम भाटिया को खोने के पल को याद किया. इसके बाद इस कदर भावुक हुए कि शूटिंग ओवर होने के बाद भी फफकते नजर आए. इसकी जानकारी खुद अक्षय कुमार ने प्रमोशनल इवेंट के दौरान मीडिया को दी थी.

ये वो मिर्जापुर तो नहीं कजरी से जिसकी पहचान थी

हस्ताक्षर

विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

यह है दृश्य श्रव्य माध्यम की ताकत कि छः इंच के कलेवर में भी आकर यह कई सौ सालों की ऐतिहासिकता को समेटे शहर की सांस्कृतिक पहचान बदल कर रख दे सकती है. वेब सीरिज के रुप में पहले 'मिर्जापुर', फिर लगभग एक एक घंटे के 10 एपीसोड के साथ 'मिर्जापुर' के भाग दो और अब तीन ने मिर्जापुर के बारे में वर्षों से संचित अवधारणाओं को ध्वस्त कर रख दिया है.

नहीं लगती अपने देश की कहानी

नीम अंधेरे में फिल्माई गई 'मिर्जापुर' को देखते हुए किसी के लिए भी यह रिलेट करना मुश्किल हो सकता है कि वे भारत के किसी शहर की कथा देख रहे हैं, या फिर सीरिया या अफगानिस्तान की, जहां कोई किसी को भी, कहीं भी मार दे सकता है, राज्य के मुख्यमंत्री के सामने उसके सरकारी कक्ष में भी. यहां सिर्फ हत्या नहीं होती, हत्या को इंज्वाय किया जाता है. गन रहते हुए गोली नहीं मारी जाती, गंडासे से मारा जाता है कि मरने में ज्यादा कष्ट होगा. बहन के होनेवाले पति को बहन और मां के सामने आंखों में उंगली घोंपकर मार दिया जाता है.

असली पहचान तो यह है

यह कौन सा मिर्जापुर है. हम जिस मिर्जापुर को जानते हैं, वह तो कोमल सा 'मिर्जापुरी कजरी' का शहर है जिसकी धुन पर आज भी पूरे हिंदी प्रदेश में सावन जीवंत होता है. हम माता विंध्यवासिनी के लिए मिर्जापुर को जानते रहे हैं, हम कालीन और कांसे की खूबसूरत कलाकारी के लिए मिर्जापुर को जानते हैं. इस 'मिर्जापुर' में कट्टे बंटते दिखते हैं, इस शर्त पर कि उसे चलते रहने चाहिए. 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन अपराध के उस वितान को थोडी और क्रूरता के साथ थोडा और आगे बढाती है, जिसमें सबकुछ के साथ मिर्जापुर भी कहीं खो सा जाता है.

नीम अंधेरे में फिल्माई गई 'मिर्जापुर' को देखते हुए किसी के लिए भी यह रिलेट करना मुश्किल हो सकता है कि वे भारत के किसी शहर की कथा देख रहे हैं, या फिर सीरिया या अफगानिस्तान की, जहां कोई किसी को भी, कहीं भी मार दे सकता है. यहां सिर्फ हत्या नहीं होती, हत्या को इंज्वाय किया जाता है.

हिंसक कबीले की तरह चित्रित

मिर्जापुर यहां एक ऐसे अपराध के केन्द्र के रुप में चित्रित है, जिस पर राज करने वाला पूरे पूर्वांचल पर राज करता. जाहिर है, कहानी जौनपुर, बलिया, मऊ, रायबरेली से लेकर बिहार के सीवान तक विचरती है, हर शहर में एक ही तरह की अपराध गाथा, एक ही तरह का विद्रुप समाज. कह सकते हैं पूरे पूर्वांचल को ही मिर्जापुर किसी हिंसक कबीले की तरह चित्रित करने में कोई संकोच नहीं करती. किंचिंत आश्चर्य पूरे पूर्वांचल में एक भी नेक ईमानदार या फिर सामान्य नागरिक नहीं दिखता, सब के सब क्रूर अपराधी. वह भी तब जब सीजन 3 में मुख्यमंत्री भयमुक्त प्रदेश बनाने की कोशिश में लगी है.

यह तो नहीं हमारा पूर्वांचल

यह पूर्वांचल हमारा नहीं हो सकता, हमारा पूर्वांचल तो आज भी पूरवी, बिरहा, चैता और होरी का है. कहानियां कहीं हो सकती है, मिर्जापुर में भी कोई कहानी हो सकती है. लेकिन कोई एक कहानी किसी शहर या पूरे क्षेत्र का पर्याय नहीं हो सकती. जब 'मिर्जापुर' टाइटिल से कोई कहानी आती है, तो उम्मीद की जाती है कहीं न कहीं उस शहर की संस्कृति, उसका इतिहास, भूगोल, समाज कहानी में दिखेगा. 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन तक तो वह सब कुछ अनुपस्थित है. ऐसा लगता ही नहीं कि मिर्जापुर में कभी दिन को रोशनी होती भी है.

सवाल यह है

सिनेमेटिक लिबर्टी के नाम पर यहां एक ऐसी डेमोक्रेसी दिखती जिसे अपराधी नियंत्रित कर रहे. एक ऐसा समाज दिखता जिसमें कोई रिश्ता कोई मायने नहीं रखता. ऐसी महिलाएं हैं जो क्रूरता में पेशेवर अपराधियों को मात कर रही हैं. ऐसी भाषा है, जिसे कोई भी समाज स्वीकार नहीं कर सकता. विद्रुपता की इंतहा कि एक कवि दिखता है जो मंच से अश्लील कविताओं का पाठ करता है, सिर्फ इसलिए कि उसे देशभक्ति की कविता पढने कहा जाता है. जैसे इतना ही काफी नहीं हो, उस कवि को अपनी लिखने वाली पेंसिल से जेल में हत्या करते भी दिखाया जाता है.
वास्तव में यह वह 'मिर्जापुर' है, जिसे करण अंशुमन और गुरमीत सिंह ने गढा है, सवाल है तो फिर मिर्जापुर ही क्यों.

हम जिस मिर्जापुर को जानते हैं, वह तो कोमल सा 'मिर्जापुरी कजरी' का शहर है जिसकी धुन पर आज भी पूरे हिंदी प्रदेश में सावन जीवंत होता है. हम माता विंध्यवासिनी के लिए मिर्जापुर को जानते रहे हैं, हम कालीन और कांसे की खूबसूरत कलाकारी के लिए मिर्जापुर को जानते हैं.

गजब है प्यार की दास्तां, लड़ कर नहीं छोड़ते हाथ कैट-विक्की

बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड या बिना किसी गॉड फादर के बॉलीवुड में कदम जमाना आसान नहीं माना जाता है. लेकिन कैटरीना कैफ ने कर दिखाया और आज की तारीख में वह बॉलीवुड की सबसे महंगी फीस लेने वाली अदाकारा में पहचान रखती हैं. इसी हफ्ते यानी 16 जुलाई को कैटरीना का जन्मदिन है. आइए इस मौके पर कैटरीना के बारे में उनके हबी विक्की कौशल कुछ खास बातें शेयर कर रहे हैं-

जब कोई बात बिगड़ जाए...

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान विक्की कौशल ने बताया कि वह और कैटरीना अपने रिश्ते के बुरे दौर से कैसे निपटते हैं? विक्की कौशल ने कहा कि परिस्थिति कैसी भी हो, मूड कैसा भी रहे, हम एक-दूसरे का हाथ जरूर थामे रहते हैं. एक दूसरे से यह कहते हैं कि चाहे कुछ भी हो हम एक साथ एक ही टीम में हैं. हम दोनों एक साथ कितने उतार-चढ़ाव से गुजर रहे हैं.

कैट का विक्की पर प्रभाव

कैटरीना ने कैसे प्रभावित किया विक्की कौशल का जीवन? इस बाबत बात करते हुए विक्की स्वीकार करने से परहेज नहीं करते. खुद विक्की कौशल के शब्दों में -"मैं वास्तव में उन सभी खूबसूरत चीजों के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं, जो वह मुझमें जोड़ती हैं, जो मैं हूं. और मुझे बस यही लगता है कि उनकी वजह से मैं एक बेहतर इंसान बन गया हूं. इस मायने में वह रिश्ते में ऐसी हैं कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं."

कैटरीना के प्रेग्नेंसी रुमर्स

पिछले कुछ समय से कैटरीना का ज्यादातर समय लंदन में गुजर रहा है. इसके साथ ही उनकी प्रेग्नेंसी की खबर भी मीडिया में उछल रही हैं. यहां तक की बेबी बम्प की तस्वीरें भी मीडिया जब तब परोस रही है. क्या कोई गुड न्यूज है, इस सवाल पर विक्की कौशल की दो टूक- "अभी के लिए आप बैड न्यूज (विक्की की अपकमिंग फिल्म) एन्ज्वॉय कर लो, जो हम ला रहे हैं. जब उसका (गुड न्यूज) का टाइम आएगा, हम वह खबर देने से शरमाएंगे नहीं."

कुछ बातें कैट की

2021 में हुई थी विक्की और कैटरीना की शादी : विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की राजस्थान के सवाईमाधोपुर में एक प्राइवेट सेरेमनी में 9 दिसम्बर 2021 को हुई थी. इस शादी में बेहद खास लोगों को ही बुलाया गया था. शादी में परिवार के लोग और बेहद करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे.

- 16 जुलाई 1983 को हॉन्गकॉन्ग के तुरकोट्टे कुल में जन्मीं कटरीना कैफ के पिता मोहम्मद कैफ कश्मीरी मूल के ब्रिटिश बिजनेसमैन थे, जबकि मां सुजैन टॉरकेटी ब्रिटिश मूल की हैं.
- जब कटरीना काफी छोटी थीं, उस वक्त उनके माता-पिता का तलाक हो गया था. ऐसे में कटरीना की परवरिश उनकी मां सुजैन ने ही की.
- कैटरीना किसी भी नियमित स्कूल में नहीं गयीं और उन्होंने अपनी अधिकांश शिक्षा घर पर ही निजी अध्यापकों के माध्यम से प्राप्त की.
- कटरीना के बॉलीवुड करियर की शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म बूम से हुई थी. इस फिल्म में कटरीना ने बेहद बोल्ड सीन दिए थे.
- कटरीना को सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार क्यों किया से पहचान मिली. इसके बाद उन्होंने हमको दीवाना कर गए, नमस्ते लंदन, अजब प्रेम की गजब कहानी, जब तक है जान, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान समेत कई फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी दिखाई.
- कैटरीना थोड़ी अंधविश्वासी हैं. वह जाहिर तौर पर अपनी फिल्मों की रिलीज से पहले सिद्धिविनायक मंदिरऔर मुंबई में माउंट मैरी चर्च और अजमेर में दरगाह शरीफ जाती हैं.

अनंत-राधिका की शादी से पहले प्रिंयका को याद आया भाई

यहां पहुंच कर जिए बचपन के दिन

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के लाडले की शादी में शामिल होने के लिए विदेश से आने वाले मेहमानों में प्रियंका चोपड़ा सबसे पहले पहुंची. अपने पति निक जोनस के साथ पहुंची प्रियंका का भारत पहुंचते ही खूब प्यार दुलार मिला और उन्होंने भी देसी अंदाज में इसे स्वीकारा. अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के शादी के पहले प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास को अपने भाई का बर्थडे सेलिब्रेट करते देखा गया.

ब्लू कलर के गाउन में देसी गर्ल

प्रियंका के भाई सिद्धार्थ चोपड़ा ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी होस्ट की थी, जिसमें उनके दोस्त और भाई बहन भी धूम मचाते नजर आए. इस फोटो में निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी दिखाई दे रही हैं. तस्वीर में डिजाइनर राहुल मिश्रा द्वारा डिजाइन किए गए शानदार ब्लू कलर के गाउन में देसी गर्ल बेहद खूबसूरत लग रही थीं. उनके बगल में खड़े निक ब्लैक कलर की शर्ट और ट्राउजर में काफी स्टाइलिश लग रहे थे.
सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी इस पार्टी में शामिल हुई. सिद्धार्थ ने ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना था, जबकि नीलम और मन्नारा ने ब्लैक आउटफिट पहना हुआ था.

पजामे में ही लूट लिया दिल

सालों से विदेश में रह रही प्रियंका चोपड़ा अपनी सरजमीं पर एंट्री करते हुए उन्होंने भारत की परंपरा का ध्यान रखते हुए हाथ जोड़कर स्वागत स्वीकार किया. कैजुअल और कूल लुक में प्रियंका हमेशा की तरह हसीना लग रही थीं और फोटो सामने आते ही हर तरफ उनकी तारीफ के पुल बंध गए. प्रियंका चोपड़ा ने एयरपोर्ट लुक के लिए फैशन ब्रांड साबो का वेज और वाइट कलर का कॉर्सेट कैरी किया था. ऑफिशियल साइट पर आउटफिट की कीमत 70.00 डॉलर है जो भारतीय मुद्रा के हिसाब से 5 हजार 800 से भी ज्यादा होती है. प्रियंका ने कूल लुक के लिए टी शर्ट को आगे से टक किया हुआ है जिसकी वजह से काफी स्टाइलिश नजर आ रही थीं. प्रियंका की तरह निक भी कूल लुक में नजर आए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला का चौथा मैच आज, भारत 2-1 से आगे, शुभमन गिल की कप्तानी में शानदार वापसी की है टीम इंडिया ने

हरारे में भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड की नजरें श्रृंखला जीतने पर

भाषा। हरारे

भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिंबाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिये श्रृंखला अपने नाम करके एक नये दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी. पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2-1 से बढ़त बना ली है. मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिंबाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जाएगी, लेकिन इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी, जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं. इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं. टी20 क्रिकेट से रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है. जिंबाब्वे के खिलाफ उन्होंने 4.5 की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट लिये. श्रीलंका दौरे के लिए सफेद गेंद की टीम चुनते समय उनके नाम पर विचार जरूर होगा. उपयोगी स्पिन गेंदबाज होने के साथ वह निचले क्रम के अच्छे बल्लेबाज भी हैं. वहीं अभिषेक ने दूसरे टी20 में 47 गेंद में शतक लगाकर अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की. भारत के पास अब इस प्रारूप मेंविराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं हैं. लिहाजा वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत का विकल्प हो सकते हैं. वह एक और अच्छी पारी खेलकर अपना दावा पक्का करना चाहेंगे. संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिए भी इस श्रृंखला में बहुत कुछ दांव पर है. टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद मुंबई में विजय परेड में भाग लेकर यहां आये दुबे और सैमसन बाकी दोनों मैचों में उम्दा प्रदर्शन करना चाहेंगे. भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा, जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं. बिश्नोई, आवेश खान और वॉशिंगटन छह-छह विकेट ले चुके हैं. मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था, जो आवेश की जगह खेल सकते हैं. दूसरी ओर पहला मैच जीतने के अलावा जिंबाब्वे ने इस श्रृंखला में कुछ उल्लेखनीय नहीं किया है. उसके तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी और अर्धशतक जमाने वाले डियोन मायर्स के अलावा कोई खिलाड़ी छाप नहीं छोड़ सका है.

टीमें

भारत : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे.

जिंबाब्वे : सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा.

मैच का समय : शाम 4.30 से

ब्रीफ खबरें

दो साल बाहर बैठना काला अध्याय: जरमनप्रीत

नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गयी 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था. जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं. वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे. ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा, यह मेरे लिए आसान नहीं था. यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था. नीदरलैंड में 2018 में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करने वाले यह खिलाड़ी पंजाब से आता है.

अश्विन की आत्मकथा में हैं कई रोचक किस्से

नयी दिल्ली। आरअश्विन की आत्मकथा आई हैव द स्ट्रीट्स - ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी में पढ़ने के लिए कुछ मजेदार किस्से मौजूद हैं, जिसमें नाराज महेंद्र सिंह धोनी का एस श्रीसंत को मैच के बीच में स्वदेश भेजने के फैसले के वाकये से लेकर किशोरावस्था में 'मांकडिंग' पदार्पण और डब्ल्यू वी रमन का उन्हें मारक ऑफ स्पिनर बनाने का प्रयास करने की बातें शामिल हैं. इस 184 पन्ने की किताब को पेंगुइन रैंडम ने प्रकाशित किया है जिसके सह लेखक सीनियर पत्रकार सिद्धार्थ मोंगा है जिसमें अश्विन के शुरूआती वर्षों से लेकर 2011 तक भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत तक का सफर शामिल है.

विंबलडन 2024 : महिला सिंगल्स में दोनों फाइनलिस्ट के नाम तय

पाओलिनी और क्रेजिकोवा के बीच आज होगी खिताबी भिड़ंत

एजेंसी। लंदन

विंबलडन 2024 को अपना चैंपियंस जल्द मिलने जा रहा है. इस टेनिस टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के दोनों फाइनलिस्ट का नाम तय हो गया है. शनिवार को होने वाले फाइनल में इटली की जैस्मिन पाओलिनी का मुकाबला चेक रिपब्लिक की बारबोरा क्रेजिकोवा से होगा. इन दोनों ही खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में गजब की वापसी करते हुए जीत दर्ज की. इनमें से जो खिलाड़ी भी जीतेगी, वह पहली बार विंबलडन चैंपियन बनेगी. बारबोरा क्रेजिकोवा सेमीफाइनल में पहला सेट हार गयी थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी कर मैच जीत लिया. 31वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा ने एलिना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया. 28 साल की बारबोरा पहली बार विंबलडन के सिंगल्स फाइनल में पहुंची हैं. बारबोरा के इस प्रदर्शन से फ्रेंच ओपन का गम भी काफी हद तक दूर कर लिया है. वे फ्रेंच ओपन में अपना पहला ही मैच हार गयी थीं.

इससे पहले जैस्मिन पाओलिनी ने डोना वेकिच को हराकर विंबलडन के महिला सिंगल्स फाइनल में जगह बनाई. पाओलिनी ने सेमीफाइनल मुकाबला पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए जीता. उन्होंने डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराया. इतालवी प्लेयर जैस्मिन पाओलिनी का यह लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा. वे फ्रेंच ओपन के फाइनल में भी पहुंची थीं.

जैस्मिन पाओलिनी.

बारबोरा क्रेजिकोवा.

अब संडे को होगा मिश्रित युगल का फाइनल

लंदन। विंबलडन 2024 मिश्रित युगल फाइनल, जो मूल रूप से गुरुवार को खेला जाना था, अब तीन दिन बाद रविवार को खेला जाएगा, आयोजकों ने इसकी जानकारी दी है. उन्होंने लगातार बारिश के कारण कार्यक्रम में संशोधन किया है, जिसके कारण ऑल इंग्लैंड क्लब के बाहरी कोर्ट पर मैच लंबित हो गए हैं. हालांकि सेंटर कोर्ट और कोर्ट वन पर छतों के नीचे खेल जारी रहा, लेकिन ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम के शुरुआती आठ दिनों में गीले मौसम के कारण पहले दौर के कई मिश्रित युगल मैच पूरे नहीं हो सके. मिश्रित युगल फाइनल रविवार को पुरुष एकल फाइनल के बाद होगा, जबकि पुरुष और महिला युगल फाइनल शनिवार को महिला एकल फाइनल के बाद होंगे. टूर्नामेंट निदेशक जेमी बेकर ने कहा, इससे हमें चैंपियनशिप को समय पर पूरा करने और सभी फाइनल्स को सेंटर कोर्ट पर खेलने के लिए अधिकतम लचीलापन मिलता है.

टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में दर्शकों की उपस्थिति भी पिछले वर्ष की 293,681 से घटकर 282,955 रह गयी, जो 3.7% कम है और मुख्य कार्यकारी सैली बोल्टन ने इसके लिए बारिश को जिम्मेदार ठहराया. बोल्टन ने कहा, मौसम इतना खराब रहा है कि इस वर्ष कतार में खड़े लोगों की संख्या सामान्य से भी अधिक रही है. हम अपनी उपस्थिति को अधिकतम करने के बारे में कभी नहीं सोचते हैं, हम कतार की सुरक्षा के बारे में सोचते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हमें अभी भी वह पहुंच मिल सके, यह स्वीकार करते हुए कि इसके परिणामस्वरूप उन संख्याओं पर कुछ परिवर्तनशीलता थी जिन्हें हम अंततः प्राप्त करेंगे. इस वर्ष मौसम इतना परिवर्तनशील और कई बार इतना खराब रहा है, कि फिलहाल हमारा आकलन है कि यह लगभग निश्चित रूप से मौसम है जो इसे प्रभावित कर रहा है.

एंडरसन ने 704 विकेट के साथ टेस्ट करियर खत्म किया

इंग्लैंड की वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत

भाषा। लंदन

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. पहली पारी में 121 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी मैच के तीसरे दिन शुरुआती घंटे के अंदर 136 रन पर सिमट गयी. इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से यादगार जीत दर्ज की. एंडरसन ने अपने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके जिससे इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ. वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 79 रन से आगे से की, टीम इस समय इंग्लैंड से 171 रन पीछे थी. एंडरसन ने जोसुआ डिसिल्वा को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलायी. एंडरसन की बाहर निकलती गेंद डिसिल्वा के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर के दस्ताने में चली गयी. उन्हें एक और सफलता मिल जाती लेकिन उन्होंने गुडाकेश मोती (नाबाद 31) का कैच खुद ही टपका दिया. गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया. वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए. एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है. वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद इस प्रारूप के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं.

साबले को ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

भाषा। नयी दिल्ली

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं. हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले टोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे. उन्होंने कहा, मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं. मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं. मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं. मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है. साबले इस महीने की शुरुआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा. साबले को मिल्खा सिंह, श्रीराम सिंह और पीटी उषा जैसे एथलीटों से ओलंपिक पदक जीतने की प्रेरणा मिलती है. उन्होंने कहा, विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है. मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है. मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है. राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं.

हम हर मैच जीतना चाहते हैं: हरमनप्रीत

भाषा। नयी दिल्ली

कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है और इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा. भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी20 श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया. दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है. हरमनप्रीत ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, अभी हमारा दृष्टिकोण कुछ ऐसा है कि हम सभी मैचों को समान महत्व दे रहे हैं. सभी हर मैच को जीतने की कोशिश करते हैं और हमें लगता है कि एक टीम में यही होना चाहिए. टीम में हर कोई यही महसूस कर रहा है. भारतीय टीम अब 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप में चुनौती पेश करेगी. एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका कर रहा है और भारतीय टीम दांबुला में चिर-परिचित पाकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी.

हरमनप्रीत ने कहा कि कप्तान के तौर पर यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मैचों के दौरान अपनी टीम पर दबाव हावी नहीं होने दे. उन्होंने कहा, जब आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं तो दोनों देशों में एक अलग माहौल होता है. दोनों देश चाहते हैं कि उनकी टीम जीते. भारतीय कप्तान ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए बहुत दबाव है, लेकिन एक कप्तान के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी टीम को उस माहौल में तनाव से दूर रखूं ताकि वे यह न सोचें कि हम पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं या यह दबाव है. भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला कोई भी मुकाबला दबाव से भरा होता है लेकिन हरमनप्रीत ने कहा कि वह इसे किसी अन्य मैच की तरह ही लेती है. मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि टीम महिला एशिया कप में अपनी संभावनाओं को लेकर उत्साहित है. दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने कहा, टीम में उत्साह बहुत अधिक है. यह एक अच्छा एहसास है.

26 जुलाई से श्रीलंका से तीन-तीन टी20 और वनडे मैचों की श्रृंखला शुरू होगी

पंड्या को टी20 व केएल को वनडे की मिल सकती है कमान

- जल्द होगा टीम इंडिया का ऐलान, रोहित को मिलेगा आराम

एजेंसी। नयी दिल्ली

जिंबाब्वे दौरे के बाद टीम इंडिया श्रीलंका दौरे पर जाएगी. जिंबाब्वे में टीम इंडिया 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. इसके बाद उसे श्रीलंका दौरे पर जाना है, जहां तीन मैचों की टी20 और फिर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है. इन दोनों ही सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया गया है.

पिछले ही महीने रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता है. इस टूर्नामेंट के बाद ही बतौर कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया है. ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्व ओपनर गौतम गंभीर को नया हेड कोच बनाया है. अब गंभीर इस श्रीलंका दौरे से ही अपनी कोचिंग का आगाज करेंगे. हालांकि अभी तक श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान नहीं किया गया है. बताया जा रहा है कि इसी हफ्ते के आखिर में टीम का ऐलान कर दिया जाएगा. इस दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या को सौंपी जा सकती है. जबकि वनडे की कमान केएल राहुल को दी जा सकती है. इसका कारण रोहित शर्मा का आराम रहेगा. रिपोर्ट्स की मानें तो रोहित इस दौरे से भी आराम ले सकते हैं. जबकि वो वर्ल्ड कप के बाद ही टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं. ऐसे में टी20 में हार्दिक और वनडे में राहुल कप्तान हो सकते हैं.

टी20 व वनडे मुकाबले का समय अलग-अलग होगा

भारतीय टीम इस दौरे का आगाज 26 जुलाई को करेगी. भारत और श्रीलंका के बीच सबसे पहले 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी. यह सभी मुकाबले पल्लेकेल में भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे. इसके बाद दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होगी. पहला वनडे मुकाबला 1 अगस्त को होगा. इस सीरीज के सभी वनडे मुकाबले श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में खेले जाएंगे. 50-50 ओवरों के यह एकदिवसीय मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे से खेले जाएंगे.

भारत-श्रीलंका का शेड्यूल

26 जुलाई- पहला टी20, पल्लेकेल27
जुलाई- दूसरा टी20, पल्लेकेल29
जुलाई- तीसरा टी20, पल्लेकेल1
अगस्त- पहला वनडे, कोलंबो4
अगस्त- दूसरा वनडे, कोलंबो7
अगस्त- तीसरा वनडे, कोलंबो

साक्षात्कार | विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा को क्रिकेट में उनके योगदान के लिए बधाई दी

भारत ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाकर टी20 विश्व कप जीता : लक्ष्मण

भाषा। नयी दिल्ली

महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने हार की कगार पर पहुंचकर टी20 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के जुझारूपन की तारीफ की. करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का जश्न मनाने का अंदाज साबित करता है कि इस जीत के उनके लिये क्या मायने थे. भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 29 जून को बारबडोस में खेले गए फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीता. लक्ष्मण ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर डाले गए वीडियो में कहा, दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे. उसके बाद से जुझारूपन, दृढ़ता और आत्मविश्वास दिखाकर हार की कगार से जीत छीन लेना दिखाता है कि यह टीम कितनी मजबूत है. उन्होंने कहा, सभी ने इतनी मेहनत की थी और जीत के बाद का जश्न इस सफलता के पीछे की बड़ी कहानी कहता है. बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख लक्ष्मण ने कहा, विश्व कप जीतना खास है. जब आप सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलकर ट्रॉफी जीते तो उसके मायने और बढ़ जाते हैं. उन्होंने कहा, सभी ने अपने जज्बात जाहिर किये और इससे पता चलता है कि हर एक खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के लिए यह जीत क्या मायने रखती है. आपने हार्दिक पंड्या को आखिरी गेंद डालने के बाद रोते हुए देखा. रोहित शर्मा को मैदान पर देखा. लक्ष्मण ने कहा, पूरा देश जीत का जश्न मना रहा है. हम छह महीने पहले भी जीत के करीब पहुंचे थे, लिहाजा यह जीत खास थी. हमें वनडे विश्व कप जीतना चाहिए था, क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ होने के बाद हम फाइनल में हार गए थे. आम तौर पर सार्वजनिक तौर पर अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं करने वाले द्रविड़ के खुलकर जश्न मनाने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने उसके साथ इतनी क्रिकेट खेली है और उसे इतने साल से जानता हूं और उसका इस तरह जश्न मनाना. जब आखिरी गेंद डाली गई या टीम के सदस्यों के साथ बातचीत में या ट्रॉफी थामते समय. रोहित और विराट कोहली ने उसे ट्रॉफी सौंपकर बहुत अच्छा किया और ट्रॉफी थामने के बाद उसने जिस तरह से जश्न मनाया, उससे साबित होता है कि इस जीत के सभी के लिए क्या मायने थे. लक्ष्मण ने टी20 प्रारूप में योगदान के लिए विराट, रोहित और रविंद्र जडेजा की तारीफ की.

खास बातें

- विराट कोहली, रोहित शर्मा, जडेजा की तारीफ की
- टी20 फाइनल में भारत के प्रदर्शन पर रखी राय

टीम में वापसी पर योगदान देना अच्छा रहा : डियोन मायर्स

भाषा। हरारे

जिंबाब्वे के डियोन मायर्स ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के तीसरे मैच में अर्धशतक लगाकर तीन साल के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी को यादगार बनाया. मायर्स ने इंग्लैंड में विश्वविद्यालय की डिग्री हासिल करने के लिए 2021 में खेल से ब्रेक लिया था. मैच में हालांकि उनकी 49 गेंद में 66 रन की पारी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी साबित नहीं हुई. भारत श्रृंखला में 2-1 से आगे है. भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला से पहले मायर्स ने अपना पिछला मैच सितंबर 2021 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था. मायर्स ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह शानदार वापसी है. यह उस सपने की तरह जिसे आप युवा खिलाड़ी के तौर पर देखते हैं. मैं खुद को मिले समर्थन के लिए वास्तव में अपनी टीम के साथियों और अपने परिवार को धन्यवाद देता हूं. उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में समय कठिन था, लेकिन मैं रास्ता ढूंढ़ने में कामयाब रहा, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है. टीम में वापस आना...यह बहुत अच्छा माहौल है.

▼ ब्रीफ खबरें

स्वर्ण व्यवसायी पर मारी गोली, घायल

सीवान । सीवान में स्वर्ण व्यवसायी को अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया. यह घटना बीती देर रात की है. घायल की पहचान जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के सानी बसंतपुर गांव निवासी चंदन प्रसाद के रूप में हुई है. वैसे कितने रुपये और सोने-चांदी की लूट हुई है, यह अभी साफ नहीं हो पाया है. जानकारी के मुताबिक, स्वर्ण व्यवसायी की जगदीशपुर में सोने चांदी की दुकान है. वह बीती दुकान बंद कर वापस घर लौट रहे थे. तभी बाइक से ही कुछ अपराधी पीछा करने लगे.

हॉस्टल में एक बच्चे की हुई मौत, हंगामा

अररिया । अररिया के पलासी प्रखंड स्थित एक निजी होस्टल में 8 वर्षीय मनीष कुमार की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत को लेकर चौकीदार जहूर के आवेदन पर पलासी थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है. दर्ज प्राथमिकी में सूचक बने जहूर ने कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सात बजे सुबह देखा कि अस्पताल में भीड़ लगी हुई है. जाकर देखा तो पता चला कि पलासी स्थित एक निजी विद्यालय के होस्टल में रह रहे एक 8 वर्षीय मनीष कुमार की मौत हो गयी हैं. मृतक मनीष कुमार उत्तर डेहटी पंचायत के बालूगंज निवासी संतोष कुमार साह का पुत्र है,जो संदिग्ध अवस्था में विद्यालय में पड़ा था.

देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पटना । घोसवरी पुलिस ने एक बार फिर देसी शराब की खेप जब्त कर शराब तस्करी का पर्दाफाश किया है. थानाध्यक्ष अजीत कुमार टिंकू के नेतृत्व में वाहन जांच के दौरान एक बाइक पर बोरी में बंद देसी शराब बरामद की गयी. बताया जा रहा है की बरामद देसी शराब पाउच में पैक कर डिलीवरी के लिए जा रही थी. बाइक पर सवार दोनों तस्करों राहुल और प्रमोद को पुलिस ने दबोच लिया. जिन्होंने बताया की जब्त शराब त्रिमुहान से खरीद कर लायी गयी थी. घोसवरी पुलिस अब शराब बनाने वालों पर नकेल कसने की कवायद कर रही है. थानाध्यक्ष गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है.

मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

संवाददाता ।पटना



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की. राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पार्क, श्रीकृष्णापुरी में आयोजित राजकीय समारोह में स्व.सत्येंद्र नारायण सिन्हा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ़ छोटू सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी.

ट्रेन की चपेट में आने से युवती की दर्दनाक मौत

पटना । पटना में घर से सब्जी लाने निकली एक युवती पटना साहिब स्टेशन के नजदीक ट्रेन की चपेट में आ गई. इस हादसे में युवती की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पटना साहिब जीआरपी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही जीआरपी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है. इस मामले को लेकर जीआरपी के प्रभारी सब इंस्पेक्टर देवानंद प्रसाद ने बताया कि घर से युवती सब्जी लाने के लिए निकली थी. रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अप लाइन पर पटना मोकामा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

बिहार में पुल-पुलिया के गिरने का सिलसिला जारी है

पूर्णिया के अमौर में एक साल में दोबारा ध्वस्त हुआ एप्रोच रोड

संवाददाता ।पूर्णिया

बिहार में पुल पुलिया के गिरने का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वो रूकने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर पूर्णिया के अमौर प्रखंड क्षेत्र के लालटोली में पुल का एप्रोच शुक्रवार को ध्वस्त हो गया है. मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत सड़क सहित पुल का निर्माण लालटोली हाट से रंगरैय्या पथ में उच्चस्तरीय पुल सहित बॉक्स पुल का निर्माण किया गया है. पुल बने हुए दो वर्ष हुआ है. एक वर्ष के अंदर पुल का एप्रोच दोबारा ध्वस्त हो गया, जिससे इस क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है. लालटोली हाट से रंगरैया पथ पर पुल सहित बॉक्स पुल का निर्माण के संवेदक सनी कांट्रेक्टर्स एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड एवं कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बायसी पूर्णिया है. पुल की लंबाई 69. 91 मीटर एवं एप्रोच की लंबाई 100 मीटर है. ग्रामीण मो. अबुल कलाम, मो. मैनुल, मुजफ्फर, दाऊद ,अफसर, इम्तियाज आलम, सरफराज आलम, मो. एकराम, दाऊद आलम, शमीम अख्तर, हसीब, मो. नुरसलाम, ने संवेदक पर पुल निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है.

▪ ध्वस्त पुल को देखते ग्रामीण

गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करवाया गया : ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करवाया गया है, जिस कारण एक ही बारिश में जगह जगह रैनकट बन गया है. साथ ही सड़क पर बने पुल का एक तरफ का एप्रोच 1 वर्ष में दोबारा ढह गया. एप्रोच ढहने के साथ ही आवागमन बाधित हो गया. ग्रामीणों ने बताया कि अगले वर्ष 13 जुलाई 2023 को इसी जगह पर पुल का अप्रोच ध्वस्त हो गया था. 11 जुलाई 2024 को इसी जगह पर दोबारा पुल का एप्रोच ध्वस्त होने के साथ ये अपनी बदहाली की कहानी स्वयं कह रहा है.

ग्रामीणों ने कहा कि ये कई गांव के 10 हजार की आबादी का आवागमन का मुख्य मार्ग है. अब पुल का एप्रोच ढह गया है तो ग्रामीणों सहित पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सज्जाद आलम ने डीएम से उच्चस्तरीय जांच कर सड़क एवं पुल के एप्रोच निर्माण की मांग की है. कनीय अभियंता हरी शंकर प्रसाद ने बताया कि अभी कटाव निरोधक कार्य चल रहा है. इसके बाद इस पुल एप्रोच को भी फिर से ठीक किया जाएगा.

कोसी का कहर जारी

गीत गाकर कोसी को मना रही महिलाएं

भागलपुर । जिले में कोसी नदी ने रौद्र रूप ले लिया है. ऐसा प्रतीत होता है कि कोसी अपने साथ सब कुछ बहा ले जाएगी. सौं सौं करती तेज धारा और कोसी के विकराल रूप के सामने किसी की नहीं चल रही है. जिले के खरीक प्रखण्ड अन्तर्गत सिंहकुण्ड गांव में कोसी ने तांडव मचाया हुआ है. जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के द्वारा तेजी और मजबूती से कटावरोधी कार्य नहीं करवाया गया. जिस कारण लगातार घर और जमीन कटकर कोसी में समाने लगे हैं. ऐसी स्थिति में अब यहां की महिलाएं हर दिन कोसी किनारे बैठकर गीत गाकर उनसे आरजू विनती कर रहे हैं. महिलाएं गीत के माध्यम से कोसी नदी को शांत हो जाने का आग्रह कर रही हैं.

एसएसबी-गया पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

जंगल में छापामारी के दौरान डोडा बरामद

संवाददाता ।गया

गया में एसएसबी और बिहार पुलिस के जवानों ने लाल इलाके से चिन्हित बाराचट्टी थाना क्षेत्र के जंगलों में छापामारी कर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ डोडा बरामद किया है. हालांकि छापामारी के दौरान जवानों को एक भी तस्कर हाथ नहीं लगा. तस्करों की गिरफ्तारी के लिए जंगलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह गया जिले के बीबी पेसरा गांव स्थित 29वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों को गुप्त सूचना मिली थी. बताया गया था कि जिले के अति नक्सल प्रभावित बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के छोटकी चापी के रुधवा जंगल में भठवा पहाड़ के पास अज्ञात तस्करों द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है. सूचना के बाद एसएसबी के सहायक कमांडेंट शिवराम कृष्णन ने बाराचट्टी पुलिस और राजस्व विभाग बाराचट्टी के साथ मिलकर एक संयुक्त टीम का गठन किया. गठित टीम में शामिल एसएसबी, बाराचट्टी पुलिस और सर्किल ऑफिस बाराचट्टी द्वारा संयुक्त रूप से छोटकी चापी के जंगल में तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान जंगल में 12 प्लास्टिक के बोरों में लगभग 182 किलो मादक पदार्थ (डोडा) को बरामद किया गया.

▪ बरामद डोडा के साथ में पुलिसकर्मी

प्राइवेट स्कूल का छज्जा गिरा कई बच्चे घायल, 3 बच्चे गंभीर

संवाददाता ।मधेपुरा

मधेपुरा के उदाकिशुनगंज में संचालित नेशनल डीएवी पब्लिक स्कूल के दो मंजिला भवन का छज्जा शुक्रवार की सुबह गिर गया. छज्जा गिरने से पांच बच्चे घायल हो गए. ये सभी इस स्कूल के हॉस्टल में रहते थे. इनमें से तीन बच्चों की हालत गंभीर है. सुबह-सुबह हुई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया. इस घटना के बाद विद्यालय प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीन बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया. छज्जा गिरने की सूचना मिलने के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी मौके पर पहुंचीं. उन्होंने स्थिति का जायजा लिया. उदाकिशुनगंज पीएचसी पहुंचकर उन्होंने घायल बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली.

ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा ड्राइवर की हुई मौत

नालंदा । जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई. मृतक सारे थाना क्षेत्र के झरहापर निवासी नंदे यादव का 25 वर्षीय पुत्र सोनी यादव है. मृतक के भाई ने बताया कि ट्रैक्टर पर ईंट लोड करने के लिए मानपुर जा रहा था. इसी दौरान बिलासपुर पुल के समीप टर्न के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. ग्रामीण मौके पर पहुंच कर उसे ट्रैक्टर से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल लाया. जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया.

कारोबार

रुपया दो पैसे बढ़ा 83.49 प्रति डॉलर हुआ

मुंबई । घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को समर्थन मिला और शुरुआती कारोबार में दो पैसे मजबूत होकर 83.49 प्रति डॉलर पर पहुंच गया. वहीं कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 83.49 पर खुला जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त है. रुपया को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.76% की बढ़त के साथ 85.73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार किया है.

वेदांता डिबेंचर के जरिये 1,000 करोड़ जुटाएगी

नयी दिल्ली । खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड की योजना डिबेंचर जारी कर 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की है. वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी के निदेशकों ने निजी नियोजन के आधार पर 1,000 करोड़ रुपये मूल्य के 1,00,000 गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के आवंटन को मंजूरी दे दी है. सूचना के अनुसार, कंपनी के निदेशकों की समिति ने 1,00,000 सुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध, विमोच्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के आवंटन को मंजूरी दे दी है.

कल्पतरु को मिला 2,995 करोड़ के ठेके

नयी दिल्ली । कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को उसके संयुक्त उद्यमों तथा अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,995 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं. एक बयान में कंपनी ने कहा कि नए ठेके पारेषण व वितरण, भवन व कारखाने (बीएंडएफ) और जल व्यवसाय श्रेणियों में मिले हैं. बयान में कहा गया, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) को अपने संयुक्त उद्यमों (जेवी) तथा अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,995 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं. प्रबंध निदेशक ने कहा, भवन व कारखाने और जल व्यवसाय श्रेणियों में मिले ठेकों ने हमारी ऑर्डर बुक को और मजबूत किया है.

टेमासेक अमेरिका के साथ-साथ भारत इनवेस्टमेंट तेजी से बढ़ा रही है

चीन में निवेश कम करने में लगी टेमासेक

- चीन के कैपिटल मार्केट्स में उसकी एसेट्स की वैल्यू गिरी
- 2020 में कंपनी के पोर्टफोलियो में चीन की हिस्सेदारी 29% थी

भाषा ।नयी दिल्ली

औद्योगिक जगत में कारोबारियों के लिए बाजार अहम होता है. जहां पर फायदे की उम्मीद थोड़ी भी होती है, वहां वे निवेश को बढ़ावा देते हैं. जहां कमाई कम होने लगती है, वहां से वे हटने का प्रयास करते हैं. चीन में कुछ ऐसा ही हो रहा है. पहले भी कई कंपनियों ने निवेश को घटाया था. वहीं अब इसमें सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक भी शामिल हो गई है.

टेमासेक कई साल से चीन के सबसे बड़े संस्थागत निवेशकों में से एक है. लेकिन अब उसने चीन में अपना निवेश कम करना शुरू कर दिया है. करीब एक दशक में पहली बार कंपनी के पोर्टफोलियो में अमेरिका चीन से आगे निकल गया है. टेमासेक अमेरिका के साथ-साथ भारत पर भी बड़ा दांव खेल रही है. वहीं दूसरी तरफ कंपनी भारत में इनवेस्टमेंट तेजी से बढ़ा रही है. अभी उसके पोर्टफोलियो में भारत की हिस्सेदारी सात फीसदी है.

▪ सीईओ टेमासेक

करीब एक दशक में यह पहला मौका है जब कंपनी के पोर्टफोलियो में अमेरिका की हिस्सेदारी चीन से अधिक हुई है. जाहिर है इससे ड्रैगन की चिंता बढ़ी है. कंपनी का कहना है कि चीन के कैपिटल मार्केट्स में सुस्ती से देश में उसकी एसेट्स की वैल्यू में गिरावट आई है. लेकिन दूसरे बाजारों से उसे अच्छा रिटर्न मिल रहा है. इससे कंपनी के पोर्टफोलियो की नेट वैल्यू 389 अरब डॉलर पहुंच गई है जो पिछले फाइनेंशियल ईयर में 382 अरब डॉलर थी.

बता दें कि टेमासेक लंबे समय से चीन के सबसे बड़े संस्थागत निवेशकों में शामिल रहा है. 2020 में कंपनी के पोर्टफोलियो में चीन की हिस्सेदारी 29 फीसदी थी. लेकिन चार साल बाद यह घटकर 19 फीसदी रह गई है. मार्च में कंपनी के पोर्टफोलियो में अमेरिका की हिस्सेदारी 22 फीसदी हो गई है. सिंगापुर 27 फीसदी के साथ टेमासेक के पोर्टफोलियो में सबसे ऊपर है.

पिछले साल चीन के शेयर मार्केट का प्रदर्शन काफी खराब रहा था. यह दुनिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शेयर बाजारों में शामिल था. देश का रियल एस्टेट सेक्टर गहरे संकट में है और कंज्यूमर स्पेंडिंग सुस्त पड़ी है. लोग पैसे खर्च करने के बजाय बचत में लगे हैं. इसकी वजह यह है कि वे इकॉनमी को लेकर निश्चिंत नहीं हैं. रियल एस्टेट संकट के कारण पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है. देश की जीडीपी में इस सेक्टर की करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है.

आठ शहरों में मकानों की बिक्री 6% गिरा

नयी दिल्ली । देश के शीर्ष आठ शहरों में मकानों की बिक्री में अप्रैल-जून में पिछली तिमाही की तुलना में छह प्रतिशत की गिरावट आई है. आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने गुरुवार को आवासीय मांग और आपूर्ति के तिमाही आंकड़े जारी किए. प्रॉपटाइगर आरईए इंडिया का हिस्सा है. आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में आवासीय बिक्री छह प्रतिशत घटकर 1,13,768 इकाई रह गई, जबकि इससे पहले जनवरी-मार्च तिमाही में यह 120,642 इकाई थी. हालांकि, अप्रैल-जून में आवासीय बिक्री 42 प्रतिशत बढ़ी, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 80,245 इकाईयां बिकी थीं. आरईए इंडिया के समूह समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विकास वधावन ने कहा, आम चुनाव के कारण अप्रैल-जून में मकानों की मांग में कमी आई, हालांकि मजबूत बुनियादी बातों के कारण रियल एस्टेट निवेश के प्रति उपभोक्ता भावना बेहद सकारात्मक बनी हुई है.

टीसीएस का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई । देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा. एक साल पहले की समान अवधि में टीसीएस का शुद्ध लाभ 11,074 करोड़ रुपये रहा था. टाटा समूह की कंपनी ने गुरुवार को अप्रैल-जून, 2024 तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी करते हुए कहा कि आलोच्य अवधि में उसका राजस्व 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 62,613 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही की तुलना में टीसीएस का शुद्ध लाभ 3.1 प्रतिशत घटा है. प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने एक विज्ञप्ति में कहा, मुझे उद्योगों और बाजारों में चौतरफा वृद्धि के साथ नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत की जानकारी देते हुए खुशी हो रही है. कृतिवासन ने कहा कि कंपनी अपने ग्राहक संबंधों का विस्तार, उभरती प्रौद्योगिकियों में नई क्षमताओं का सृजन और फ्रांस में एआई-केंद्रित टीसीएस पेसपोर्ट, अमेरिका में आईओटी प्रयोगशाला और लैटिन अमेरिका, कनाडा एवं यूरोप में आपूर्ति केंद्रों का विस्तार करने सहित नवाचार में निवेश को जारी रखे हुए है.

तेल, गैस अन्वेषण में 100 अरब डॉलर के निवेश के अवसर : पुरी

- भारत की अन्वेषण तथा उत्पादन क्षमता का अब भी पूरी तरह दोहन नहीं हुआ है

एजेंसी ।नयी दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और किफायती तथा टिकाऊ तरीके से ईंधन उपलब्ध कराने के लिए तेल एवं गैस की खोज तेज करने का आह्वान किया. ऊर्जा वार्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अन्वेषण तथा उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अभिन्न अंग है, जो सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा, ईएंडपी 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है.

पुरी ने कहा कि भारत की अन्वेषण तथा उत्पादन क्षमता का अब भी पूरी तरह दोहन नहीं हुआ है. उन्होंने कहा, मुझे यह अजीब लगता है कि भारत प्रचुर भूवैज्ञानिक संसाधनों के बावजूद तेल आयात पर इतना अधिक निर्भर है. उन्होंने कहा कि भारतीय तलछटी बेसिन में करीब 65.18 करोड़ टन कच्चा तेल और 1138.6 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस मौजूद है. पुरी ने कहा, हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत पर ही अन्वेषण का काम किया जा रहा है, जो वर्तमान बोली समाप्त होने के बाद 2024 के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो जाएगा. उन्होंने कहा, हमारे अन्वेषण प्रयासों का ध्यान अभी तक न खोजे गए संसाधनों की खोज पर केंद्रित होना चाहिए. भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 85 प्रतिशत से अधिक आयात से पूरा करता है. रिफाइनरियों में कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है. उन्होंने कहा, सरकार ईएंडपी में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभा रही है. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने व्यापक सुधार लागू किए हैं, जिससे हितधारकों को हमारे देश की प्रगति में योगदान करने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है. पुरी ने कहा, हमारा इरादा 2030 तक भारत के अन्वेषण क्षेत्र को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का है.

आशंका | इक्रा रेटिंग्स ने कहा, इस साल कंटेनर ढुलाई दरें 2023 की तुलना में बढ़ेगी

वाहन कलपुर्जा उद्योग की वृद्धि दर 5-7% रहेगी

- भारतीय वाहन कलपुर्जा उद्योग की बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक है और इस खंड में वृद्धि की रफ्तार 2024-25 में मध्यम रहने की उम्मीद है

एजेंसी ।मुंबई

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने लाल सागर संकट से माल-ढुलाई की लागत और समय बढ़ने के कारण अगले कुछ तिमाहियों में वाहन कलपुर्जा उद्योग के मार्जिन पर असर पड़ने की आशंका जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में उद्योग वृद्धि मामूली रहने का ही अनुमान है. देश से होने वाले वाहन कलपुर्जा निर्यात का लगभग दो-तिहाई हिस्सा उत्तरी अमेरिका और यूरोप को किया जाता है जबकि इन इलाकों से एक-तिहाई आयात किया जाता है. इक्रा रेटिंग्स ने बयान में कहा, लाल सागर से होने वाले समुद्री परिवहन मार्ग पर व्यवधान के कारण इस साल कंटेनर ढुलाई दरें 2023 की तुलना में दो से तीन गुना बढ़ गई हैं. इसके अलावा वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने की वजह से माल ढुलाई में लगने वाले समय भी दो सप्ताह बढ़ गया है. इसके साथ ही इक्रा का मानना है कि वाहन कलपुर्जा उद्योग की तरलता की स्थिति सुविधाजनक बनी हुई है, खासकर अग्रणी कंपनियों के स्थिर नकदी प्रवाह और आय से इसे समर्थन हासिल है.

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय वाहन कलपुर्जा उद्योग के राजस्व में वृद्धि की दर पिछले वित्त वर्ष के 14 प्रतिशत के उच्चस्तर से घटकर चालू वित्त वर्ष में पांच से सात प्रतिशत तक रह जाएगी. इक्रा लिमिटेड में उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट रेटिंग) और क्षेत्र प्रमुख विनुता एस ने कहा, घरेलू मूल उपकरण विनिर्माताओं की मांग भारतीय वाहन कलपुर्जा उद्योग की बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक है और इस खंड में वृद्धि की रफ्तार 2024-25 में मध्यम रहने की उम्मीद है. यह वृद्धि अनुमान 46 वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है. इन कंपनियों का वित्त वर्ष 2023-24 में कुल वार्षिक राजस्व तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है.

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, वाहनों की उम्र बढ़ने और वैश्विक बाजारों में पुराने वाहनों की बिक्री बढ़ने से विदेशी बाजारों में कलपुर्जों के निर्यात में भी मदद मिलने की उम्मीद है. इक्रा के मुताबिक, कंपनियां क्षमता वृद्धि और आगामी नियामकीय बदलावों के लिए पूंजीगत व्यय नए उत्पादों, प्रतिबद्ध मंचों के लिए उत्पाद विकास और उन्नत प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के विकास पर करेंगी.

ओमकार में 67% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अदाणी विल्मर

एजेंसी ।नयी दिल्ली

प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अदाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी. अदाणी विल्मर, अदाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है. यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है. कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं. अदाणी विल्मर ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है. यह अधिग्रहण तीन-चार महीनों में पूरा होने की उम्मीद है. ओमकार केमिकल्स गुजरात के पनोली में एक विनिर्माण संयंत्र संचालित करती है. अदाणी विल्मर के मुख्य परिचालन अधिकारी सौमिन शेठ ने कहा कि इस अधिग्रहण से कंपनी को ग्राहकों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी.

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट : भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी, भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़ा था

कमी के बावजूद सदी के अंत तक विश्व में सर्वाधिक आबादी वाला देश बना रहेगा भारत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा. बृहस्पतिवार को यहां जारी 'वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024' रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी

2024 में दुनिया की जनसंख्या 8 .2 अरब तक पहुंच जाएगी . आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान वृद्धि जारी रहने का अनुमान .

2080 के दशक के मध्य तक दुनिया की आबादी लगभग 10 .3 अरब हो जाएगी . चरम पर पहुंचने के बाद गिरावट आने का अनुमान

लगभग 10.3 अरब हो जाएगी. हालांकि, चरम स्थिति पर पहुंचने के बाद वैश्विक जनसंख्या में धीरे-धीरे गिरावट आने का अनुमान है और यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी. भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह इसी स्थान पर बना रहेगा. विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है.' रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 2024 में 1.45 अरब तक पहुंच सकती है. वहीं, 2054 में यह बढ़कर 1.69 अरब तक पहुंच जाएगी. इसके अनुसार, यह भी अनुमान है कि सदी के अंत तक 2100 में भारत की आबादी घटकर 1.5 अरब हो जाएगी, लेकिन इसके बावजूद यह दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा.

चीन की जनसंख्या में सबसे अधिक गिरावट

रिपोर्ट के मुताबिक,जापान की आबादी 2.1 करोड़, रूस की आबादी एक करोड़ तक रह जाएगी. चीन में प्रजनन के निरंतर निम्न स्तर के कारण यहां सदी के अंत तक किसी भी देश की तुलना में जनसंख्या में सबसे अधिक गिरावट (78.6 करोड़) होने की संभावना है. वर्तमान में वैश्विक प्रजनन दर प्रति महिला 2.25 जीवित बच्चा है, जो 1990 के 3.31 जन्म से कम है. पाकिस्तान की आबादी साल 2054 तक 38.9 करोड़ पहुंच जाएगी और इसी के साथ पाकिस्तान, अमेरिका को पीछे छोड़कर विश्व का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाएगा. वर्तमान में अमेरिका दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है और इसकी कुल जनसंख्या 34.5 करोड़ है. 2054 में इसकी आबादी 38.4 करोड़ हो जाएगी और यह दुनिया का चौथा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाएगा.

126 देशों व क्षेत्रों में जनसंख्या 2054 तक बढ़ेगी

रिपोर्ट में बताया गया कि इस शताब्दी में दुनिया की जनसंख्या के चरम पर पहुंचने की संभावना 80 प्रतिशत है, जबकि एक दशक पहले संयुक्त राष्ट्र ने इसकी संभावना केवल 30 प्रतिशत ही जताई थी. अब अनुमान है कि वर्ष 2100 में विश्व की जनसंख्या एक दशक पूर्व की अपेक्षा 6 प्रतिशत कम होगी या लगभग 70 करोड़ लोग कम होंगे. लगभग 126 देशों और क्षेत्रों में जनसंख्या 2054 तक बढ़ती रहेगी तथा संभवतः सदी के अंत में या 2100 के बाद अपने चरम पर पहुंच जाएगी. इस समूह में विश्व के कई सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान और अमेरिका शामिल हैं. साल 2023 में, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु की वैश्विक संख्या हाल के इतिहास में पहली बार पांच लाख से नीचे आ गई.

2060 के दशक के आसपास भारत की आबादी चरम पर होगी : संयुक्त राष्ट्र डीईएसए के जनसंख्या प्रभाग की वरिष्ठ अधिकारी क्लेयर मेनोजी ने कहा, 'वर्तमान में भारत की जनसंख्या 1.45 अरब तक पहुंच सकती है और बाद में यह बढ़कर 1.69 अरब भी हो जाएगी. ऐसा माना जा रहा है कि 2060 के दशक के आसपास भारत की आबादी चरम पर होगी और फिर इसमें धीरे-धीरे कमी आनी शुरू हो जाएगी. ऐसे में सदी के अंत तक भारत की जनसंख्या लगभग 1.5 अरब हो जाएगी, लेकिन फिर भी यह दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बना ही रहेगा. चीन की जनसंख्या वर्ष 2054 में घटकर 1.21 अरब तक पहुंच जाएगी.

ब्रीफ खबरें

दलित को पेशाब पिलाने के प्रयास में तीन दबोचे

गोंडा (उप्र)। श्रावस्ती जिले में एक दलित किशोर को बोतल में भरकर कथित तौर पर पेशाब पिलाने के प्रयास के मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है. प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि जिले के गिलौला थाने के रामपुर त्रिभौना निवासी युवक ने नौ जुलाई को एसपी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई थी.

यूपी में मदरसा छात्र पाठशालाओं में पढ़ेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर मुस्लिम छात्र-छात्राओं और गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सभी विद्यार्थियों को बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में प्रवेश देने के आदेश जारी किये हैं. मुस्लिम संगठन जमीयत उलमा-ए-हिंद ने आदेश को 'असंवैधानिक' करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की है. सम्पूर्ण प्रक्रिया के लिये जिलाधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर समितियों का गठन किया जाए.

मप्र के मंत्री फर्जी जाति प्रमाणपत्र केस में फंसे

इंदौर। मध्यप्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल के अनुसूचित जाति (एससी) से ताल्लुक रखने के प्रमाण पत्र को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में याचिका दायर की गयी. याचिकाकर्ता के एक वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. याचिका में आरोप लगाया गया कि टेटवाल ने फर्जीवाड़े के जरिये अपने एससी के होने का प्रमाणपत्र बनवाकर राजगढ़ जिले की सारंगपुर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा.

घटना : नेपाल में भूस्खलन की चपेट में आई दो बसें नदी में बहीं

सात भारतीयों समेत 60 से अधिक यात्री लापता

एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है. लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं. समाचार पोर्टल 'माईरिपब्लिका' की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं. इस बीच, एक अन्य घटना में कास्की जिले में बृहस्पतिवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ में कम से कम 11 लोगों की मौत होने की सूचना है. चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की. यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई. पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डिलक्स में 41 यात्री सवार थे. 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए. पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है.

▪ एक अन्य घटना में कास्की जिले में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ में कम से कम 11 लोगों की हुई मौत

लापता हुए सात भारतीयों में छह की हुई पहचान

पुलिस के मुताबिक, जो भारतीय यात्री भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हो गए, उनमें से छह की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है. हादसे के शिकार सातवें भारतीय की शिनाख्त किया जाना अभी बाकी है. यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है. प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं. प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं. मैं गृह विभाग सहित सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों को खोजने और बचाने का निर्देश देता हूं" प्रचंड ने बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर लोगों से ऐहतियात बरतने की भी अपील की. पुलिस अधीक्षक भावेश रिमल ने बताया कि नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवान बचाव अभियान के लिए घटनास्थल की ओर जा रहे हैं. विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से आए मलबे ने नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर यातायात बाधित कर दिया है.

नेपाल में 59 यात्रियों को ला रहा विमान 'रनवे' पर फिसला, कोई हताहत नहीं

काठमांडू। नेपाल की निजी विमानन कंपनी 'बुद्ध एयर' का एक विमान बृहस्पतिवार की रात लुम्बिनी प्रांत में उतरते समय 'रनवे' पर फिसल गया. एक मीडिया खबर के अनुसार वाहन में 59 लोग सवार थे. घटना में किसी भी यात्री के घायल होने की कोई खबर नहीं है. 'काठमांडू पोस्ट' समाचार पत्र ने रूपान्देही जिला पुलिस प्रवक्ता मनोहर प्रसाद भट्टा के हवाले से बताया कि 'बुद्ध एयर' विमान संख्या 805 बृहस्पतिवार रात लुम्बिनी प्रांत के सिद्धार्थनगर स्थित गौतमबुद्ध हवाई अड्डे पर उतरते समय कीचड़ में फंस गया, जिसके बाद वह 'रनवे' से फिसल गया. उन्होंने बताया कि चालक दल के चार सदस्यों समेत विमान में सवार सभी 59 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. पुलिस ने बताया कि विमान रनवे पर है और हवाई अड्डा अभी बंद है. 'बुद्ध एयर' ललितपुर की एक निजी एयरलाइन है. यह नेपाल के भीतर घरेलू उड़ानों के साथ-साथ भारत, मुख्य रूप से वाराणसी के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करती है.

शाही अंदाज में अनंत की हुई राधिका

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर अनंत अंबानी और राधिका की शादी शाही अंदाज में संपन्न हुई. अनंत शुक्रवार की शाम को अपनी दुल्हन राधिका को ब्याहने इस शान से शादी के वेन्यू पर पहुंचे. उनके परिवार के सदस्य उनका हाथ थामकर अंदर ले गए और मुकेश अंबानी ने बेटे और पत्नी के साथ फोटोग्राफर को पोज दिए. अनंत अंबानी की शादी के लिए जब बारात निकली तो गाड़ियों के आगे बाराती ढोल और ताशे की धुन पर नाच रहे थे. सारा माहौल ऐसा उत्सवमय हुआ कि सब झूम रहे थे. इस शाही शादी में देश-विदेश की मशहूर हस्तियां शामिल हुईं. मालूम हो कि बीते फरवरी से ही इनकी प्री-वेडिंग फंक्शन चल रहे हैं.

'पीड़ा के समय दया उचित है, जैसे सूखे के समय बारिश के बादल'

बम्बई उच्च न्यायालय की महत्वपूर्ण टिप्पणी

▪ जुर्माना नहीं चुका पाने के चलते किसी दोषी की अतिरिक्त सजा न्याय का उपहास

एजेंसी। मुंबई

बम्बई उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है, जो जुर्माना अदा न कर पाने के कारण अपनी सजा पूरी करने के बाद भी जेल में था. अदालत ने कहा कि उसे पूरी अतिरिक्त सजा भुगतने के लिए बाध्य करना "न्याय का उपहास" होगा. न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 27 जून के फैसले में कहा कि "कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने" के लिए व्यक्ति को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए. आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध करायी गई. अदालत ने उस व्यक्ति को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, जो उसे दी गई सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद है. वह निचली अदालत द्वारा

उस पर लगाए गए जुर्माने का भुगतान न कर पाने के कारण अतिरिक्त सजा काट रहा था. उच्च न्यायालय ने कहा कि न्याय के साथ-साथ उदारता भी नैतिक गुणों के दो शिखरों में से एक है. अदालत ने कहा, "न्याय कोई कृत्रिम गुण नहीं है, लेकिन उदारता इसमें अनिवार्य रूप से शामिल है." इसमें कहा गया है कि कानून इस सिद्धांत को मान्यता देता है कि 'पीड़ा के समय दया उचित है, जैसे सूखे के समय बारिश के बादल.' अदालत सिकंदर काले नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवायी कर रही थी, जिसे 2019 में कोल्हापुर में 14 आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया था. 2017 में गिरफ्तारी के बाद से वह हिरासत में था. काले को सभी मामलों में दो साल की सजा सुनायी गई थी और उसकी सजा एकसाथ चलनी थी.

गरीबी के कारण जुर्माना राशि भरने में सक्षम नहीं

मजिस्ट्रेट ने उस पर 2,65,000 रुपये का जुर्माना लगाया और राशि जमा न करने पर अतिरिक्त सजा सुनायी. काले ने अपनी याचिका में कहा कि उसने अपनी सजा पूरी कर ली है, लेकिन चूंकि वह गरीबी के कारण जुर्माना भरने में सक्षम नहीं है, इसलिए उसे नौ साल की अतिरिक्त अवधि के लिए जेल में रहना पड़ सकता है. व्यक्ति ने अपनी अतिरिक्त सजा में कमी का अनुरोध किया. पीठ ने कुछ मामलों में याचिकाकर्ता पर लगाये गए जुर्माने की राशि को कम कर दिया और कहा कि जुर्माना न चुकाने के कारण उसे पहले से ही जो सजा काटनी पड़ी है, उसे अतिरिक्त सजा माना जाएगा. पीठ ने कहा कि काले को 2020 में ही रिहाई मिलनी चाहिए थी, क्योंकि उसे दी गई सजा पूरी हो गई थी, लेकिन जुर्माना न चुका पाने के कारण उसे 2024 तक जेल में रहना पड़ा. अदालत ने कहा कि जुर्माना "कोई छोटी राशि नहीं बल्कि 2,65,000 रुपये की भारी राशि थी."

भारत ने रूस के खिलाफ यूएन में प्रस्ताव पर मतदान से बनाई दूरी

▪ **संयुक्त राष्ट्र** : यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग का 99 देशों ने समर्थन, नौ देशों ने किया विरोध

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में बृहस्पतिवार को उस मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जापोरिज्झिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई है. 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 99 देशों ने उक्त मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में, तो बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया. वहीं, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे. "यूक्रेन के जापोरिज्झिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की रक्षा एवं सुरक्षा" शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव में रूस से "यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तुरंत बंद करने और यूक्रेनी क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस बुलाने की मांग की गई है." रूस जापोरिज्झिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से अपने सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को तत्काल वापस बुलाए तथा संयंत्र की रक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें.

डीयू ने मनुस्मृति पढ़ाने का प्रस्ताव किया खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह ने शुक्रवार को कहा कि एलएलबी छात्रों के लिए मनुस्मृति शुरू करने का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया क्योंकि यह उचित नहीं पाया गया. सिंह ने 'कहा कि शुक्रवार को अकादमिक परिषद की बैठक के एजेंडे की 'पूर्व स्क्रीनिंग' के दौरान प्रस्ताव को रद्द करने के लिए उन्होंने अपनी आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया. कुलपति ने एलएलबी छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को वापस ले लिया और स्पष्ट किया कि शिक्षकों के एक वर्ग द्वारा इस पर आपत्ति जताए जाने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा ऐसा कोई पाठ नहीं पढ़ाया जाएगा. न्यायशास्त्र के पाठ्यक्रम में प्रस्तावित परिवर्तन एलएलबी के सेमेस्टर एक और छह से संबंधित हैं.

प्रचंड विश्वासमत हासिल करने में विफल, ओली नेपाल के नए पीएम

▪ ओली और देउबा बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद साझा करेंगे

एजेंसी। काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए. पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था. इस घटनाक्रम के बाद पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है. पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के बीच हुए समझौते के अनुसार, ओली और देउबा प्रतिनिधि सभा की शेष अवधि के दौरान बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद साझा करेंगे. पहले चरण में ओली डेढ़ साल के लिए प्रधानमंत्री बनेंगे और उसके बाद बाकी अवधि के लिए देउबा प्रधानमंत्री रहेंगे. देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े. विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी. प्रतिनिधि सभा के 258 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया, जबकि एक सदस्य अनुपस्थित रहा.

अमेरिकी राष्ट्रपति बोले पुतिन से इस वक्त बात करने का 'कोई वाजिब कारण नहीं', वह फोन करें तो बात अलग

चीन को रूस के साथ संबंधों के परिणाम भुगतने पड़ेंगे : बाइडन

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद करने के परिणाम चीन को भुगतने होंगे. बाइडन ने साथ ही कहा कि कुछ यूरोपीय देश चीन में अपने निवेश में कटौती करने जा रहे हैं. इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को निशाना साधते हुए कहा कि जब तक राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने व्यवहार में बदलाव नहीं लाते, उनके पास उनसे बात करने का 'कोई वाजिब कारण नहीं' है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शी चिनफिंग (चीन के राष्ट्रपति) इस बात को समझें कि प्रशांत बेसिन के साथ-साथ यूरोप को नुकसान पहुंचाने की कीमत चुकानी

पड़ेगी. यही बात रूस तथा यूक्रेन के मुद्दे पर भी है.' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चीन से निपटने के लिए उनके पास एक रणनीति है. उन्होंने कहा, 'इसके बारे में सार्वजनिक रूप से विस्तार से बात नहीं करूंगा. जब तक चीन, रूस को उसकी अर्थव्यवस्था में मदद करने के मामले में अप्रत्यक्ष समर्थन जारी रखता है और यूक्रेन में लड़ने की उनकी क्षमता में भी मदद करता है आप देखेंगे कि हमारे कुछ यूरोपीय मित्र चीन में अपने निवेश को कम करेंगे.'

रूस को जीतने दिया तो वे यूक्रेन भर में नहीं थमेंगे

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के अंत में पत्रकारों के इस सवाल पर कि क्या वह पुतिन से बात करने के लिए तैयार हैं, कहा, 'मेरे पास अभी पुतिन से बात करने का कोई वाजिब कारण नहीं है. वह अपने व्यवहार में बदलाव लाने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहे. दुनिया में ऐसा और कोई नेता नहीं जिससे मैं संपर्क करने के लिए तैयार नहीं.' बाइडन ने कहा, 'क्या पुतिन बात करने के लिए तैयार हैं? मैं पुतिन से बात करने के लिए तैयार नहीं...' उन्होंने यूक्रेन पर रूस के युद्ध के संबंध में कहा, 'एक बात तय है कि अगर हमने रूस को जीतने दिया तो वे यूक्रेन भर में नहीं थमेंगे. मैं किसी भी नेता से बात करने के लिए तैयार हूं जो बात करना चाहता है. यहां तक की पुतिन से भी लेकिन अगर वह मुझे फोन करें तो. पिछली बार जब मैंने पुतिन से बात की थी तो मैंने कोशिश की थी कि परमाणु हथियारों और अंतरिक्ष से संबंधित हथियार नियंत्रण समझौते पर बात हो लेकिन ऐसा नहीं हो पाया.'

कमला हैरिस राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए 'योग्य' हैं. बाइडन ने बृहस्पतिवार यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है. वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं. इसीलिए मैंने उन्हें चुना.' इस टिप्पणी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'सबसे पहले जिस तरह से उन्होंने महिलाओं की स्वतंत्रता के मुद्दे को संभाला और दूसरा, लगभग किसी भी मुद्दे को संभालने की उनकी शानदार क्षमता इसका कारण हैं.' वर्ष 2020 में अमेरिकी उपराष्ट्रपति के रूप में चुनी जाने वाली 59 वर्षीय हैरिस पहली महिला, पहली अश्वेत अमेरिकी और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी हैं. पिछले महीने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक टीवी बहस में लड़खड़ाने के बाद से यह मांग उठ रही है कि 81 वर्षीय बाइडन को नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की दौड़ से हट जाना चाहिए. हालांकि संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान एक बार फिर फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया.

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मानहानि मामले में राहुल को दी बड़ी राहत

▪ कांग्रेस नेता के खिलाफ नये दस्तावेज जमा करने संबंधी मजिस्ट्रेट का आदेश खारिज

एजेंसी। मुंबई

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए एक मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नये और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी. आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है. मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी. राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी. कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी. न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने कांग्रेस नेता की याचिका मंजूर कर ली. अदालत ने कहा कि याचिका स्वीकार की जाती है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)